फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 150 प्रभात जयपुर, गुरूवार 1 जनवरी, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Elephants, Cheetahs, Zebras, Rhinos, Warthog...**

It was almost mid of September, season was awesome, though there was little water in the Reserve, to support such a great number of large beasts. Mara too was silent and just good enough to provide hiding bush to hippos

**December Aur January Ka Rishta**

The two months recreated as two individuals, two entities, two different personalities, and yet, complementing each other

# ममता बजर्नी विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी असमंजस की स्थिति में हैं

## उनका मुस्लिम वोट बैंक बिखरने सा लग रहा है, अतः हिंदू मतदाता को लुभाने की पूरी कोशिश में हैं, पर, क्या वे चार महीने में इस लक्ष्य तक पहुँच पाएंगी, जबकि, प्रतिस्पर्धा हिंदुवादी भाजपा से है

- ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी की शुरुआत, कांग्रेस छोड़कर की थी तथा उस समय उनकी रणनीति थी, ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस पार्टी के नेताओं को कांग्रेस छुड़वाकर अपनी पार्टी में शामिल करें।
- उनका दूसरा कदम था, कांग्रेस-वामपंथी पार्टियों के मुस्लिम समर्थकों को उनकी मूल पार्टी से अलग कर अपना मुस्लिम वोट बैंक तैयार करना। वे इस रणनीति को भी बखूबी पूरा कर ले गईं।
- पर, उनका मुस्लिम वोट बैंक बिखर रहा है, क्योंकि, मुस्लिम नेताओं की राजनीतिक महत्वाकांक्षा अब जागृत हो गई है और वो लोग अपनी-अपनी पार्टी बनाने की कोशिश में हैं। उदाहरण के लिए, मुर्शिदाबाद के मुस्लिम नेता हुमायूं कबीर। इन मुस्लिम नेताओं की महत्वाकांक्षा को पूरा करने की क्षमता नहीं है, ममता जी में।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसंबर। पश्चिम बंगाल में भले ही विधानसभा चुनाव अभी कम से कम छह महीने दूर हों, लेकिन यहां बड़े राजनीतिक नेताओं की गतिविधियां बहुत तेज हो गई हैं और हर ओर राजनीतिक जोड़-तोड़ दिखाई दे रहा है।

इन्हीं नेताओं में से एक हैं अधीर रंजन चौधरी, जो कभी न सिर्फ राज्य, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता माने जाते थे, और अब वे अपने गृह क्षेत्र मुर्शिदाबाद और आसपास के इलाकों में अपना खोया हुआ प्रभुत्व वापस पाने की कोशिश करते नज़र आ रहे हैं। चौधरी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और बाद में लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता भी रहे हैं।

ममता बनर्जी ने अधीर चौधरी को उनके ही निर्वाचन क्षेत्र में हराने को अपना एकमात्र लक्ष्य बना लिया था और इसके लिए उन्होंने विरोधी दलों के साथ कई गठबंधन किए। नतीजतन अधीर चौधरी अपनी सीट हार गए और उसी के साथ उन्होंने कांग्रेस के केन्द्रीय नेताओं का विश्वास भी खो दिया।

इसके बाद अधीर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। लेकिन उनकी जगह लेने वाला व्यक्ति इस जिम्मेदारी के लिए पूरी तरह अयोग्य साबित हुआ और बंगाल में कांग्रेस लगभग खत्म ही हो गई। ममता के सत्ता में आने के बाद हुए ध्रुवीकरण के चलते कांग्रेस की सारी प्रासंगिकता खत्म हो गई और उसका वोट बैंक भी बिखर गया।

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# सेवाकाल की गणना प्रथम नियुक्ति से करें’

जयपुर, 31 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह दौसा जिले के महुआ ब्लॉक में साल 1997 में तैनात महिला शिक्षक के सेवाकाल की गणना उसकी प्रथम नियुक्ति तिथि से करते हुए उसे समस्त सेवा परिलाभ अदा करे। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सरूपी बाई मीणा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति साल 1997 में तृतीय श्रेणी शिक्षक पद पर हुई थी।

- हाई कोर्ट ने महिला शिक्षक की याचिका पर प्रथम नियुक्ति से सेवा परिलाभ देने के निर्देश दिए।

याचिकाकर्ता ने 4 मार्च, 1997 को कार्यभार भी ग्रहण कर लिया था। बाद में राज्य सरकार ने याचिकाकर्ता को ग्रीष्मावकाश का वेतन नहीं देने का निर्णय लिया और इस अवधि में उसकी सेवा ब्रेक मानी गई। इसके साथ ही उसे एक जुलाई से सेवा में नियमित मानते हुए वार्षिक वेतन वृद्धि, चयनित वेतनमान और वरिष्ठता आदि का लाभ दिया। याचिका में इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति मार्च माह में ही हो गई थी। ऐसे में उसकी

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# सरकार ने वोडाफोन को नए साल जबरदस्त तोहफा दिया

## वोडाफोन की देनदारी, जो लगभग 87,695 करोड़ रुपये है, उसे सरकार ने ‘‘फ्रीज़’’ किया तथा पाँच साल बाद भुगतान आरंभ होगा और इस तरह वित्तीय वर्ष 2031-32 से कंपनी भुगतान की अदायगी शुरु करेगी

- यह माना जा रहा है कि सरकार ने यह रिलीफ पैकेज इसलिए दिया है, क्योंकि इससे ही सरकार अपने ‘‘इन्वेस्टमैंट’’ को सुरक्षित कर सकती है। जैसा कि विदित ही है सरकार की 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी वोडाफोन में है।

- डॉ. सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसंबर। एक और बड़े व्यवसाय की मदद करने के लिए, मोदी सरकार ने वोडाफोन आइडिया को नए साल का तोहफा दिया तथा महत्वपूर्ण राहत पैकेज मंजूर किया है, जिसके तहत कंपनी के लंबित कर्ज का एक बड़ा हिस्सा स्थगित कर दिया गया और भुगतान पर पांच साल का मोरेटोरियम दिया गया है अर्थात 5 साल तक उन्हें भुगतान नहीं करना होगा। यह कदम कर्ज में डूबी इस दूरसंचार कंपनी के लिए एक जीवन रेखा माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के बकाया एडजस्टेड ग्रोस रैवुन्यु (एजीआर) को फ्रीज करने की मंजूरी दी तक जो कि 87,695 करोड़ रुपये तक है। इसमें सबसे उदार और अनुकूल शर्तें दी गई हैं।

इस फैसले के जानकार सूत्रों के अनुसार, कंपनी 2031-32 वित्तीय वर्ष से इन कर्जों का भुगतान शुरू करेगी और पूरे कर्ज को 2040-41 तक निपटा दिया जाएगा।

एजीआर कर्ज वह राशि है, जो दूरसंचार कंपनियां सरकार को समायोजित सकल राजस्व के आधार पर भुगतान करती हैं, जो लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क की गणना का आधार होती है। एजीआर की परिभाषा में ऑपरेटरों द्वारा अर्जित सभी राजस्व शामिल हैं, जिनमें गैर-दूरसंचार आय, जैसे ब्याज, किराया और संपत्ति बिक्री भी शामिल हैं।

सूत्रों ने बताया, इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2017-18 और 2018-19 के एजीआर कर्ज, जो सितंबर 2020 में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद अंतिम रूप से तय किए गए थे, 2025-26 से 2030-31 के बीच बिना किसी संशोधन के चुका दिये जायेंगे।

वोडाफोन आइडिया लंबे समय से एक वित्तीय संकट से जूझ रहा है, जिसका कारण तीव्र मूल्य प्रतिस्पर्धा, भारी कर्ज का बोझ और राजस्व परिभाषा में बदलाव के कारण बढ़े हुये एजीआर कर्ज हैं।

कंपनी लगातार घाटे का सामना कर रही है, इसके ग्राहक आधार में गिरावट आई है और नेटवर्क विस्तार में निवेश करने की क्षमता सीमित हो गई है, जबकि प्रतिस्पर्धी कंपनियां 4 और 5 रोलआउट में आगे बढ़ रही हैं

हालांकि सरकार की कई राहत योजनाओं और कर्ज को इक्विटी में बदलने से ऑपरेटर को बनाए रखने में मदद मिली है, लेकिन इसके दीर्घकालिक दृष्टिकोण अब भी नीति

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# अजित पवार ने की भाजपा की खुली अवहेलना

## भाजपा की आपत्ति के बावजूद नवाब मलिक के तीन रिश्तेदारों को बीएमसी चुनाव में टिकट दिया

- अजित पवार ने नवाब मलिक को मुम्बई में एनसीपी की चुनाव प्रबंध समिति का चेयरमैन नियुक्त किया था, जिस पर भाजपा ने आपत्ति जताई, क्योंकि मलिक पर आरोप है कि उन्होंने दाऊद इब्राहिम के परिजनों व रिश्तेदारों से जमीन के सौदे किए हैं। इस संबंध में मलिक को ईडी ने गिरफ्तार भी किया था।
- लेकिन अजित पवार ने भाजपा की नाखुशी की लेश मात्र भी परवाह नहीं की, उल्टे नवाब मलिक के भाई, बहिन और भतीजी को बीएमसी चुनावों में टिकट दे दिया।
- ज्ञातव्य है कि बीमएसी चुनावों में भाजपा एकनाथ शिंदे और अठावले की पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। अजित पवार को साथ नहीं लिया गया है।

- जाल खंबाता -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली 31 दिसम्बर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी के अध्यक्ष अजीत पवार ने भाजपा को तगड़ा झटका देते हुए, पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक के परिवार के तीन सदस्यों को मुंबई नगर निगम के चुनाव में उम्मीदवार के रूप में नामित किया है।

पवार ने मलिक को मुंबई के लिए एनसीपी की चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था। भाजपा ने मलिक के नाम पर आपत्ति जताई है, क्योंकि उनके खिलाफ अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहीम के रिश्तेदारों और सहयोगियों के साथ संपत्ति सौदों में लिप्त होने के आरोप हैं।

प्रसंगवश बता दें कि मलिक की बेटी सना मलिक मुंबई की अणुशक्ति नगर सीट से एनसीपी की विधायक हैं।

बृहन्मुम्बई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी), जिसमें 227 निर्वाचन क्षेत्र हैं, में भाजपा, जो महा युति-एनडीए गठबंधन का नेतृत्व कर रही है, शिंदे के नेतृत्व वाली शिव सेना और अन्य पार्टियों, जैसे रामदास अठावले के नेतृत्व वाली आरपीआई (अठावले) के साथ गठबंधन कर रही है, जबकि एनसीपी को छोड़ दिया गया है।

एनसीपी के मुंबई में 100 से

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# दिल्ली ने सबसं ठंडे दिसंबर का 11 साल पुराना रिकॉर्ड तोडा

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। नये साल से ठीक पहले राजधानी दिल्ली कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गयी और बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान गिरकर 14.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह बीते 11 वर्षों में दिसंबर महीने का सबसे कम अधिकतम तापमान है।

- साल के आखिरी दिन दिल्ली में अधिकतम तापमान 14.2 डिग्री सैंटिग्रेड दर्ज किया। दिल्ली में सन् 2014 में दिसंबर में इतना कम तापमान दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग के मुताबिक, इससे पहले दिसंबर 2014 में 14.0 डिग्री सेल्सियस का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। पिछले 24 घंटों में तापमान में सात

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# संघ की मदद से मोदी की जगह प्र.मंत्री बनने का ख्वाब संजोए हैं चंद्रबाबू

## भागवत की हालिया तिरुपति यात्रा में भागवत व चंद्रबाबू के बीच जो निकटता दिखी, उससे अटकलों का बाज़ार गर्म है

- नायडू की सोच है कि मोदी 75 वर्ष के हो गए हैं, इसलिए भागवत उन्हें पद छोड़ने को कह सकते हैं, उसके बाद भागवत नायडू का नाम आगे बढ़ा सकते हैं।
- मजे की बात है कि नायडू, जो मोदी से 5 माह बड़े हैं, पहले ही 75 के हो चुके हैं, पर, चंद्रबाबू व उनके समर्थकों का कहना है कि 75 साल का नियम भाजपा पर लागू होता है उन पर नहीं।
- अंदरूनी सूत्रों से पता चला है कि संघ नेतृत्व भाजपा में हालिया हुए फेरबदल से खुश नहीं है, खासकर बिहार के एक विधायक नितिन नबीन को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने से। संघ को भी इस फैसले की सूचना अंतिम क्षणों में दी गई थी।
- नायडू के करीबी सूत्रों ने बताया कि उनकी भाजपा-आरएसएस के इकोसिस्टम पर पैनी नज़र है और अगर उन्हें मौका मिला तो वे राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी भूमिका निभाने से हिचकेंगे नहीं।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसंबर। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्र बाबू नायडू नरेन्द्र मोदी के बाद प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं और उनका मानना है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत उनकी इस महत्वाकांक्षा को पूरा कर सकते हैं, क्योंकि वे मोदी को 75 वर्ष की उम्र में राजनीति से संन्यास लेने का आदेश दे सकते हैं, जो उम्र सीमा उन्होंने अन्य वरिष्ठ नेताओं, जैसे लाल कृष्ण आडवाणी के लिए तय की थी।

इस प्रकार, नायडू और भागवत के बीच की नज़दीकी को एक संभावित महत्वपूर्ण राजनीतिक स्थिति के रूप में देखा जा रहा है। तिरुपति में भागवत से हाल की हुई उनकी मीटिंग और फिर अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन ने आंध्र प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक समीकरणों में बदलाव की तीव्र अटकलों को जन्म दिया है।

नायडू, मोदी से पांच महीने बड़े हैं, और वे अप्रैल में 75 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं, जबकि मोदी ने यह उम्र सितंबर में हासिल की। लेकिन टीडीपी के नेताओं का कहना है कि 75 वर्ष की आयु सीमा केवल भाजपा नेताओं पर लागू है, न कि नायडू पर। ज्ञातव्य है कि भागवत भी मोदी से छह दिन बड़े हैं, क्योंकि वे 11 सितंबर 1950 को जन्मे थे।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि नायडू की गतिविधियों को विचार-विमर्श के बाद के सावधानीपूर्ण संकेत माना जा सकता है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के लोगों से कम से कम तीन बच्चे पैदा करने की अपील की है, जिसके कारण एक बहस भी शुरु हो गई है।

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# भारत ने निमेसुलाइड दवा पर बैन लगाया

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को ऐसी सभी ओरल दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें निमेसुलाइड की मात्रा 100 मिलीग्राम से अधिक है।

- यह दवा बुखार तथा दर्द में दी जाती है पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसके साइडइफैक्ट्स को देखते हुए इस पर रोक लगाने का सुझाव दिया था, जिस पर भारत सरकार ने अमल किया है।

मंत्रालय ने एक वर्ष पहले ही मवेशियों के लिए भी इसे प्रतिबंधित कर दिया था। स्वास्थ्य अधिकारियों ने

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# ‘यूक्रेन, रूस का लक्ष्य नहीं, बल्कि चिंगारी है, बड़े विस्फोट का रास्ता प्रशस्त करने के लिए’

## यूक्रेन के इंटैलिजैंस चीफ, ले.जनरल कायरीलो बुडानोव ने चेतावनी दी कि राष्ट्रपति पुतिन बड़े और व्यापक युद्ध की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें पूरा यूरोप ही नहीं, बल्कि सभी नाटो देश, रूस से सीधे टक्कर में आ जाएंगे

- ले.जनरल बुडानोव के अनुसार, पहले रूस ने इस सामरिक युद्ध के लिए 2030 का समय मुकर्रर किया था, अब इस डैडलाइन का पुनर्निर्धारण किया गया और यह विस्फोट 2027 में करना तय किया गया है।
- ले.जनरल बुडानोव के अनुसार, मॉस्को की इस महत्वाकांक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का आधार है, यह मानना कि वह एक साम्राज्य है और साम्राज्य को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए अपना प्रभाव व राज्य का विस्तार करते रहना जरूरी है।

- सुकुमार साह -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसंबर। कूटनीति ठप हो गई है और यूक्रेन युद्ध का समाधान दूर-दूर तक नज़र नहीं आ रहा, इसी बीच कीव से एक डरावनी चेतावनी आई है। यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि यूक्रेन युद्ध भले ही एक छोटे युद्ध का प्रारंभ हो, पर एक बड़े और कहीं अधिक खतरनाक वैश्विक टकराव की ओर बढ़ सकता है।

यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल कायरिलो बुडानोव ने चेतावनी दी है कि राष्ट्रपति व्लादिमीन पुतिन एक बड़े युद्ध की तैयारी कर रहे हैं, जो यूरोप को अपनी चपेट में ले सकता है और नाटो को रूस के साथ सीधे सैन्य टकराव में घसीट सकता है। यह वास्तविक संभावना पैदा कर रहा है कि तीसरा विश्व युद्ध इस दशक के भीतर या शायद इससे भी जल्द छिड़ सकता है।

बुडानोव के अनुसार, रूस की युद्ध योजनाएँ यूक्रेन तक सीमित नहीं हैं। उनका दावा है कि मॉस्को, नाटो-समर्थित देशों को निशाना बनाकर यूरोप में संघर्ष को बढ़ाने की योजना बना रहा है, जिसका उद्देश्य शक्ति के माध्यम से महाद्वीप की सुरक्षा व्यवस्था को नया आकार देना है। खुफिया मूल्यांकन का सबसे डरावना पहलू यह है कि रूस 2027 तक नाटो और यूरोपीय संघ के तीन सदस्य देशों- एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया को कब्जे में लेने की योजना बना रहा है।

बुडानोव ने कहा कि रूस की योजना 2030 तक इस कार्यवाही के लिए तैयार होने की थी, लेकिन अब क्रेमलिन ने अपनी योजनाओं को तेज़ कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी, ‘‘समय सीमा में संशोधन किया गया है।’’ ‘‘रूस ने अब 2027 तक युद्ध के लिए तैयार होने का लक्ष्य तय किया है।’’

कथित युद्ध योजनाओं के तहत, तीन बाल्टिक राज्य पूरी तरह से कब्जे में ले लिए जाएंगे। पोलैंड, इस बीच, अलग तरह से देखा जा रहा है, इसे वह क्षेत्र माना जाता है, जिस पर कब्जा किया जाए, बल्कि इसे सैन्य हमलों का लक्ष्य माना जाता है, जो नाटो संचालन को समर्थन देने की उसकी क्षमता को नष्ट करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। बुडानोव ने जोर देकर कहा कि पोलैंड पर तत्काल कोई रूसी आक्रमण का संकेत नहीं हैं, लेकिन यह मॉस्को के निशाने पर है।

नाटो सदस्य पर कोई भी हमला कहीं अधिक गंभीर परिणामों का कारण बनेगा, इसका प्रभाव पूर्वी यूरोप के पार तक होगा। इस तरह के हमले से नाटो चार्टर के आर्टिकल 5 को लागू किया जाएगा, जो एक सदस्य पर हमले को सभी पर हमले के रूप में मानता है और इसके साथ ही सभी सहयोगी देशों को बल का प्रयोग करने के लिए बाध्य करता है। व्यावहारिक रूप से इसका मतलब होगा, रूस और नाटो गठबंधन के बीच सीधा सैन्य टकराव, एक पूर्ण-स्तरीय विश्व युद्ध की शुरुआत के रूप में देखा जाता है।

बुडानोव ने मॉस्को की महत्वाकांक्षाओं को ऐतिहासिक संदर्भ में प्रस्तुत किया। माना जाता है कि ‘‘एक साम्राज्य का अस्तित्व रहे, इसके लिए हमेशा विस्तार करना होता है, प्रभाव

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# इंदौर में दूषित जल से अब तक 12 मौत

इंदौर, 31 दिसंबर। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीले पानी से हुई मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को पांच माह के अव्यान साहू की मौत हो गई। इसके अलावा, एक बुर्जुग की मौत भी हुई है। बुधवार को भी नए मरीज सामने आए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अब तक 1100 मरीजों का इलाज किया जा चुका है। भागीरथपुरा में बुधवार को कुछ अन्य मौतें भी हुई, लेकिन स्वास्थ्य विभाग मौत की वजह डायरिया नहीं मान रहा है। अब तक जहरीले पानी से 12 लोगों की मौत हो चुकी है। मौत के चार नए मामले बुधवार को सामने आए है।

- इस मामले में हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर हुई है। हाई कोर्ट ने प्रशासन से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

( शेष पृष्ठ 6 पर )

## विचार बिन्दु

**धैर्यवान मनुष्य आत्मविश्वास की नौका पर सवार होकर आपत्ति की नदियों को सफलतापूर्वक पार कर जाते हैं। –भर्तृहरि**

# बॉडी फिट तो माइंड हिट : मोदी का फिटनेस मंत्र युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय समय पर देशवासियों को फिटनेस का सन्देश जरूर देते है। मन की बात के इस वर्ष के आखिरी एपिसोड में भी उन्होंने की चर्चा और कहा, आप को भी रहना है। ठंडी का ये मौसम व्यायाम के लिए बहुत उपयुक्त होता है, व्यायाम जरूर करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 साल की उम्र में एकदम फिट और ऊर्जावान हैं। मोदी का खानपान, योगाभ्यास और अनुशासित दिनचर्या उनकी तंदुरुस्ती के पीछे का असली मंत्र है। मोदी की फिटनेस युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। मोदी अपनी सुबह की शुरुआत योगासन, सूर्य नमस्कार, ध्यान, वॉक और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज से करते हैं। यह उनकी मेंटल हेल्थ के साथ फिजिकल हेल्थ का भी ध्यान रखते हैं। मोदी अन्य लोगों को भी योग करने के लिए प्रेरित करते हैं। फिटनेस को हमारे रोज़मर्रा के जीवन का अहम हिस्सा बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा 29 अगस्त, 2019 को फिट इंडिया मूवमेंट शुरू किया गया था। इस मूवमेंट का मिशन अपने व्यवहार में बदलाव लाना और शारीरिक रूप से सक्रिय जीवनशैली की ओर बढ़ना है। सरकार ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिट इंडिया मूवमेंट, पोषण अभियान, ईट राइट इंडिया और खेलो इंडिया सहित कई पहल शुरू की है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्व स्थय जन-जीवन सुनिश्चित करना है।

शरीर को स्वस्थ और फिट रखने की कोशिशें एक बार फिर परवान पर है। हमारी भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल और खानपान की गलत आदतों की वजह से हमारी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। स्वास्थ्य का ठीक से ख्याल न रखने की वजह से हमारे शरीर में तनाव, थकान, चिड़चिड़ाहट जैसी कई मानसिक और शारीरिक बीमारियां घेर लेती हैं जिससे हमारा तन-मन दूषित हो जाता है। इसके साथ ही शरीर भी बेडोला हो जाता है। शुरू में हम अपने शरीर और स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान नहीं देते जब पानी सिर से ऊपर निकल जाता है और हम कई प्रकार की व्याधियों के शिकार हो जाते है तो हमें अपने शरीर को फिट रखने के लिए योग और प्राणायाम का ध्यान आता है। विभिन्न शोध रिपोर्टों में साफतौर पर इंगित किया गया है कि आजकल की भागदौड़भरी और व्यस्त लाइफस्टाइल ने बच्चे से बुजुर्ग तक को समय से पूर्व ही शारीरिक रूप से अपंग करके रख दिया है। यदि हम चेतावनियों के बावजूद नहीं सुधरे तो स्वस्थ जीवन जीना भूलना होगा। आईसीएमआर डेटा में इस बात का खुलासा हुआ है। आजकल आर्थराइटिस जैसी जोड़ों की बीमारियां उम्र तक सीमित नहीं रह गई हैं बल्कि शारीरिक रूप से काम न करना भी इस बीमारी के बोझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के आंकड़ों बताते हैं कि 54 फीसदी लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में रुचि नहीं है। इस सरकारी एजेंसी द्वारा की गई स्टडी के अनुसार लोग यात्रा और मनोरंजन से जुड़ी शारीरिक गतिविधियों के मुकाबले काम में ज्यादा समय बिताते हैं। आलसी जीवनशैली, कसरत न करना या प्रोफेशनल की देखरेख के बिना कसरत करने से युवाओं के जोड़ों के लिगामेंट में दिक्कतें होने लगती हैं। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और संतुलित करने के लिए सुबह एक्टिव और शाम को आरामदायक बनाना जरूरी है। ऐसा करने से दिन में अधिक काम किया जा सकता है और शाम को आराम मिलता है, इससे शरीर में कोर्टिसोल का लेवल बढ़ता है और वे दिनभर एक्टिव रहते है। हर खाने में प्रोटीन जरूरी है। वह अपने 99.9 प्रतिशत भोजन में प्रोटीन शामिल करते हैं, चाहे वह शाकाहारी हो या मांसाहारी। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन थाली में हमेशा किसी न किसी रूप में प्रोटीन मौजूद होता है। हेल्दी और फिट रहने के लिए सप्ताह में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग बहुत ही जरूरी है। एक भी सप्ताह स्ट्रेंथ ट्रेनिंग नहीं छोड़नी चाहिए। यह मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए वजन, रेजिस्टेंस बैंड या अपने शरीर के वजन का उपयोग किया जाता है। इस ट्रेनिंग को रेज़िस्टेंस ट्रेनिंग भी कहा जाता है। इस ट्रेनिंग में वेट का इस्तेमाल करके बॉडी में मौजूद मसल स्ट्रेंथ को बढ़ाया जाता है। स्ट्रैंगथट्रेनंगिस्टैमिना को बेहतर बनाने में मददगार है। इस ट्रेनिंग को अगर आप अपने लाइफस्टाइल में शामिल करते हैं तो इसके और कई फायदे भी उठा सकते हैं।

> **शुरू में हम अपने शरीर और स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान नहीं देते जब पानी सिर से ऊपर निकल जाता है और हम कई प्रकार की व्याधियों के शिकार हो जाते है तो हमें अपने शरीर को फिट रखने के लिए योग और प्राणायाम का ध्यान आता है। विभिन्न शोध रिपोर्टों में साफतौर पर इंगित किया गया है कि आजकल की भागदौड़भरी और व्यस्त लाइफस्टाइल ने बच्चे से बुजुर्ग तक को समय से पूर्व ही शारीरिक रूप से अपंग करके रख दिया है। यदि हम चेतावनियों के बावजूद नहीं सुधरे तो स्वस्थ जीवन जीना भूलना होगा।**

एक वैश्विक शोध रिपोर्ट के मुताबिक बदलती जीवनशैली के चलते दफ्तर और वर्क फ्रॉम होम में घंटों बैठे रहकर काम करने और फिर घर में निष्क्रिय जीवन जीने से मानव शरीर में जंग लगने लगा है और हम बीमारियों का आसान शिकार बनते जा रहे हैं। यह स्थिति तब और भी ज्यादा बिगड़ जाती है जब उम्र 25 पार करती है। चालीस की उम्र में आते-आते ज्यादातर लोग आजकल बेहद अनफिट हो जाते हैं। ऐसे में कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने, ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल के नॉर्मल न रह पाने, हड्डियों के भुरभुरा होने, मसल्स में तकलीफ होने, तनाव, डिप्रेशन, मोटापा आदि जैसी समस्याएं घर करने लगती हैं। डिप्रेशन तनाव, चिंता और उदासी का बहुत बड़ा कारण बनता है, जो जल्द ही आपके जीवन पर असर करना शुरू कर देता है। इससे पहले कि यह गंभीर रूप धारण कर लें, डिप्रेशन से निपटने के उपाय करने चाहिए। इससे निपटने का सबसे प्रभावी और प्राकृतिक तरीका शारीरिक गतिविधि है।

व्यस्त जीवन शैली के कारण आजकल कमर दर्द एक मुख्य समस्या बनती जा रही है। ज्यादातर मामलों में कमर के निचले हिस्से में दर्द की शिकायत बहुत ज्यादा बढ़ती जा रही है। इस बारे में कई तरह के शोध किए जा चुके हैं। कई अनुसंधान के बाद यही नतीजे मिलते हैं कसरत या अन्य कोई भी शारीरिक गतिविधि लगातार करते रहने से कमर के निचले हिस्से में होने वाले दर्द (लोअर बैक पैन) को 16 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। यह शोध ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ताओं ने बताया हैं कि टहलना, कठिन व्यायाम, तथा अन्य शारीरिक गतिविधियों से कमर दर्द को कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं के विश्लेषण से यह नतीजा सामने आया है कि निरंतर व्यायाम करने से कमर के निचले हिस्से में होने वाले असहनीय दर्द को कम किया जा सकता है। इसके अलावा भी अन्य तरह की शारीरिक गतिविधियां दर्द से राहत दिलाती हैं। वर्तमान दौर में दिन भर एक ही जगह बैठे रहने से इस तरह की बीमारियों का जन्म हुआ हैं।

तेज चलना, बागवानी या भारोत्तोलन आपका वजन कम करने के अलावा आपको खुश भी रख सकते हैं। शोध में इसका खुलासा हुआ है कि आपकी शारीरिक गतिविधियों की निरंतरता और उन्हें करने की क्षमता आपकी खुशी के स्तर को बढ़ाती है। शोधकर्ताओं के एक दल ने पाया कि एक सप्ताह में एक बार शारीरिक श्रम करने वाला एक सामान्य वजन का वयस्क बिना शारीरिक श्रम के पूरा सप्ताह गुजारने वाले समान वजन के वयस्क की अपेक्षा 1.4 गुना ज्यादा खुश रहा जबकि सामान्य से अधिक वजन का वयस्क 1.5 गुना ज्यादा खुश रहा।

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है तो हमारे शरीर के काम करने की क्षमता धीमी हो जाती है। हमारे शरीर की हड्डियां के दोबारा बनने और रिपेयर होने की क्षमता कम होने लगती है। हमारे घुटनों के जोड़ में मुलायम टिश्यू मौजूद होते है, जिसे कार्टिलेज कहते है। यह मांसपेशियों को सहारा देते हैं और इससे गतिविधियां करने में आसानी होती है। यह एक तरह से शॉकआब्जॉर्बर का काम करते हैं। समय के साथ यह मुलायम टिश्यू घिसने लगते हैं, जिससे जोड़ों में जगह बनने लगती है और इससे जांघ और शिनबोन में घिसाव होने लगता है।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# आयकर का आधार जब वार्षिक आय हो तो मासिक वेतन से कटौती का क्या औचित्य?



**प्रो.वीर बहादुर सिंह**

लेखक वर्ष 1962 से भिन्न-भिन्न जगहों पर एक महाविद्यालयी अध्यापक रहा है और मेरा आयकर से सामना भी नौकरी आरम्भ करते ही हो गया। आरम्भ में नियुक्ति ऐसी जगह थी जहाँ आयकर के बारे में जानकार कोई नहीं था इसलिए आयकर विवरणी भरने के लिए चार पांच साथी लोग बैठ कर आपस में विचार कर विवरणी भरते थे और टैक्स जयपुर जो हमारे कॉलेज से साठ किलोमीटर दूर था, वहां पंजाब नेशनल बैंक में जमा कर और उसकी पावती विवरणी के साथ आयकर अधिकारी, जयपुर रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजते थे।

ऐसा करते उस पध्यति में एक बार मेरी गलती से टोटल मे पच्चीस रुपये की गलती हो गई। मैनें हड़वड़ाहट में जयपुर जाकर तीस रुपये चालान से बैंक में जमा कर दिए और लौट कर फिर क्रमानुसार उसकी पावती को एक पत्र के साथ आयकर अधिकारी को जयपुर डाक से भेज दिया। कुछ दिनों पश्चात् मेरे पास पच्चीस रुपये का डिमांड नोटिस आयकर विभाग से प्राप्त हुआ। चूँकि मैनें अपनी गणना की गलती का सुधर पहले ही कर लिया था फिर भी आयकर विभाग से पच्चीस रूपए का डिमांड नोटिस मेरे पास आ गया। चूँकि मैं वित्त, राजस्व अथवा अन्य किसी अकाउंट विषय का जानकार नहीं था मेरे लिए विभिन्न धाराओं का संधर्व लिखे डिमांड नोटिस किसी अपराधी को कोर्ट से सुनायी सजा से कम नहीं था।

उस कॉलेज में मुझे सांत्वना देने वाला भी कोई नहीं था वे सभी मेरे जैसे ही थे। अगले दिन एक आकस्मिक अवकाश की अर्जी देकर मैं जयपुर गया, ऑफिस में जाकर पता चला कि इस कार्य को देखने वाले छुट्टी पर हैं। अन्य किसी ने भी उसमे मेरी मदद नहीं की। खैर ,कुछ दिन पश्चात् एक और कैसुअल लीव इस काम को भेंट कर जयपुर गया और पुनः असफल होकर वापस लौट आया। उस समय मोबाइल फ़ोन की सुविधा तो थी नहीं लैंड लाइन भी सुलभ नहीं थे, मेरे कॉलेज में लेवल एक टेलीफोन डीन के ऑफिस में हुआ करता था।

उस पर किसकी जुर्रत जो उसे समय असमय उपयोग में ले ले। खैर, तीसरी बार मैनें फिर जयपुर जाकर आयकर के नोटिस को निष्प्रवाभी कराना था परन्तु इस बार भी सम्बंधित व्यक्ति तो नहीं मिले लेकिन मुझे बड़े आयकर अधिकारी बैठे मिल गए। मैनें उन्हें अपना दुखड़ा रोया जो सज्जन यह काम देखते हैं।

वे मुझे मेरे तीन बार यहाँ आनें पर भी नहीं मिले। मेरी तीन कैसुअल लीव बेकार हो गई मैं भी आपकी तरह ही सरकारी कर्मचारी हूँ। वे फिर उठे और मेरे से चालान की प्रति लेकर सम्बंधित चैम्बर में जाकर वहां रखे एक अति विशाल रजिस्टर को खोल कर और मेरे नाम का पेज निकाल चालान की प्रति उस रजिस्टर में रख दी और मुझे कह दिया अब नोटिस नहीं आएगा आप जा सकते हैं। इस पूरे घटनाक्रम को मुझे बताने की जरुरत इसलिए पड़ी कि देश की आम जनता की राय में आयकर विभाग शुरू से ही असंवेदनशील और भ्रष्ट रहा है। आयकर दाता को परेशान करने में उसे आत्मसंतुष्टि का भान होता है ऐसा लोगों ने बताया ।

अब एक दूसरा दृष्टांत जो फिलहाल ही लेखक को झेलना पड़ा। प्रधान मंत्री के नाम से चालू एक वरिष्ठ फिक्स्ड जमा योजना के नाम से आकर्षित होकर मैनें भी बैंक ऑफ़ बड़ौदा में एक खाता खोला, इस सुविधा के साथ कि त्रैमासिक व्याज उसी ब्रांच में मौजूद मेरे बचत खाते में क्रेडिट करें। अक्टूबर 2024 में आरम्भ करते व्याज की दो क़िस्त दिसंबर 2024 और मार्च 2025 में बचत खाते में क्रेडिट तो की गई लेकिन उन दोनों से टीडीएस कटौती लगभग 20 से 22 प्रतिशत की दर से पहले ही कर ली गईं, जिसका विवरण बैंक द्वारा 31 मार्च 2025 पश्चात् दिए गए स्टेटमेंट में इंद्राज न तो ब्याज का था और न ही टीडीएस का। यह कोई गलती नहीं बल्कि जानकार कंप्यूटर पर बैठे व्यक्ति ने किया। मैनें भी सभी सम्बंधित पेपर एकत्रित कर अपने सी ए को आयकर विवरणी दाखिल करने के लिए दे दिए और सभी वांछित औपचारिकताएं पूरी कर आईटीआर की प्राप्ति सुचना की प्रति प्राप्त कर ली।

वर्ष 1970 से आज तक मैनें किसी वर्ष आयकर रिटर्न बिलम्ब से नहीं भरा। आयकर रिटर्न जमा करने के पश्चात् मैंने बैंक जाकर अपनी बचत खाते की पास बुक प्रविष्टियां पूरी करवाई तो मुझे मालुम हुआ सम्बंधित फिक्स्ड जमा का न तो ब्याज इंद्राज किया और न ही उस पर काटे गए टीडीएस का कहीं जिक्र। 84-85 साल की आयु में मैं मानसिक तौर पर भी परेशान हो गया। काफी हाय-तोबा करने पर मैनेजर ने मुझे केवल दो इंस्टॉलमेंट व्याज का स्टेटमेंट दिया लापरवाही से अनापसनाप कटे टैक्स का भी इंद्राज था।

जब मैनें उनसे पूंछा कि ये आंकड़े बैंक द्वारा दिए वित्त वर्ष 2024-25 स्टेटमेंट में क्यों नहीं आये? घबड़ाकर उन्होंने काउंटर पर जाकर कुछ और निर्देश दिए लेकिन मुझे उचित उत्तर नहीं मिल सका। तत्पश्चात इसकी शिकायत मैंने बैंक के डिविशनल मैनेजर और ऑपरेटिंग मैनेजर को भी की। उनकी दखलनदाजी से बैंक को दुबारा अपना विवरण आयकर विभाग को भेजना पड़ा क्योंकि पहले के विवरण में न तो व्याज और न आयकर कटौती दर्शाई गई थी। जिनके आधार पर मैं अपनी आयकर विवरणी दाखिल कर चुका था लिखने का मेरा मकसद केवल इतना है कि बैंक के अधिकारी आयकर कटौती के बारे में फौरी तौर पर कार्य निपटाते हैं जिससे ऐसी गंभीर त्रुटियाँ होती हैं और टैक्स देनेवाला परेशान होता है। और देश के आयकर विभाग की जिस तस्वीर का जिक्र मैनें ऊपर किया है वह सही साबित होती है।

भारत सरकार को सही अर्थों में यदि जनता की खुशहाली की मंशा रखती है और देश के आयकरदाता को सहूलियत देने की मंशा रखती है तो सरकार में बैठे सम्बंधित अधिकारिओं और मंत्रिओं को अपने दिमाग से यह भ्रम साफ़ करना होगा कि जनता बेईमान है जबकि इसके विपरीत सरकार में बैठे सचिव और मंत्री भ्रष्ट हैं ऐसा केवल मैं नहीं बल्कि सुप्रीमकोर्ट के एक पूर्व जज ने भी आपकी अदालत के मंच से यह बात कही थी।

सरकार ने उनकी बात को कोई तब्जो नहीं दी। फिर मेरी तो क्या हस्ती है? हां, मेरे जैसे अन्य भी यदि इस लेख को पढ़ेंगे तो उन्हें संतोष होगा कि वे इस महामारी के अकेले शिकार नहीं हैं। देश की आबादी 140 करोड़ पर प्रधान मंत्री जी गर्व तो करते हैं लेकिन उनसे अपना वित्त विभाग ही सही से नहीं संभलता। वर्तमान में लागू सभी आयकर श्रेणीआं वैज्ञानिक न होकर असंगत, दृष्टिविहीन और देश की जनता को मूर्ख समझ गढ़ी गई हैं। सांख्यकी विषय के सिद्धांतों का श्रेणी बनाते समय ध्यान नहीं दिया गया। बिभिन्न श्रेणिओं के आपस में न तो कोई उचित अंतराल है और न ही प्रत्येक श्रेणी के फैलाव में। अच्छा होता सरकार का वित्त विभाग देहली में पूसा स्थिति सांख्यकी संसथान से अपने सुझाव जचवा लेते।

उन्होंने खुद को सभी प्रकार से दक्ष और विवेकशील मानकरअसंगत आयकर श्रेणिओं को लागू करवा दिया। वित्त मंत्री और वित्त सचिव से यह आशा की जाती है कि वे स्वंग को विश्व में सबसे काबिल मानकर न चलें।कल्पित भ्रम में न रहेंऔर अपनी हंसी नहीं करवाएं। अन्यों की दशा और सुझावों को भी समुचित समझ ग्रहण कर स्थान दें ।

अंत मैं मेरा सुझाव है कि: 1. आयकर को पूर्णतः समाप्त किया जाय नहीं तो यह विभाग देश की ईमानदार जनता को भी शनेःशनेः बेईमान और भ्रष्ट बनाकर ही दम लेगा। कुछ वर्षों पूर्व भी इसी अखवार के सम्पादकीय पेज पर मेरा एक आयकर पर लेख छप चुका है। 2. आयकर नियमों और कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करना वांछित है। देश की जनता को ईमानदार मान कर चले बेईमान नहीं, जब तक कि कोई अन्यथा साबित न हो जाय। 3. अभी भी आयकर की बिभिन्न श्रेणीआं हैं। जो भी छूट देनी है उसे सीधे दर्शाया जाय न की वर्तमान व्यवस्था जहाँ मदारीनुमा कलाबाजी कर बारह लाख से अधिक आय होने पर गड़ना तीन लाख से शुरू होती है क्यों भाई क्यों?


श्रेणीओं और आयकर दरें ऐसी हों जिससे नागरिक उत्तरोत्तर अगली श्रेणी में जाकर टैक्स भरता रहे। जिन्होंने 13 लाख आय अर्जित की है तो उन्होंने गुनाह कर दिया क्या, उन्हें 12 लाख आय पर ही कमाना बंद कर देना चाहिए? देश के सच्चे नागरिक पर अधिक कमाई करने पर पावंदी है क्या? जिससे भी बन पड़े आयकर दाता यह पूंछे क्या यह न्याय संगत है? 4. आय कर समाप्त कर कोई और कर व्यवस्था सोची जाय जिसमें अधिकारिओं की विशाल फौज से निजात मिले और उन पर हो रहे करोडों के धन को देश के किसी अन्य जन हितेषी कार्य में लगाया जा सके। वर्तमान व्यवस्था को चलाये रखने से क्या कोई महान गणतज्ञ श्री रामानुजन बनकर नोबेल का प्रत्याशी तो नहीं बन सकता यह निश्चित है?

नोबेल का प्रत्याशी होना वर्तमान में सुगम लगता है वनस्पति एक ईमानदार वित्त सचिव अथवा मंत्री? ईश्वर देश के लोगों को सही राह दिखाए, यही कामना है। जिससे नागरिकों के मानसिक स्तर में वृद्धि संभव् हो। आखिर में वित्त विभाग के सभी अधिकारिओं को देहली के पूसा स्तिथि सांख्यकी संस्थान में कम से कम एक बार ओरिएंटेशन अवश्य कारंवाना चाहिए। ताकि वे अपनी प्रशासनिक सोच में वैज्ञानिक और मानवीय दृष्टिकोण को भी समावेश कर सकें।

**-प्रो.वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति एवं डेरी व खाद्य विज्ञ**

# मोबाइल पर महाभारत: मोबाइल के ख़तरों को लेकर समाज का चिंतन कितना सही, कितना गलत !

## सामाजिक क्षेत्र की बात करें तो व्यक्ति ने इसके उपयोग के चलते खुद को समाज से काट लिया है, वह अपने पारिवारिक परिवेश को छोड़ मोबाइल की दुनिया में ही खोया रहता है



**मिश्रीलाल पंवार**

इन दिनों मोबाइल को लेकर देश में अलग ही महाभारत छिड़ी हुई है। एक तरफ मोबाइल के ख़तरों को लेकर समाज का एक वर्ग चिंतित हैं। आजकल युवतियों के घर से भाग जाने की घटनाएं बहुत हो रही है और इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि इसके पीछे मोबाइल की बड़ी भूमिका रहती है। समाज सब देख-समझ रहा है। मगर कर कुछ नहीं पा रहा है। हालात यह है कि परिवार के बुजुर्ग घर की बेटियों को लेकर हर घड़ी आशंका में घिरे रहते है।

शायद इसी का परिणाम है कि राजस्थान के जालोर जिले में पिछले दिनों पंचायत ने फरमान सुनाते 15 गांव की बहू-बेटियों पर कैमरे वाला फोन यूज करने पर बैन लगा दिया था। इतना ही नहीं सार्वजनिक समारोह से लेकर पड़ोसी के घर पर भी फोन ले जाने पर पाबंदी लगा दी गई थी। खांप पंचायत ने महिलाओं एवं युवतियों को लिए स्मार्ट फोन की जगह की-पैड फोन उपयोग में लेने का फरमान जारी कर दिया।

दरअसल जालोर जिले के चौधरी समाज सुंधामाता पट्टी की गाजीपुर गांव में बैठक हुई थी। 14 पट्टी के अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में समाज की बहू-बेटियों के लिए ये निर्णय लिया गया था। बैठक में पंच हिम्मताराम ने फैसला पढ़कर सुनाया था। उनका कहना है कि देवाराम कारनोल वालों ने ये प्रस्ताव रखा था। इसमें सभी पंचों और लोगों ने चर्चा करते हुए निर्णय लिया कि 15 गांवों की बहू-बेटियां फोन पर बात करने के लिए की-पैड वाला फोन रखेंगी। इसके साथ ही पढ़ाई करने वाली बच्चियों को मोबाइल रखना अगर जरूरी होगा तो वे अपने घर में ही मोबाइल से पढ़ाई करेंगी। यानि वे घर में ही मोबाइल का यूज कर सकेंगी साथ ही शादी समारोह, सामाजिक कार्यक्रम और पड़ोसी के घर पर भी मोबाइल नहीं ले जा सकती हैं। ये नियम पट्टी में आने वाले जालोर जिले के गजीपुरा, पावली, कालड़ा, मनोजिया वास, राजीकावास, दातलावास, राजपुरा, कोड़ी, सिदरोड़ी, आलड़ी, रोपसी, खानादेवल, साविधर, भीनमाल के हाथमी की ढ़ाणी व खानपुर में लागू होना था।

खांप पंचायत का यह आदेश 26 जनवरी से लागू होना था। मगर होनी को तो कुछ और ही मंजूर था। इसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे देश में हाहाकार मच गया। कथित बुद्धिजीवी एवं प्रबुद्ध लोग हाथ धोकर खांप पंचायत के पीछे पड़ गए। सोशल मीडिया सहित प्रिंट मीडिया पर इसका इतना ज्यादा विरोध हुआ कि खांप पंचायत से जुड़े लोगों के हाथ-पांव फूल गए। परिणाम यह हुआ कि खांप पंचायत ने घबराकर अपना फरमान वापस ले लिया।

इधर इन्हीं दिनों मद्रास हाई कोर्ट की मदुरई पीठ ने आस्ट्रेलिया की तर्ज पर 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए इंटरनेट मीडिया के उपयोग को नियंत्रित करने की सलाह दे दी। मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने ऑस्ट्रेलिया में बने एक नए कानून का हवाला देते हुए यह अहम् टिप्पणी की।

कोर्ट ने कहा कि जब तक ऐसा कानून लागू नहीं होता, तब तक राज्य और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बच्चों में बाल अधिकारों और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य योजना तैयार करें। जस्टिस जी. जयचंद्रन और केके रामकृष्णन की पीठ ने यह टिप्पणी तब की, जब याचिकाकर्ता एस. विजयकुमार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने एक नए आस्ट्रेलियाई कानून का हवाला दिया और कहा कि भारत को भी ऐसा कानून लागू करना चाहिए। चुंकि यह कोर्ट का मामला था, इसलिए कथित बुद्धिजीवी इस मामले में कुछ नहीं बोल पाए। उन्हें जैसे सांप सूंघ गया।

यह सच है कि आजकल मोबाइल फ़ोन हमारे जीवन का अभिन्न अंग हो गया है। व्यक्ति खुद को अपने मोबाइल फ़ोन से दूर नहीं रख पाता। हालांकि मोबाइल फ़ोन का अविष्कार वर्तमान में व्यक्ति के लिए वरदान है। इसके जितने फायदे हैं, उतना ही हानि है। टेक्नोलॉजी ने मनुष्य को विभिन्न पहलुओं पर लाभ व सहायता तो प्रदान की है, परंतु साथ ही विभिन्न प्रकार की हानियाँ, विनाश, शारीरिक एवं मानसिक कष्ट भी पहुँचाया हैं। हर दम इससे चिपके रहना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं है।

हमारे स्वास्थ्य पर मोबाइल फ़ोन का बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके अधिक उपयोग से व्यक्ति में चिड़चिड़ापन आ जाता है। सिर दर्द ओर नेत्र संबंधित समस्या होने की शिकायत बढ़ रही है। अनिंद्रा व मोबाइल के हानिकार रेडिएशन से हृदय संबंधित रोग भी हो सकते हैं। आजकल बूढ़े हो या जवान, बच्चे हो या महिला हर आयु का व्यक्ति मोबाइल से चिपका रहता है। गेम खेलना, फिल्म देखना, संगीत सुनना, डांस देखना, सोशल मीडिया चलाना, सेल्फी लेना, व्हाट्सएप प्रयोग करना, इंटरनेट ब्राउजिंग करना, ई लर्निंग, ऑनलाइन शॉपिंग करना, मैच देखना, आदि भिन्न भिन्न प्रकार की गतिविधियों में समाज का हर वर्ग लिप्त हैं।

सामाजिक क्षेत्र की बात करें तो व्यक्ति ने इसके उपयोग के चलते खुद को समाज से काट लिया है वह अपने पारिवारिक परिवेश को छोड़कर मोबाइल की दुनिया में ही खोया रहता है। वह व्यक्तियों से मिलना जुलना बंद कर देता है। शारीरिक क्षति की बात करें तो मोबाइल के उपयोग ने बहुत सारी शारीरिक समस्याओं को जन्म दिया है जैसे-आंखों की रोशनी पर प्रभाव पड़ना और चश्मे का लग जाना। व्यक्ति की एकाग्रता पर प्रभाव पड़ना। पढ़ने में मन ना लगना इत्यादि अनेक बातें हैं, जिनकी गणना करना संभव नहीं है। इसका इस्तेमाल से सड़क दुर्घटना भी हो रही है। व्यक्ति फोन पर बात करते हुए वाहन चलाते हैं जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। इसमें व्यक्ति की मृत्यु तक हो जाती है।


इसका सबसे ज्यादा प्रभाव हमारी आने वाली पीढ़ी पर देखने को मिल रहा है बच्चों ने आउटडोर गेम खेलना बंद कर दिया है। वह पूरे समय मोबाइल में ही वीडियो देखने एवं गेम खेलने में लगे रहते हैं। इससे उनको बहुत कम ही उम्र में आंखों की रोशनी चली जाती है और उन्हें चश्मा लगवाना पड़ता है।

सोशल अवेकनिंग के संस्थापक और सीईओ मैक्स स्टॉसेल, जो प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के स्वस्थ उपयोग को बढ़ावा देने वाला एक समूह है, माता-पिता को सलाह देते हैं कि वे बच्चों को कम से कम आठवीं कक्षा तक स्मार्टफोन न दें। इस रिपोर्टर द्वारा करवाए गए एक सर्वे में यह बात भी सामने आई है कि जो युवतियां घर से भाग कर अपनी मर्जी से शादियां रचाई है, वह सब मोबाइल का ही परिणाम है। खांप पंचायत के निर्णय के पीछे पड़ने वालों ने कारण जाने बगैर बखैड़ा खड़ा कर दिया। उस निर्णय पर गहन मंथन भी हुआ होगा। वहां जितने भी लोग मौजूद थे, वे सब अनुभवी वृद्धजन थे। समाज में हो रही घटनाओं से आहत थे। उनकी मंशा महिलाओं पर अंकुश लगाने की नहीं बल्कि समाज को मोबाइल के दुष्परिणाम से बचाने की रही होगी।

बहरहाल भारी विरोध को देखते हुए खांप पंचायत ने अपना फैसला वापस ले लिया है, मगर मोबाइल पर हो रही महाभारत अभी रुकने वाली नहीं है।

**–मिश्रीलाल पंवार,**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार है )**

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**गुरूवार 1 जनवरी, 2026**

पौष मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 10:48 तक, शुभ योग सायं 5:31 तक, कौलव करण दिन 12:05 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृष, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरू-धनु, शुक्र-धनु, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

रवियोग रात्रि 10:48 से आरम्भ होगा। आज प्रदोष व्रत, रोहिणी व्रत और नववर्ष दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:38 तक, चर 11:13 से 12:30 तक, लाभ-अमृत 12:30 से 3:05 तक, शुभ 4:23 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:40 तक

### मेष




नवीन कार्यों के संबंध में संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

### वृष




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से संपन्न होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

### कर्क




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### सिंह




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### कन्या




धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में शुभ और मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### तुला




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। व्यावसायिक कार्यों में परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

### वृश्चिक




परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

### धनु




स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### कुंभ



घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# ‘राजस्थान में सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे घर, लहलहा रही फसलें’

## प्रदेश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 35 हजार मेगावाट से अधिक हुई

**जयपुर** (कासं)। नववर्ष का सूरज प्रदेश के लिए नई उम्मीदों की किरणें लेकर आया है। विषम भौगोलिक हालात व मौसम के प्रचण्ड प्रकोप की मार झेलने वाला राजस्थान अब सूरज के विकास रथ पर सवार होकर आगे बढ़ रहा हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में आमजन के घर सूर्यघर बन रहे हैं। सौर ऊर्जा से मिल रहे पानी से खेतों में सिंचाई हो रही है। बढ़ती सौर ऊर्जा क्षमता के साथ देश में नम्बर वन राज्य के रूप में राजस्थान नए साल में प्रवेश कर रहा है।

ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब राजस्थान को कोयले की किल्लत के कारण बिजली संकट का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष में 320 दिन मिल रहे सूर्य के प्रकाश को प्रदेश का ऊर्जा परिदृश्य बदलने का जरिया बनाया। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए तेजी से नीतिगत निर्णय किए गए, निवेश में आने वाली बाधाओं को दूर किया गया और भूमि आवंटन की प्रक्रियाओं को सुगम बनाया गया।

इससे परियोजनाएं समय पर पूरी होने लगी जिससे 2 साल में ही प्रदेश की सौर ऊर्जा क्षमता बढ़कर दोगुनी हो चुकी है और राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

वर्तमान में प्रदेश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 35 हजार 910 मेगावाट पहुंच चुकी है, जो देश की कुल सौर क्षमता का लगभग 27 प्रतिशत है। बीते दो वर्षों में राज्य की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में 18 हजार मेगावाट से अधिक की वृद्धि हुई है। भूमि पर लगी देश की 1 लाख मेगावाट स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में से 31 हजार मेगावाट का योगदान राजस्थान का है। राजस्थान इस प्रगति से देश के सोलर हब के रूप में मजबूती से उभर रहा है।

विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने पीएम कुसुम योजना और पीएम सूर्यघर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। जिसका परिणाम यह हुआ कि पीएम कुसुम में स्थापित ऊर्जा क्षमता दो साल में 122 मेगावाट से बढ़कर 2629 मेगावाट हो गई। कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के अन्तर्गत प्रदेश की गांव-ढाणियों में 2 हजार 629 मेगावाट क्षमता से अधिक की ग्रिड कनेक्टेड 1 हजार 201 लघु सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। इनमें कम्पोनेंट-ए के अंतर्गत 478 मेगावाट क्षमता के 368 प्लांट तथा कम्पोनेंट-सी में 2 हजार 151 मेगावाट क्षमता के 833 प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। इस तरह स्थापित ऊर्जा क्षमता में कम्पोनेंट-ए में राजस्थान प्रथम स्थान पर और कम्पोनेंट-सी में तीसरे स्थान पर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली देने का वादा किया था। आज राजस्थान के 22 जिलों के किसानों को दिन में बिजली मिलने लगी है। सौर ऊर्जा का इसमें बड़ा योगदान है। पीएम कुसुम योजना के सभी कम्पोनेंट्स से 2 लाख 83 हजार से अधिक किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली मिल रही है। बीते दो साल में पीएम कुसुम कम्पोनेंट-बी में 58 हजार 361 सोलर पम्पसैट की स्थापना की गई है। सस्ती सौर ऊर्जा मिलने से किसानों की डीजल पंपों पर निर्भरता कम हुई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर घर को ऊर्जादाता बनाने की पहल पर शुरू की गई पीएम सूर्यघर योजना में भी राजस्थान देश में 5वें स्थान पर है। आमजन रूफटॉप पर सोलर पैनल लगाकर ना केवल मुफ्त बिजली प्राप्त कर रहे हैं बल्कि अतिरिक्त बिजली से आर्थिक लाभ भी कमा रहे हैं। प्रदेश में 481 मेगावाट क्षमता के 1 लाख 20 हजार 162 रूफटॉप सोलर संयंत्र पीएम सूर्यघर योजना में लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत अब तक कुल 1948 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए जा चुके हैं। पीएम सूर्यघर योजना में रूफटॉप सोलर स्थापित करने वाले उपभोक्ताओं को 824 करोड़ की केन्द्रीय सब्सिडी वितरित की जा चुकी है।

सौर ऊर्जा से घरेलू उपभोक्ताओं की बचत बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना की शुरूआत की है। अक्टूबर माह में पंजीकरण शुरू होने के बाद अब तक 2 लाख 69 हजार से अधिक उपभोक्ता 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना से जुड़ने के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं। इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा अपने घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वाले पात्र उपभोक्ताओं को 17 हजार रूपए की राज्य सब्सिडी हस्तांतरित की जाती है। राज्य सब्सिडी की यह राशि पीएम सूर्यघर योजना में देय अधिकतम 78 हजार रूपए की केन्द्रीय सहायता के अतिरिक्त है।

प्रदेश में पीक ऑवर्स में अब तक अधिकतम डिमांड 19 हजार 165 मेगावाट रही है, जो 2030 तक 25 हजार 48 मेगावाट होना अनुमानित है।

- **सौर ऊर्जा के कारण आमजन को महंगी बिजली से मिल रही राहत, घट रही कोयले पर निर्भरता**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के त्वरित और दूरदर्शी निर्णयों से राजस्थान की सोलर हब के रूप में बन रही वैश्विक पहचान**

# आई.पी.एस. प्रफुल्ल कुमार और राघवेन्द्र सुहासा बने एडीजी

## 9 आईपीएस आईजी रैंक पर प्रमोट हुए, 11 बने डी.आई.जी.

- **राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के 40 अफसरों को दिया पदोन्नत**

**जयपुर** (कासं)। भारतीय पुलिस सेवा (आई.पी.एस.) के 2001 बैच के वरिष्ठ अधिकारी प्रफुल्ल कुमार और राघवेन्द्र सुहासा को राज्य सरकार ने पदोन्नति देकर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बनाया है। उन्हें महानिरीक्षक पुलिस वेतन श्रृंखला से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है। राज्य सरकार ने 31 दिसंबर को आदेश जारी कर 40 आई.पी.एस. अधिकारियों को पदोन्नति दी है।

इसी प्रकार वर्ष 2008 बैच के 9 आई.पी.एस. अधिकारियों को उपमहानिरीक्षक से महानिरीक्षक वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया है। इस आदेश से लवली कटियार, डॉ. प्रीति चंद्रा, राहुल कोटोकी, डॉ. विकास पाठक, डॉ. राहुल जैन, ओमप्रकाश द्वितीय, राजेश सिंह, राजेन्द्र प्रसाद गोयल और कालूराम रावत अब पुलिस महानिरीक्षक (आई.जी.) होंगे।

इसी तरह वर्ष 2012 बैच के 11 आई.पी.एस. अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा की चयन वेतन श्रृंखला से उपमहानिरीक्षक (डी.आई.जी.) वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है। इनमें आईपीएस राशि डोगरा डूडी, ममता गुप्ता, पूजा अवाना, आदर्श सिद्धू, डॉ. किरन कैंग सिद्धू, जय यादव, अभिजीत सिंह, शांतनु कुमार सिंह, देवेन्द्र कुमार विश्नोई, विनीत कुमार बंसल, नारायण टोगस शामिल है।

इसी प्रकार वर्ष 2013 बैच के 9 आई.पी.एस. अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा की कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला से चयन वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है। इनमें तेजस्वनी गौतम, चूनाराम जाट, मनीष त्रिपाठी, सुधीर जोशी, राज कुमार चौधरी, सुरेन्द्र सिंह, संजीव नैन, नरेन्द्र सिंह और योगेश गोयल शामिल है। इसी तरह वर्ष 2017 बैच के 3 आईपीएस को वरिष्ठ वेतन श्रृंखला से कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला (लेवल-12) में पदोन्नत किया है। इनमें राजर्षि राज वर्मा, शैलेन्द्र सिंह इंदोलिया और वंदिता राणा शामिल है। इसी तरह वर्ष 2022 बैच के 6 आईपीएस को कनिष्ठ वेतन श्रृंखला से वरिष्ठ वेतन श्रृंखला में पदोन्नित दी है। इनमें उषा यादव, विनय कुमार डी.एच, पंकज यादव, आदित्य काकड़े, विशाल जांगिड़ और शिवानी शामिल है।

# सेवा परिलाभ और वरिष्ठता वापस लेने के आदेश पर रोक

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक ही भर्ती में बाद में नियुक्त प्रबोधकों को दिए सेवा परिलाभ सहित अन्य नोशनल परिलाभों को वापस लेने के राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने मामले में शिक्षा सचिव, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक और अलवर डीईओ सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश लक्ष्मण सिंह राजपूत व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने प्रबोधक पद के लिए भर्ती निकाली थी। जिसमें कुछ अभ्यर्थियों को साल 2009 में नियुक्ति मिली थी। वहीं याचिकाकर्ताओं को कई सालों बाद साल 2017 में नियुक्ति दी गई। वहीं साल 2018 में उन्हें अदालती आदेश की पालना में पूर्व में लगे अन्य प्रबोधकों के समान सेवा परिलाभ व अन्य नोशनल परिलाभ दिए गए। याचिका में कहा गया कि गत 3 नवंबर को शिक्षा विभाग ने साल 2018 में दिए आदेश को वापस ले लिया और इस अवधि में दिए गए वेतन को अधिक बताकर उसकी रिकवरी निकाल दी। इसे अदालत में चुनौती देते हुए कहा गया कि एक भर्ती में अलग-अलग समय पर नियुक्त हुए अभ्यर्थियों को एक समान वेतन परिलाभ और वरिष्ठता दी जाती है।

# क्लेम राशि नहीं देने पर बीमा कंपनी पर हर्जाना

- **बीमा राशि ब्याज सहित अदा करने के आदेश**

**जयपुर** (कासं)। जिला उपभोक्ता आयोग क्रम 2 ने बीमित वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसकी बीमा राशि अदा नहीं करने पर बीमा कंपनी इफको टोकियो पर पचास हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही आयोग ने बीमा क्लेम के रूप में 8.32 लाख रुपए परिवाद पेश करने की तिथि से 9 फीसदी ब्याज सहित परिवादी के पक्ष में अदा करने को कहा है। आयोग अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीना और सदस्य अजय कुमार व सुप्रिया अग्रवाल ने यह आदेश कबूल चन्द सैनी के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि वाहन के फोटोग्राफ से यह प्रतीत होता है कि दुर्घटना में वाहन टोटल लॉस हो गया था। ऐसे में सर्वेयर की रिपोर्ट को ठीक नहीं माना जा सकता।

परिवाद में अधिवक्ता गोपाल शास्त्री ने आयोग को बताया कि परिवादी ने विपक्षी बीमा कंपनी से साल 2016 में अपना वाहन का बीमा कराया था। वहीं बीमा अवधि के दौरान जनवरी 2017 उसके वाहन की दुर्घटना हो गई। इस पर परिवादी ने क्षितग्रस्त वाहन को कंपनी के वर्कशॉप में भेजकर बीमा कंपनी को समस्त दस्तावेज उपलब्ध करा दिए। परिवाद में कहा गया कि बीमा कंपनी ने सितंबर, 2017 में बीमा क्लेम को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि परिवादी ने समय पर बीमा कंपनी को सूचना नहीं दी। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि आईआरडीए ने बीमा कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं कि घटना की जानकारी देरी से देने के आधार पर क्लेम के दावे को खारिज नहीं किया जाए। इसके बावजूद भी बीमा कंपनी ने उसके क्लेम को खारिज कर दिया। ऐसे में उसे बीमा राशि और हर्जाना दिलाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने बीमा कंपनी पर हर्जाना लगाते हुए बीमा राशि ब्याज सहित अदा करने को कहा है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ने की मुलाकात

**जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत ने मोती डूंगरी गणेशजी के दर्शन कर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट की। कुमावत ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया।

## सहकारिता मंत्री गौतम दक ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**जयपुर**। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम दक ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई की। मंत्री गौतम दक ने बताया कि भाजपा में कार्यकर्ता को सदैव प्राथमिकता दी जाती है। कार्यकर्ताओं के कार्यों को संगठन के माध्यम से सत्ता के मंत्री प्राथमिकता दे रहे है, इससे क्षेत्र का विकास तेजी से होगा और क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को भी नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसी मंशा के साथ पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई शुरू की है, इसके परिणाम भी अब आना शुरू हो गए है। सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि कार्यकर्ता सुनवाई में आने वाले परिवादों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं की सुनवाई सरकार में होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यकर्ताओं की समस्याएँ दूर होंगी और उनके क्षेत्र की जन समस्याओं का समाधान होगा तो संगठन मजबूत होगा और संगठन मजबूत होगा तो सरकार भी सुदृढ़ बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई की जा रही है, वहीं मंत्रियों के निवास पर जनसुनवाई पूर्व की भांति निरंतर सुचारू है। प्रदेश के आमजन कभी भी मंत्रियों के निवास पर जनसुनवाई में आ सकते है। प्रदेश कार्यालय में आने वाले कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा कार्यालय सचिव मुकेश पारीक भी उपस्थित रहे।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर दूध वितरण

**जयपुर**। मालवीय नगर वॉर्ड 131 के एक प्रमुख चौराहे पर नववर्ष के उपलक्ष में दूध वितरण का कार्यक्रम किया गया। पार्षद गोविन्द छीपा ने कहा कि दूध दही वाले हमारे भारत देश में मादक पदार्थों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर विधायक काली चरण सराफ, सुमन शर्मा, सन्नी कपूर, गंगा राम सैनी, गणेश सैनी, राम कृपाल, नीरजा सक्सेना सहित अनेक गणमान्य नागरिक और आमजन उपस्थित रहे।


**कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर**
सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003
क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2025/1682/K-122 दिनांक-29.12.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार शर्मा एवं संजीव कुमार शर्मा पुत्रान श्री रामस्वरूप शर्मा ने मकान नं. 1214 तीतर वालो की गली, बाबा हरीश चन्द मार्ग चांदपोल बाजार जयपुर का 69-क, के तहत स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान के आदेश क्रमांक 7062 दिनांक 15.11.2022 के अनुसार आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व संबंधित दस्तावेजों की फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का स्वयं का क्षेत्रफल 62.94 वर्गमीटर का 69-क, के तहत पट्टा चाहा है। उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी/गैर सरकारी संस्था भवन/दुकान के अन्य हिस्सेदार, मालिकों या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।
उपायुक्त, किशनपोल जोन, नगर निगम (जयपुर)

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/1117
चूंकि प्रार्थी श्री BACHCHALAL MEENA BHOPUR KARAULI ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास प्रभात सर्वांगीण विकास सेवा संस्थान हिण्डौन सिटी 84/85 CHANIKYAPURI JAGATPURA JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 29.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 09.03.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 100/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री रामावतार योगी ने पंजीकृत प्रन्यास तीन पहाड शक्ति स्थल ट्रस्ट मेहन्दीपुर बालाजी तहसील सिकराय, दौसा जिसका पंजीयन क्रमांक 1/2015 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रपत्र-8 प्रस्तुत किया जिसमें उनके द्वारा प्रन्यासी श्री शिव प्रसाद, श्री मुरारी योगी, श्री मदनलाल, श्री मन्नालाल, श्री बनवारी लाल श्री कमल पोषवाल की मृत्यु हो जाने के कारण उनके नाम प्रन्यास विधान से हटाने तथा उनके स्थान पर श्री गजेन्द्र पोषवाल, श्री राजेन्द्र कुमार पोषवाल, श्री नरेश कुमार, श्री रविन्द्र कुमार पोषवाल श्री योगेश कुमार, श्री रविन्द्र कुमार श्री संतोष योगी को स्थायी प्रन्यासी मनोनीत कर उनके नाम प्रन्यास विधान में दर्ज अभिलेख किये जाने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 08.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 12.01.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**महाराणा प्रताप गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर (राज.)**
**आम सूचना** दिनांक-30.12.2025
समिति की योजना वृंदावन धाम में प्लाट नं. 160 एवं 161 श्रीमति मिनाक्षी वर्मा के नाम थे। जो कहीं गुम हो जाने के कारण समिति कार्यालय में प्लाटों के डुप्लीकेट पट्टे बनाने हेतु निवेदन किया है इसकी रिर्पोट पुलिस थाने में दर्ज कराकर दैनिक भास्कर अखबार में 5 अगस्त 2025 खोया पाया में दे दी है।
इसमें किसी को ऐतराज हो तो सात दिवस में समिति कार्यालय में आपत्ति दर्ज करावें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। डुप्लीकेट आवंटन पत्र बना दिये जावेंगे।
मंत्री
महाराणा प्रताप गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर (राज.)

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य विकास यादव पुत्र श्री रमेश यादव निवासी प्लाट नम्बर-22, शिव विहार कॉलोनी, खातीपुरा जयपुर-302012 राजस्थान ने प्लाट नंबर 152-ए, श्याम सरोवर, सिवाड़, जयपुर राजस्थान जिसकी नाप 20 फीट बाई 45 फीट है। जिसका कुल क्षेत्रफल 100.0 वर्गगज के भूखण्ड को क्रय कर अपने नाम पर आवंटन पत्र जारी करवा लिया है। यह कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड से किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी या वित्तीय संस्था आदि को कोई आपत्ति या एतराज हो या उक्त भूखण्ड कहीं रहन, दान, बंधक हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति मय असल दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, उक्त समयावधि व्यतीत होने के उपरान्त कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा अभिभाष्य उक्त भूखण्ड को स्वयं के कब्जे में लेकर परिवार सहित निवास करने के लिए स्वतंत्र होगा। सूचित रहे।
दिनांक-31.12.2025 नरेन्द्र सिंह शेखावत, एडवोकेट
जरिये श्री अम्बे लॉ एसोसिएट्स, मो.-8619859995

**कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जयपुर (शहर)**
कमरा नं. 608, पांचवी मंजिल, मिनी सचिवालय, बनीपार्क, जयपुर
Email ID: drjpr.coop@rajasthan.gov.in Phone No. 0141-2200836
क्रमांक: -: सार्वजनिक नोटिस:- दिनांक:
(अन्तर्गत राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा -9 (1)
धनश्री क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., जयपुर (पंजीयन संख्या- 963/LC दि. 27.06.2016) ने दिनांक 04.11.2025 को समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन कर समिति का पंजीकृत पता- 02-ए, सूरज नगर, पंडित जी की थड़ी के पास, मनोहर होटल के सामने, कालवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर के स्थान पर समिति का नया पंजीकृत पता: प्लाट नं. 31 फर्स्ट फ्लोर, श्रीराम नगर विस्तार, 100 फीट रोड, जागृति मैरिज गार्डन के सामने, कालवाड़ रोड़, झोटवाडा, जयपुर-302012 (राज.) किये जाने निर्णय पारित कर राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा-9 एवं 10 के तहत समिति के पंजीकृत पते में किये गये संशोधन को पंजीकृत किये जाने हेतु इस कायलिय को आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः इस नोटिस के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस सोसायटी के पते में परिवर्तन से किसी को कोई आपत्ति हो तो एक माह के भीतर-भीतर उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ, जयपुर (शहर) के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। एक माह के पश्चात किसी प्रकार की आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सोसायटी के पूर्व पंजीकृत पते के स्थान पर आवेदनानुसार सोसायटी के पंजीकृत पते में संशोधन को स्वीकार कर सोसायटी की उपविधियों में तदनुसार संशोधन कर दिया जायेगा। सूचित रहे।
(शिरीष वि. चान्दे), उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ, जयपुर (शहर)

**नाम परिवर्तन**
मैं विशाल सिंह गुर्जर पुत्र बदन सिंह गुर्जर जाति गुर्जर निवासी अकबरपुर तहसील श्री महावीर जी जिला करौली राजस्थान बहलफ बयान करता हूं कि यह कि अनुज सिंह मेरा सगा पुत्र है जिसकी माता का नाम हेमलता पिता का नाम विशाल सिंह गुर्जर जन्मतिथि 25.12.2012 है। यह कि मेरे पुत्र के विद्यालय प्रवेश के समय मेरे पुत्र की माता का नाम गलती से हेमलता देवी दर्ज करवा दिया था व जन्मतिथि 02.08.2013 दर्ज कर दी थी। जो कि गलत है सहवन से दर्ज हो गयी थी जबकि मेरे पुत्र की माता का सही नाम हेमलता जन्मतिथि 25.12.2012 है जो सही व सत्य है। जो मेरे पुत्र के जन्मप्रमाण में दर्ज है। मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड में मेरे पुत्र की माता का गलत नाम हेमलता देवी के स्थान पर हेमलता दर्ज कर तथा जन्मतिथि 02.08.2013 के स्थान पर 25.12.2012 संशोधन करवाना चाहता हूं।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**
क्रमांक-न.पा.फु/2025-26/2587 **आपत्ति सूचना** दिनांक-31.12.2025
एतद् द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | आवंटी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती पुष्पा देवी पत्नि श्री विजय कुमार शर्मा | श्री दीनदयाल दाधीच पुत्र श्री रामवतार शर्मा | आवासीय भूखण्ड नं. 28 वाके गणेश विहार विस्तार फेज 1, फुलेरा | 197.50 | नामान्तरण |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार नामान्तरण के अन्तर्गत आवासीय पट्टा/ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधाहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

**कार्यालय नगर निगम जयपुर**
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर
क्रमांक :- जसअ/2025/391 दिनांक: 29.12.2025
**ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 35-41/2025-26**
जयपुर नगर निगम के विभिन्न कार्यो हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2526WSOB02324 To JMC2526GLOB02345 पर देखी जा सकती है।
उपायुक्त (गैराज)
नगर निगम जयपुर
राज.संवाद/सी/25/16805

**कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला - अजमेर (राज)**
क्रमांक/नपकि/विकास/2025/2729 दिनांक 24.12.2025
**ई-निविदा सूचना संख्या - 31/2025-2026**
नगर परिषद किशनगढ की ओर से नगर परिषद किशनगढ एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार निर्धारित श्रेणी सिविल कार्यो में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 30.12.2025 को 04:00 पी.एम. से तथा प्राप्त करने की अन्तिम दिनांक 14.01.2026 को 06:00 पीएम तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
यूबीएन नं. DLB2526A9608
आयुक्त
नगर परिषद्, किशनगढ़
राज.संवाद/सी/25/16836

**खोया पाया**

मैं आलोक गोयल पुत्र श्री अशोक गोयल मेरे द्वारा पंचशील कॉलोनाइजर प्राइवेट लिमिटेड से एक प्रॉपर्टी जिसका Priority no. 504 पंचशील पार्क महला अजमेर रोड के मूल एग्रीमेंट वह पेमेंट रिसिप्ट कहीं खो गई है मिलने पर सूचित करें-8209718046

मेरा पट्टा विजय सिंह पुत्र महताब सिंह दादा ससुर के नाम से मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति जुपर द्वारा जारी प्लाट नंबर 11 स्कीम नंबर-3, सीकर रोड जयपुर का अलॉटमेंट लेटर, साइटप्लान, रसीद और हकत्याग जयपुर में कहीं गुम हो गए है मिल तो सूचित करें-8302019723

मेरे प्लॉट नं. 14 चौधरी कॉलोनी करतारपुरा के समिति द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र साइड प्लान रसीद व मूल विक्रय पत्र कहीं गुम हो गया मिलने पर संपर्क करें श्रीमती अनीता पत्नी श्री योगेश बहादुर सक्सेना 9887292190

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम पूजा के स्थान पर पूजा जैन धर्मपत्नी विपिन जैनरख लिया है यह दोनों नाम मेरे ही है भविष्य में मुझे पूजा जैन के नाम से जाना पहचाना जाए-7742337828

मेरे पिता को हलीम अंसारी एवं मोहम्मद सलीम दोनों नामों से जाना पहचाना जाता था जबकि उनका सही नाम हलीम अंसारी है। भविष्य में मुझे मोहम्मद वसीम अंसारी पुत्र श्री हलीम अंसारी निवासी 42-ए, आनन्दपुरी कॉलोनी, मानबाग जयसिंहपुरा खोर, जयसिंहपुरा शेखावतान, जयपुर के नाम से जाना जाये।

मैंने अपना नाम मुजिबूर रहमान खान से बदलकर मुजीब उर्र रहमान पुत्र फैयाजुद्दीन खान रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नामसे जाना जाये। पता- 204/4 एच.ए.आर. कॉलोनी, मस्जिद के पास, चार दरवाजा बाहर, जयपुर

मैं आर्मी नम्बर 15171290N रैंक हवलदार नाम पाटील बाबासाहेब गुलाब, यूनिट- 199 मीडियम रेजिमेंट मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम गलत दर्ज है। उनका सही नाम प्रियंका बाबासाहेब पाटील है। शपथ पत्र संख्या- IN-RJ 48884756106737X

मैं आर्मी नम्बर 15171290N रैंक हवलदार नाम पाटील बाबासाहेब गुलाब, यूनिट- 199 मीडियम रेजिमेंट मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम गलत दर्ज है। उनका सही नाम स्वरा बाबासाहेब पाटील है। शपथ पत्र संख्या- IN-RJ 488433693848131X

मैं आर्मी नम्बर 15171290N रैंक हवलदार नाम पाटील बाबासाहेब गुलाब, यूनिट- 199 मीडियम रेजिमेंट मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे बेटे का नाम गलत दर्ज है। उनका सही नाम शिवम बाबासाहेब पाटील है। शपथ पत्र संख्या- IN-RJ 48844100282720X

I have changed my name from Minu Singh to Minu Kumari D/o Virendra Kumar Narang for all purpose. Resi.: A-70, Janta Colony, Jaipur.



# बूंदी में ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, पति-पत्नी और बेटे की मौत

## हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर फरार, गुस्साये लोगों ने जाम लगाया

**बूंदी,** (निसं)। बूंदी के तालेड़ा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर फरार हो गया। एक्सीडेंट रविवार दोपहर नेशनल हाईवे-52 पर तालेड़ा थाना क्षेत्र के सादड़ी कट के पास हुआ।

तालेड़ा थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी की बाइक पर सवार पति-पत्नी और उनका एक साल का बच्चा उछलकर सड़क पर गिर पड़े। गंभीर चोट लगने के कारण तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सांवलपुरा गुमानपुरा (बूंदी) निवासी सुंदर सिंह (36) पुत्र दरबासा सिंह, उनकी पत्नी राज कौर (30) और एक वर्षीय बेटे अमृत उर्फ अमनदीप सिंह के तौर पर हुई है। शवों को तालेड़ा



हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को मौके से हटवाकर जाम खुलवाया।

हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम लगा दिया, जिसे पुलिस ने समझाईश कर हटवा दिया। घटना से आक्रोशित लोगों का कहना है कि फोरलेन पर भारी वाहनों

- **नेशनल हाईवे-52 पर तालेड़ा थाना क्षेत्र के सादड़ी कट के पास हुआ हादसा**

की तेज रफ्तार से एक्सीडेंट बढ़ रहे हैं। तीनधारा महादेव कट के पास पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। नेशनल हाईवे पर सड़क सुरक्षा विभाग के अनुसार वर्ष 2024 में राजस्थान में होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं में से 35.4 फीसदी मौतें नेशनल हाईवे पर हुई है। यह राजस्थान में जिला और ग्रामीण सड़कों के बाद यातायात दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा है।

**शादी समारोह में फायरिंग, युवक घायल :-** कोटा के बोरखेड़ा थाना इलाके में स्थित एक मैरिज गार्डन में आयोजित शादी समारोह में मंगलवार देर रात्रि को दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद एक पक्ष ने दूसरे पर फायरिंग कर दी। हमले में एक युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि इलाके में स्थित एक मैरिज गार्डन में दो पक्षों के बीच पुरानी आपसी रंजिश को लेकर कहासुनी होने के बाद एक पक्ष ने दूसरे पर फायरिंग कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि हमले में जावरा निवासी दानिश (26) घायल हो गया। थानाधिकारी ने बताया कि हमले में घायल के परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। हमलावर की गिरफ्तारी के लिये टीम गठित कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# पाकिस्तान बॉर्डर से ढाई किमी दूर हो रहा ईंट-भट्टे का निर्माण

## सुरक्षा एजेंसियों ने देश की सुरक्षा को खतरा बताते हुए बीकानेर व श्रीगंगानगर कलैक्टर को पत्र लिखा

- **100 फीट ऊंची चिमनी पाकिस्तान वॉच टावर से दिख रही है, सुरक्षा को खतरा**
- **सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आपत्ति करने के बाद कलैक्टर नम्रता वृष्णि ने एसडीएम से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी**

**बीकानेर,** (निसं)। खाजूवाला में पाकिस्तान बॉर्डर से महज ढाई किमी दूर ईंट-भट्टे को मंजूरी देने का मामला सामने आया है। सुरक्षा एजेंसियों ने इसे देश की सुरक्षा का खतरा बताते हुए बीकानेर और श्रीगंगानगर कलैक्टर को पत्र लिखा है। कलैक्टर ने मामले में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

मामला खाजूवाला तहसील की ग्राम पंचायत 24 बीडी के चक 23 केएनडी (बी) का है। इस इलाके की सुरक्षा बीएसएफ की 140वीं बटालियन करती है और यह हिमगिरी सीमा चौकी का इलाका है। यहां निर्माणाधीन भट्टे की चिमनी सौ फीट ऊंची है, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से गलत माना गया है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार पाकिस्तान के वॉच टावर से यह चिमनी साफ नजर आती है। इस इलाके में अक्सर पाक ड्रोन से मादक पदार्थों की तस्करी की घटनाएं होती हैं। ऐसे में पाक तस्करों के लिए यह लैंडमार्क का काम करेगी। श्रमिक भी दूसरे राज्यों से आएंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि सुरक्षा एजेंसियों को भी इसका पता चिमनी पूरी तरह खड़ी होने के बाद चला। बॉर्डर से एक किमी क्षेत्र में खेत में डिग्गी निर्माण के लिए बीएसएफ से अनुमति का प्रावधान है। यह नियम बॉर्डर पर जिप्सम के अवैध खनन पर रोक के लिए था, लेकिन बॉर्डर क्षेत्र में लैंड कन्वर्जन और ईंट-भट्टे के लिए बीएसएफ से अनुमति का कोई प्रावधान नहीं है। खाजूवाला एसडीएम पंकज गढ़वाल ने बताया कि लैंड कन्वर्जन नियमानुसार किया गया है। ईंट-भट्टे के लिए किसान ने चार बीघा जमीन का कन्वर्जन कराया है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आपत्ति करने के बाद कलैक्टर नम्रता वृष्णि ने एसडीएम से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक, वाटरषेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद झालावाड**

क्रमांक-4377 दिनांक-25.12.2025

**E-NOTICE INVITING BID**

**NIT NO. 13/2025-26**

Bids for NRM Works (ANICUT, PCD, GABION STRUCTURE, RECHARG SHAFT, Suken Pond, DSMP, ANICUT RENOWATION, ECD Under PMKSY 2.0 Project area in Block AKLERA, Bakani, DAG (03 Pacage-WORK) of estimated value INR 97.15 Lacks are invited from interested bidders up to 6.00 PM, 07.01.2026. Technical Bid of submitted tender opned on 08.01.2026 at 03.00 PM.
Other particulars of the bid may by visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.
NIB NO. WSC2526A1219, UBN NO. WSC2526WSOB02135, WSC2526WSOB02136, WSC2526WSOB02139

(Jeet Mal Nagar) SE& PM
WCDC, ZILA PAIRSHAD, JHALAWAR
DDO CODE NO. 28607

DIPR/C/19355/2025


# गोवर्धनपुर गांव में कुएं में गिरा पैंथर, रेस्क्यू टीम ने निकाला

## वन विभाग की टीम ने पैंथर को वन क्षेत्र में छोड़ दिया

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य अंतर्गत टहला रेंज के गोवर्धनपुर गांव में बुधवार को उस समय हड़कम्प मच गया, जब एक पैंथर कुएं में गिर गया। सुबह ग्रामीणों ने कुएं से आवाजें सुनने के बाद अंदर झांक कर देखा तो पैंथर फंसा हुआ मिला। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही टहला रेंज की वन विभाग टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कुएं में पैंथर के फंसे होने से गांव में दहशत का माहौल बन गया, वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए। सुरक्षा को देखते हुए वनकर्मियों ने ग्रामीणों को कुएं से दूर रखा और रेस्क्यू की तैयारी शुरू की।

टहला रेंज के रेंजर कृष्ण कुमार रायपुरिया के निर्देशन में वन विभाग की टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पैंथर को सुरक्षित तरीके से कुएं से बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू के दौरान कुएं में लकड़ी की सीढ़ी लगाई और रस्सियों की मदद ली गई, ताकि पैंथर को किसी तरह की चोट न पहुंचे। पैंथर को कुएं से



टहला रेंज की वन विभाग टीम ने पैंथर को कुएं से बाहर निकाला।

बाहर निकालने के बाद उसकी प्राथमिक जांच की गई। स्वस्थ पाए जाने पर वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित वन क्षेत्र की ओर छोड़ दिया। पैंथर के सुरक्षित रेस्क्यू से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# मिस टीन इंडिया विजेता तनवी शर्मा ने सीएम भजनलाल से मुलाकात की



तनवी शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया।

- **प्रतिभा और परिश्रम के बल पर तनवी ने कोटा का नाम प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है : मुख्यमंत्री**

**कोटा,** (निसं)। मिस टीन इंडिया सीजन-7 की विजेता, जानी-मानी मॉडल एवं अभिनेत्री तनवी शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर तनवी शर्मा ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया।

मुलाकात के दौरान तनवी शर्मा ने अपनी आगामी वेब सीरीज, अभिनय से जुड़े नए प्रोजेक्ट्स और भविष्य की योजनाओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तनवी की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण भाव की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभा और परिश्रम के बल पर तनवी ने कोटा का नाम प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तनवी शर्मा की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और उनकी यात्रा यह संदेश देती है कि लगन, निष्ठा और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने तनवी को आगे भी पूरे समर्पण के साथ कर्मपथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर तनवी शर्मा के पिता सोहन शर्मा भी उपस्थित रहे। तनवी द्वारा मुख्यमंत्री से आशीर्वाद मिलने पर कोटा के स्टेशन मंडल के प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा ने तनवी के उज्जवल भविष्य की कामना की।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोंक**

क्रमांक-5560-69 दिनांक-29.12.2025

**निविदा सूचना संख्या- 21/2025-26 खण्ड टोंक**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड टोंक में सडक/भवनिर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए" "बी" "सी" "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB CODE- PWD2526A4897, UBN NO. 1. PWD2526WSOB19608, 2. PWD2526WSOB19609, 3.PWD2526WSOB19610, 4. PWD2526WSOB19611

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोंक

DIPR/C/19396/2025



**कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)**
nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड़, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक : नपबा/निर्माण/2025/9096-98 दिनांक : 26.12.2025

**ई-टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 85/2025-26**

नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफएआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in, पर देखें। कार्यो की लागत 3.99 लाख रूपये से 22.10 लाख रूपये तक है तथा UBN No. निम्नानुसार है :-
1. DLB2526WSOB28381, 2. DLB2526WSOB28382, 3. DLB2526WSOB28383, 4. DLB2526WSOB28384, 5. DLB2526WSOB28385, 6. DLB2526WSOB28386

आयुक्त
नगर परिषद बारां

राज.संवाद/सी/25/16778


# अवैध खनन पर कार्रवाई

**टोंक,** (निसं)। अवैध खनन व निर्गमन भण्डारण के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष संयुक्त चैकिंग अभियान के अंतर्गत उपखण्ड निवाई के ग्राम संग्रामपुरा में खनिज साधारण मिट्टी के अवैध खनन किया जाकर, खनिज का उपयोग रेलवे लाईन के दोहरीकरण में उपयोग किया जाने की शिकायत पर तहसीलदार निवाई व खनन विभाग के देवेन्द्र सिंह चौधरी मय बॉर्डर होमगार्ड, पुलिस जाब्ता एवं राजस्व अधिकारियों के साथ शिकायत स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर ग्राम संग्रामपुरा के खसरा संख्या 94 किस्म गैर मुमकिन तालाब में 3 अलग-अलग पिटों में खनिज साधारण मिट्टी का अवैध खनन होना पाया गया। जिस पर अवैध खनन में लिप्त पाये जाने पर 2 एक्सकेवेटर एवं 4 डम्पर जब्त किये गये।

## जेवर व नकदी चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के नाई थाना क्षैत्र में सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर सोने-चांदी के जेवर व नकदी चुरा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षैत्र नयाखेड़ा कमली गांव निवासी युनुस खां पठान के सूने मकान का 30 दिसंबर दोपहर में अज्ञात चो ताला तोड़कर करीब 10 तोला सोने के जेवर, आधा किलो चांदी व करीब 50 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। युनुस खान सवेरे मकान पर ताला लगाकर अपने ससुराल सविना गए थे। सांय लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने-चांदी के जेवरात व नकदी गायब थी।

# बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षायें आज से

- **माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा 2026 के नामांक ऑनलाइन जारी किये**

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा 2026 के नामांक ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं। बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षायें गुरूवार, एक जनवरी से शुरू होगी।

बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सैकण्डरी, सीनियर सैकण्डरी, प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा 2026 के नामांक ऑनलाईन जारी कर दिए गए हैं। विद्यालय अपने लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड से परीक्षार्थियों के नामांक, नाम, पिता का नाम एवं विषय आदि की जाँच कर लेवें। यदि कोई संशोधन प्रस्तावित है तो अविलम्ब बोर्ड की परीक्षा शाखा में सम्पर्क कर संशोधन करावे ताकि परीक्षार्थी सही विषय में परीक्षा दे सकें। बोर्ड द्वारा उच्च माध्यमिक प्रायोगिक विषयों की परीक्षा के लिए परीक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रायोगिक परीक्षा एक जनवरी से 20 जनवरी के मध्य में पूर्ण कर परीक्षक अंक ऑनलाईन अनिवार्य रूप से भरें। प्रायोगिक परीक्षा के सम्बन्ध नियुक्त परीक्षकों की सूचना विद्यालय के पोर्टल पर भी अपलोड कर दी गई है। विद्यालय परीक्षकों से सम्पर्क कर प्रयोगिक परीक्षा की तिथि तय कर ऑनलाईन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अंकित करें।


**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर
टैलीफोन नम्बर - 01462-230051 ई-मेल :- npvijaynagar@gmail.com

**ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 20/2025-26**

नगर पालिका बिजयनगर द्वारा राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से सिविल कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रीया से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 20/2025-2026 के कार्य संख्या 01 से 02 की अनुमानित लागत 33.52 लाख है। ऑन लाईन निविदाए दिनांक 31-12-2025 से 12-01-2026 समय सांय 6:00 बजे तक डाउनलोड की जाकर दिनांक 13-01-2026 को निविदा शुल्क, अमानत राशि एंव प्रोसेसिंग शुल्क की डी.डी. भौतिक रूप से समय 12:00 PM तक कार्यालय में जमा कराई जा सकती है। ऑन लाईन निविदा की ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक 14-01-2026 समय प्रातः 10:00 बजे खोली जायेगी। अधिक जानकारी वेबसाईट https://sppp.raj.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
UNB Reference No:- DLB2526A9620

राज.संवाद/सी/25/16820 अधिशाषी अधिकारी



**Office of the Executive Engineer, PHED Distt Rural Div I Bikaner**
Email ID- eepheddnlbkn@gmail.com Contact No. 0151-2941473
No. 2915-2937 Date: 24.12.2025

**Notice Inviting Bid: 81-84/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 06.01.2026 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Porta http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 158.64 Lacs. UBN NO. PHE2526WSOB10099, PHE2526WSOB10100, PHE2526WSOB10101, PHE2526WSOB10102

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*

(Ram Prakash Meena)
Executive Engineer
PHED, Distt (R) Div. I Bikaner

DIPR/C/19234/2025



**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा सूचना**

इच्छुक बोली कर्ताओं से निविदा सं TN 24/2025-26 Shifting /Modification work of 132 KV S/C Weir to Bayana Line ( Existing Tower Location No. 52 to 58) Line Length 1.800 Kms कार्य के लिए निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की पूर्ण जानकारी/निविदा तारीख बढाने की सूचना के दस्तावेज़ विवरण आदि देखने / डाउनलोड करने के लिए http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in तथा www.energy.rajasthan.gov.in/rvpnl वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।
(UBN NO:-VPN2526WSOB02492)

रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7317/2025
राज.संवाद/सी/25/16786

अधीक्षण अभियंता
(टी. & सी.) वृत, भरतपुर



राजस्थान सरकार
**कार्यालय नगर पालिका, सादड़ी (जिला-पाली) राज.**
(आपकी सेवा में सदैव तत्पर)
पताः मैन बस स्टेण्ड, सादड़ी
Ph.-02934-285022 email: npsadri1979@yahoo.com, gmail.com

क्रमांक : न.पा.सा./2025/4413-4415 दिनांक 26.12.2025

**-:: Notice Inviting Bid ::-**

Bid for subject matters of procurement are invited from intreseted bidders upto (date)& (time). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (https://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state departmental website.
UBN NO :- DLB2526WSOB28508

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सादड़ी

राज.संवाद/सी/25/16747



**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**

क्रमांकः/नपजा/सफाई शाखा/2025/6095 दिनांकः 09.12.2025

**-:: ई-निविदा सूचना संख्या-01/2025-26 ::-**

नगर परिषद् जालौर द्वारा भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एनजीओ से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवारों श्वानों (नर/मादा) को पकडने बंध्याकरण करने एवं रेबीज टीकाकरण कर पुनः निर्धारित स्थान पर छोडने के कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन ई-निविदा से संबंधित कार्य की विस्तृत जानकारी निविदा की शर्ते आदि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.in and http://sppp.raj.nic.in व पर देखी जा सकती है।
UBN-DLB2526A9537

आयुक्त
नगर परिषद, जालोर

राज.संवाद/सी/25/16796


# यूरिया खाद की बोरियों में मिला 150 किलो विस्फोटक, दो गिरफ्तार

## अमोनियम नाइट्रेट 150 किलो व सेफ्टी फ्यूज वायर के छह बंडल जब्त

**टोंक,** (निसं)। पुलिस ने यूरिया खाद की बोरियों में 150 किलो विस्फोटक बरामद किया और दो जनों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में एवं

- **बरौनी थाना इलाके में स्थित नेशनल हाईवे पर नाकाबन्दी में बूंदी से आ रही कार में विस्फोटक मिला**

जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अवैध विस्फोटक सामग्री जिसमें अमोनियम नाइट्रेट 150 किलो व सेफ्टी फ्यूज वायर के छह बंडल को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि मुखबिर की मिली सूचना के बाद अवैध विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए टीम ने बरौनी थाना इलाके में




पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध विस्फोटक सामग्री व कार सहित दो जनों को गिरफ्तार किया।

स्थित नेशनल हाईवे पर नाकाबन्दी कर बून्दी से आ रही एक कार की तलाशी के बाद विस्फोटक सामग्री बरामद की गई, जिसमें अमोनियम नाइट्रेट 150 किलो जो कि यूरिया खाद के कट्टों में छुपा कर रखा था, इसके अलावा 200 डेंजर एक्सप्लोसिव कार्टेज, सेफ्टी फ्यूज वायर के छह बंडल और 1100 मीटर वायर को जब्त किया गया। कार्रवाई के बाद आरोपी सुरेंद्र पुत्र भंवरलाल एवं सुरेंद्र मोची पुत्र दुलीलाल दोनों निवासी करवर जिला बूंदी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद सामने आया कि अमोनियम नाइट्रेट टोंक में ही सप्लाई होना था, उन्होंने विस्फोटक को यूरिया खाद के कट्टों में छुपा कर रखा था, ताकि पकड़ में न आ सके।


**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर
टैलीफोन नम्बर - 01462-230051 ई-मेल :- npvijaynagar@gmail.com

**ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 19/2025-26**

नगर पालिका बिजयनगर द्वारा राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से सिविल कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रीया से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 19/2025-2026 के कार्य संख्या 01 से 12 की अनुमानित लागत 214.78 लाख है। ऑन लाईन निविदाए दिनांक 31-12-2025 से 12-01-2026 समय सांय 6:00 बजे तक डाउनलोड की जाकर दिनांक 13-01-2026 को निविदा शुल्क, अमानत राशि एंव प्रोसेसिंग शुल्क की डी.डी. भौतिक रूप से समय 12:00 PM तक कार्यालय में जमा कराई जा सकती है। ऑन लाईन निविदा की ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक 14-01-2026 समय प्रातः 10:00 बजे खोली जायेगी। अधिक जानकारी वेबसाईट https://sppp.raj.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
UNB Reference No:- DLB2526A9625

राज.संवाद/सी/25/16822 अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर**
पी.एच.ई.डी. कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी. कॉम्पलेक्स के पास, रानी बाजार, बीकानेर (334001)
क्रमांक-7451-59 दिनांक-24.12.2025

**Notice Inviting Bid : 146 to 156/2025-26**

Bid for various works are invited to registeed interested bidder upto 05.01.2026 at 18.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 103.76 Lacs.

| NIT NO. | 146 | 147 | 148 | 149 | 150 | 151 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| UBN NO. | PHE2526 WSOB101 30 | PHE2526 WSOB101 31 | PHE2526 WSOB101 32 | PHE2526 WSOB101 33 | PHE2526 WSOB101 34 | PHE2526 WSOB101 35 |
| NIT NO. / UBN NO. | 152 PHE2526 WSOB101 36 | 153 PHE2526 WSOB101 37 | 154 PHE2526 WSOB101 38 | 155 PHE2526 WSOB101 39 | 156 PHE2526 WSOB101 40 | |

(नरेश कुमार रैगर)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,
जिला ग्रामीण खण्ड-II बीकानेर

DIPR/C/19362/2025



**अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. विद्युत खण्ड प्रथम, जोधपुर**
क्रमांक-अ.अ./वि.ख.प्र./जो./2025-26/ दिनांक-

**निविदा सूचना संख्या-40/2025-26 NIB CODE PWD2526A4890**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न विद्युतीकरण कार्यो हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग रजस्थान में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों द्वारा विद्युत कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जवेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipr.rajasthan.gov.in व http://www.sppp.rajasthan.gov.in/ व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा की कुल लागत | - | रू. 106.67 लाख अधिकतम एकल कार्य की राशि 106.67 लाख |
| कुल धरोहर राशि | - | अनुमानित लागत की दो प्रतिशत अथवा नियमानुसार |
| निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख व समय | - | 27.12.2025 से 06.01.2026 तक सायं 06.00 बजे |
| ऑनलाईन निविदा जमा कराने की तारीख व समय | - | 27.12.2025 से 06.01.2026 तक सायं 06.00 बजे |
| तकनिकी/वित्तीय बिड खोलने की तारीख व समय | - | 07.01.2026 मध्यांह 3.00 बजे से |
| प्री-बिड मीटिंग की तारीख व समय | - | 01.01.2026 को दोपहर 1.00 बजे से अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. विद्युत खण्ड प्रथम जोधपुर कार्यालय में |
| | 1. | Shifting of Electrical Line 11KV & LT Line on Construction of 4 Lane Road from Jalore to Bagra Including Divider (18KM) of SH-31 In District Jalore. PWD2526WSOB19550 |
| | 2. | |

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. विद्युत खण्ड प्रथम, जोधपुर

DIPR/C/19358/2025

# आर.पी.एस. अधिकारी एक करोड़ रुपए वसूली के आरोप में गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** महेश नगर थाना पुलिस ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आर.पी.एस.) अधिकारी रितेश पटेल को एक करोड़ रुपये की वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



आर.पी.एस. रितेश पटेल

- आरपीएस अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति को धमकाकर एक करोड़ रु. की मांग की और एसओजी के नाम से फर्जी एफआईआर तैयार कर भेजी।
- शिकायतकर्ता का कहना है कि एक करोड़ रुपए की मांग में से 25 लाख रुपये नकद और 25 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरपीएस अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति को धमकाकर एक करोड़ रु. की मांग की और एसओजी के नाम से फर्जी एफआईआर तैयार कर भेजी। शिकायतकर्ता का कहना है कि एक करोड़ रुपए की मांग में से 25 लाख रुपये नकद और 25 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच में जुटी हुई है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि एसओजी की फर्जी एफआईआर तैयार कर शिकायतकर्ता को भेजने और रुपये मांगने का आरोप है।

महेश नगर थाना पुलिस ने एपीओ (अटैच्ड पुलिस ऑफिसर) चल रहे आरपीएस अधिकारी रितेश पटेल को उनके केसर चौराहा स्थित घर से गिरफ्तार किया।

पुलिस का कहना है कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरपीएस रितेश पटेल ने धमकी देकर एक करोड़ रुपये मांगे और एसओजी के नाम से फर्जी एफआईआर बनाकर भेजी। पुलिस अब आरोपित आरपीएस से गहन पूछताछ कर रही है।

आरोपित रितेश पटेल 2019 बैच के आरपीएस अधिकारी है। वह बजरी लेनदेन के एक मामले में पहले से एपीओ चल रहे है।

### बजरी के ट्रैक्टर छोड़ने का बनाया था दबाव

गंगापुर सीआई फूलचंद ने साल 2024 में आशाहोली गांव के पास अवैध बजरी भरकर ले जा रहे दो ट्रैक्टर पकड़े थे। ट्रैक्टरों को थाने लाकर खड़ा करवाया था। सीआई ने इस कार्रवाई से उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया था। दोनों ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था। इनके चेसिस नंबर पर भी जून 2024 की मैन्युफैक्चरिंग डेट लिखी हुई था। माना जा रहा था कि ट्रैक्टर मालिक ने खरीदने के बाद आरटीओ ऑफिस में रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया था।

तब तत्कालीन डीएसपी रितेश पटेल थाने पहुंचे थे। डीएसपी ने दोनों ट्रैक्टरों को छुड़वाने की कोशिश की थी, परंतु सीआई ने उनकी बात नहीं मानी। इस मामले ने तूल पकड़ लिया था। सोशल मीडिया पर भी मामला काफी छाया रहा था। इसके बाद रितेश पटेल को एपीओ कर दिया था।

कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि इस मामले में विस्तृत जांच चल रही है कि आरोपित आरपीएस अधिकारी ने कितने रुपये लिए गए और कैसे लिए गए। इसकी पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा जांच पूरी होने के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित आरपीएस को पुलिस रिमांड पर लेकर आगे पूछताछ होगी।

## सड़क हादसे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत

**जयपुर।** कोटखावदा इलाके में स्थित जयपुर-टोंक हाईवे (एनएच-52) कोटखावदा पुलिया पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूल जा रहे एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत हो गई। दुर्घटना थाना इंचार्ज रामरतन चौधरी ने बताया कि मृतक की पहचान चाकसू निवासी 45 वर्षीय हेमराज गोस्वामी के रूप में हुई है। जो ठीकरिया मीणान गांव स्थित सरकारी स्कूल में फोर्थ ग्रेड कर्मचारी के पद पर कार्यरत था और बुधवार सुबह बाइक से स्कूल जा रहे थे। पुलिस के अनुसार हाईवे पर लघुशंका के लिए रुकने के बाद हेमराज गोस्वामी जैसे ही दोबारा बाइक पर बैठने की तैयारी कर रहे थे। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की सहायता से घायल को चाकसू उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के साले राजेश गोस्वामी ने बताया कि हेमराज गोस्वामी के दो बेटे और एक बेटी हैं।

# जयपुर में आर्मी-डे परेड पर 6 वर्ग कि.मी. इलाका होगा सील

## सुरक्षा के लिए कमांडो-आरएसी-पैरामिलिट्री होगी तैनात

- बाहरी घेरा पुलिस और आरएसी संभालेगी, मध्य में पैरामिलिट्री, अंतिम सुरक्षा सेना के हाथ में
- ऊंची इमारतों पर कमांडो, नो-ड्रोन जोन, पतंगबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में स्थित महल रोड पर 15 जनवरी 2026 को होने वाली आर्मी-डे परेड को लेकर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। बॉम्बे हॉस्पिटल से अक्षय पात्र तक फैले करीब 6 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को पूरी तरह से सील करने की तैयारी की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए इस इलाके में रहने और काम करने वाले पचपन हजार से अधिक लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन किया गया है।

इसके लिए 300 पुलिसकर्मियों की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। सुरक्षा को तीन स्तरों में विभाजित किया गया है। बाहरी घेरा पुलिस और आरएसी संभालेगी, मध्य घेरा पैरामिलिट्री फोर्स के जिम्मे रहेगा, जबकि सबसे अंदरूनी सुरक्षा की कमान सीधे भारतीय सेना के हाथों में होगी।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से आर्मी डे परेड की नियमित रिहर्सल शुरू होगी। इसके मद्देनजर सुरक्षा का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। बाहरी सुरक्षा के लिए आरएसी की दो कंपनियां तैनात की गई हैं। मध्य सुरक्षा घेरा पैरामिलिट्री फोर्स संभालेगी, जबकि अंतिम और सबसे संवेदनशील घेरे की जिम्मेदारी सेना के पास रहेगी। एडिशनल कमिश्नर (कानून व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि कॉलोनी विकास समितियों, मॉल प्रबंधन और व्यापार संघों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए गए हैं। रिहर्सल के दौरान क्षेत्र में पतंग उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और पूरा इलाका नो-ड्रोन जोन घोषित किया गया है। नए किराएदारों, घरेलू सहायकों और दुकानों के कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य किया गया है। इस कार्य की मॉनिटरिंग एडिशनल डीसीपी आलोक सिंघल द्वारा किया जा रहा है। वहीं एसीपी सांगानेर हरिशंकर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीमें रोजाना फ्लैग मार्च निकाल कर माइक के जरिए लोगों को सुरक्षा नियमों के पालन और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। परेड रूट के आसपास स्थित सभी ऊंची इमारतों को विशेष निगरानी में रखा गया है। इन इमारतों पर लाल झंडे लगाकर मार्किंग की जाएगी। साथ ही छतों पर सेना के कमांडो तैनात रहेंगे। जो दूरबीन और स्नाइपर के माध्यम से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे।

# 15 लाख की ड्रग्स के साथ विदेशी नागरिक सहित पांच गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार करते हुए पन्द्रह लाख रुपये की अवैध मादक पदार्थ जब्त कर एक विदेशी नागरिक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्मैक, एमडी ड्रग्स, कोकीन, नशीली गोलियां और एक कार बरामद की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने बगरू,शिवदासपुरा और कानोता थाना इलाके में संयुक्त कार्रवाई करते हुए दिल्ली से जयपुर आ रहे विदेशी नागरिक ऑगस्टीन एग्बो (27) निवासी एनुगू (नाइजीरिया) हाल फरीदाबाद (हरियाणा),संगीता सांसी उर्फ मोगली(30) निवासी रामगंज जिला अजमेर, अब्दुल गफ्फार खान (30) निवासी माधोराजपुरा जयपुर, आरिफ मोहम्मद (26) निवासी माधोराजपुरा जयपुर ग्रामीण और विजय सोलंकी निवासी माधोराजपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 179.09 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक,12.26 ग्राम एमडी ड्रग्स (क्रिस्टल), 27.17 ग्राम कोकीन, 81 मिलीग्राम (2 टैबलेट) नशीली गोलियां सहित एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि नाइजीरियन नागरिक के पास से वैध पासपोर्ट व वीजा नहीं मिला है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ऑपरेशंस) राहुल प्रकाश के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह के सुपरविजन में तीनों थाना क्षेत्रों में अलग-अलग की गई है।

- स्मैक, एमडी ड्रग्स, कोकीन, नशीली गोलियां और कार बरामद
- जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने बगरू, शिवदासपुरा और कानोता में कार्रवाई की

## पुलिस तंत्र को अधिक प्रभावी, संवेदनशील और तकनीक-सक्षम बनाएंगे : राजीव शर्मा

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने वर्ष 2026 के लिए राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा है कि जन-सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और जनविश्वास को केंद्र में रखते हुए पुलिस तंत्र को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं तकनीक-सक्षम बनाया जाएगा।

डी.जी.पी. राजीव शर्मा ने बताया कि अपराध संबंधी प्राथमिकताओं के अंतर्गत संगठित अपराध के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक कार्यवाही की जाएगी। महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी, जिसमें त्वरित कार्रवाई और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# 44 पुलिस निरीक्षकों को मिला आर.पी.एस. कैडर

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने राजस्थान पुलिस के 44 पुलिस निरीक्षकों को नए साल पर तोहफा देते हुए उन्हें आरपीएस अधिकारी के रूप में पदोन्नित किया है। सरकार की विभागीय पदोन्नित समिति की सिफारिश के आधार पर गृह (ग्रुप-1) विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इसमें जयपुर ग्रामीण के चौमू थाने के थानाधिकारी प्रदीप शर्मा का भी नाम शामिल है। थानाधिकारी प्रदीप शर्मा हाल ही में चौमूं में मस्जिद के बाहर पत्थरबाजी मामले को लेकर चर्चा में आए थे। उनको लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा था कि प्रदीप शर्मा चुनाव लड़ने की फिराक में हैं। प्रदीप शर्मा अब आरपीएस रैंक के अधिकारी बन गए हैं।

गृह (ग्रुप-1) विभाग के संयुक्त सचिव आनंदीलाल वैष्णव की ओर से बुधवार को जारी आदेश के अनुसार पुलिस निरीक्षक देवेंद्र प्रताप वर्मा, मदनलाल, राजेंद्र बाफना, अचलदान रत्नू, पुरुषोत्तम महरिया, बनवारी लाल मीणा, बाबूलाल मीणा, रामनिवास मीणा, अजयकांत रतूड़ी और रविंद्र कुमार को आरपीएस अधिकारी के पद पर पदोन्नित मिली है। इसी प्रकार पुलिस निरीक्षक मुकेश शर्मा, धर्मेंद्र पेवा, बाबूलाल चौधरी, सरोज धायल, शिखा विश्नोई, बुद्धाराम, छत्तर सिंह, देरावर सिंह, राजेंद्र कुमार शर्मा, राजेश यादव, राजकुमार टेलर, निशा भटनागर, घनश्याम शर्मा, लक्ष्मीनारायण, दिनेश कुमार, निरंजन प्रताप सिंह, श्याम सिंह रत्नू, महावीर सिंह यादव, वीरेंद्र कुमार, रणजीत सिंह, अशोक चौधरी, रविंद्र प्रताप, मांगीलाल विश्नोई, नरेंद्र कुमार , प्रदीप कुमार शर्मा, राजीव भादू, नरपत सिंह, लक्ष्मण राम विश्नोई, आनंद कुमार, दुर्गाप्रसाद दाधीच, नवनीत बिहारी व्यास, परवेज आलम सैयद, अनिल कुमार मूंड और लाखन सिंह खटाना को आरपीएस के पद पर पदोन्नित दी गई है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के तहत पदोन्नत सभी इंस्पेक्टर अग्रिम आदेश तक वर्तमान पद पर काम करते रहेंगे। गौरतलब है कि विभागीय पदोन्नित समिति की बैठक 2 दिसंबर 2025 को हुई थी और इस समिति की अनुशंसा पर गृह विभाग ने आदेश जारी कर इन अधिकारियों को पदोन्नत किया गया।

# अवैध खनन पर 14 एफआईआर, एक गिरफ्तारी और 28 लाख रु. का जुर्माना वसूलने की कार्रवाई

- अभियान के तहत 2 दिन में 12 एक्सक्वेटर, 137 वाहन व 7028 टन खनिज जब्त किया
- अलवर के पलियाना में निजी कंपनी द्वारा अवैध खनन पर 73 लाख रुपये का जुर्माना वसूलने समेत अन्य कार्रवाई में जुटी विभागीय टीम

**जयपुर।** अरावली पर्वतमाला क्षेत्र के 20 जिलों में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ चलाये जा रहे संयुक्त अभियान में पलियाना में अलवर सिक्सलेन निर्माण कार्य कर रही कंपनी द्वारा अवैध खनिज मिट्टी खनन पर जयपुर अधीक्षण अभियंता एनएस शक्तावत की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 73 लाख रुपए से अधिक के जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। टोंक में भी रेल्वे ट्रेक के लिए काम कर रही निजी कंपनी द्वारा अवैध खनिज मिट्टी खनन कार्रवाई पर एक एक्सक्वेटर 4 डंपर जब्त किये हैं। नागौर के एमई श्री जय गोदारा द्वारा रियाबड़ी में दो ट्रेक्टर बजरी के व खींवसर में दो डंपर चेजा पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए जब्त करते हुए करीब 3.50 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

जोधपुर के बड़ली क्षेत्र में खनिज सेंड स्टोन के क्वारी लाइसेंस के 40 हैक्टेयर क्षेत्र में अधीक्षण खनि अभियंता डॉ. देवेन्द्र गौड की टीम द्वारा ड्रोन सर्वे करवाया गया है। अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ संबंधित जिलों में संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई जारी है।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि अरावली पर्वतमाला क्षेत्र के जिलों में 29 दिसंबर से अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जिला कलक्टरों द्वारा गठित संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई जारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों से जारी अभियान के दौरान दो दिन में ही उल्लेखनीय कार्रवाई करते हुए 150 से अधिक उपकरणों और वाहनों की जब्ती की जा चुकी है। अभियान के दौरान दो दिन में ही 155 से अधिक कार्रवाई कर 12 एक्सक्वेटर/जेसीबी/क्रेन व 137 डंपर-ट्रेक्टर आदि जब्त कर संबंधित पुलिस थानों को सुपुर्द किये जा चुके हैं। 7 हजार टन से अधिक अवैध भंडारित खनिज की जब्ती के साथ ही करीब 30 लाख जुर्माना राशि राजकोष में वसूल की गई है। दो दिन में पुलिस थानों में 14 एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है।

अभियान के दौरान दो दिनों में सर्वाधिक कार्रवाई जयपुर एमई श्री श्याम कापड़ी की टीम द्वारा करते हुए 27 कार्रवाई में दो एक्सक्वेटर सहित 27 वाहन की जब्ती व 4 एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। उदयपुर टीम द्वारा सर्वाधिक 4 एक्सक्वेटर 1 वाहन और 4167 टन अवैध भण्डारित खनिज की जब्ती की गई है। भीलवाडा एमई श्री महेश शर्मा और पाली एमई व उनकी टीम द्वारा 16-16 कार्रवाई करते हुए वाहनों की जब्ती व खनिज जब्त किया गया है। अजमेर व ब्यावर में 10-10 कार्रवाई करते हुए क्रमश: 5 और 11 वाहनों की जब्ती व दोनों स्थानों पर मिलाकर 6 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला जा चुका है। निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान संबंधित सभी जिलों में संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई जा रही है। मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस डॉ. धर्मेन्द्र लोहार द्वारा समन्वय किया जा रहा है।


## जनगणना-2027 के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां तेज हुईं

**जयपुर।** जनगणना-2027 को लेकर जयपुर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित एक दिवसीय शिविर में जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में प्रशासनिक इकाइयों की सूची एवं नक्शों के सत्यापन हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य राष्ट्रहित से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण मई से जून 2026 के मध्य एक माह की अवधि में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना के रूप में आयोजित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या गणना की जाएगी। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि वर्ष 2011 के बाद नवगठित राजस्व ग्राम, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, नगर पालिका, नगर निगम जोन सहित सभी प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं एवं नक्शों का गहन सत्यापन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। कलक्टर ने सभी आयुक्त नगर परिषद एवं नगर जनगणना अधिकारी, जोन उपायुक्त एवं चार्ज जनगणना अधिकारी, तहसीलदार तथा अधिशासी अधिकारियों को तत्काल 'जनगणना सेल' का गठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। शिविर में जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की टीम द्वारा बताया गया कि जनगणना-2027 पूर्णत: डिजिटल एवं पेपरलेस होगी। इस बार डेटा संकलन के लिए पेपर अनुसूचियों के स्थान पर मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी होगी। अधिकारियों को तकनीकी तैयारी एवं फील्ड लेवल प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस बार प्रश्नावली में समयानुसार बदलाव किए गए हैं और नागरिकों से कुल 33 प्रकार की जानकारियां ली जाएंगी। इनमें परिवार के खान-पान की आदतें, घर में उपलब्ध डिजिटल संसाधन जैसे इंटरनेट, कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन तथा जीवन स्तर से जुड़ी जानकारियां- वाहन, मकान की संरचना, पेयजल स्त्रोत, शौचालय एवं रसोई में उपयोग होने वाले ईंधन आदि शामिल हैं।

# सैलानियों के लिए आकर्षण बने नाहरगढ़ जैविक उद्यान की टाइगर-लायन सफारी

## वर्ष 2025 में 3.73 लाख से अधिक पर्यटकों ने किया वन्यजीवों का दीदार

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में स्थित नाहरगढ़ जैविक उद्यान पर्यटन के मानचित्र पर तेजी से उभरते हुए राज्य के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। जयपुर भ्रमण पर आने वाले देशी-विदेशी सैलानियों के लिए नाहरगढ़ जैविक उद्यान के साथ-साथ यहां संचालित टाइगर एवं लायन सफारी विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। प्राकृतिक हरियाली के बीच वन्यजीवों को उनके स्वाभाविक परिवेश में देखने का अनुभव पर्यटकों को रोमांच और आनंद से भर देता है।




सहायक वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 की अवधि में नाहरगढ़ जैविक उद्यान एवं सफारियों के माध्यम से कुल 3 लाख 73 हजार 869 देशी-विदेशी पर्यटकों ने वन्यजीवों का दीदार किया। इस दौरान विभाग द्वारा 2 करोड़ 36 लाख 3 हजार 620 रुपये का उल्लेखनीय राजस्व अर्जित किया गया, जो उद्यान की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में 3 लाख 39 हजार 433 पर्यटक पहुंचे, जबकि 18 हजार 831 पर्यटकों ने लायन सफारी एवं 15 हजार 605 पर्यटकों ने टाइगर सफारी का आनंद लिया। दोनों ही सफारियां पर्यटन सीजन के दौरान जयपुरवासियों सहित बाहर से आने वाले सैलानियों के लिए प्रमुख आकर्षण बनी हुई हैं। शहर के समीप स्थित यह जैविक उद्यान प्राकृतिक सौंदर्य, हरियाली और वन्यजीवों का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां परिवार के साथ भ्रमण करने वाले पर्यटकों को न केवल मनोरंजन बल्कि वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भी संदेश मिलता है।

उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं एवं प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सहायक वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह राठौड़ और रेंज अधिकारी शुभम शर्मा द्वारा नियमित रूप से सफारियों की सघन मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।रेंज अधिकारी शुभम शर्मा की देखरेख में टूरिज्म मैनेजमेंट टीम द्वारा सफारी संचालन, भीड़ नियंत्रण, टिकटिंग व्यवस्था, वाहन सुविधा, दिशा-निर्देश एवं स्वच्छता प्रबंधन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों को सुगम और सुरक्षित अनुभव मिल सके। वन विभाग की सतत निगरानी, प्रभावी प्रबंधन एवं सुविधाओं के निरंतर विस्तार के परिणामस्वरूप नाहरगढ़ जैविक उद्यान आज राज्य के सर्वाधिक लोकप्रिय वन्यजीव पर्यटन स्थलों में शामिल हो चुका है। यह स्थल न केवल पर्यटन और राजस्व संवर्धन का माध्यम बन रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और जन-जागरूकता का भी सशक्त प्रतीक बनकर उभर रहा है।

## सार-समाचार

### डॉ. राजेश शर्मा राष्ट्रीय सदस्य निर्वाचित




**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शर्मा को भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद (आईपीएसए ) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य निर्वाचित किया गया है। यह निर्वाचन 62वें वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़ भुवनेश्वर (ओडिशा) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में देश के सभी क्षेत्रों से लगभग 2000 राजनीति विज्ञान के विद्वानों एवं शिक्षाविदों ने सहभागिता की। डॉ. शर्मा को अकादमिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में दीर्घ और समृद्ध अनुभव प्राप्त है। वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की अनेक शैक्षिणक और अकादमिक संस्थाओं में अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों की बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज़ में सदस्य एवं संयोजक के रूप में सेवाएँ दी हैं।

### खिलाड़ियों से मिलीं 'उदयन' की बच्चियां

**जयपुर।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने कोलकाता के 'उदयन एनजीओ' की पाँच युवा लड़कियों के लिए एक विशेष 'मीट एंड ग्रीट' का आयोजन किया। एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापत्तनम में आयोजित इस कार्यक्रम ने इन बच्चियों को राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ आमने-सामने बातचीत करने का एक दुर्लभ और प्रेरणादायक अवसर प्रदान किया। उदयन एनजीओ की इन पाँच लड़कियों सुपर्णा महतो (9), एंजेल बाउरी (10), रोशनी कर्मकार (10), मिनाती बास्के (10) और अनुराधा मांडी (11) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ीं हरमनप्रीत कौर, स्नेह राणा, शेफाली वर्मा और हरलीन देओल शामिल थीं, के साथ एक यादगार दिन बिताया। एसबीआई लाइफ और बीसीसीआई द्वारा सुलभ कराए गए इस मंच पर इन बच्चियों ने दिग्गज क्रिकेटरों के साथ प्रैक्टिस नेट्स में भी कदम रखा। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर रवींद्र शर्मा ने कहा, एसबीआई लाइफ में हमारा मानना है कि वास्तविक सशक्तिकरण केवल वित्तीय सुरक्षा तक सीमित नहीं है, यह सपनों को संजोने, आत्मविश्वास बढ़ाने और साहस को प्रेरित करने के बारे में है। उदयन के निदेशक के.एल. जॉर्ज ने कहा, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस उदयन के बच्चों के लिए लंबे समय से समर्थक रहा है।

# जयपुर रिंग रेल परियोजना का काम त्वरित गति से शुरु हो : मंजू शर्मा

## सांसद मंजू शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र सौंपकर जयपुर में रेलवे सुविधाएं बढ़ाने का आग्रह किया



सांसद मंजू शर्मा ने रेल मंत्री को मांग पत्र सौंपा।

**जयपुर (कासं)।** जयपुर लोकसभा जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर जयपुर रिंग रेलवे परियोजना को मूर्तरूप देने और इसका काम त्वरित गति से शुरु कराने अनुरोध किया है। उन्होंने रेल मंत्री को एक पत्र सौंपते हुए कहा कि, केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से इस परियोजना के जरिए जयपुर के विकास को नई दिशा मिलेगी। सड़क नेटवर्क और रिंग रोड के साथ यह रिंग रेलवे परियोजना जयपुर के दीर्घकालीन विकास में मिल का पत्थर साबित होगी।

सांसद मंजू शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बताया कि जयपुर की आबादी लगभग 60 लाख के आसपास पहुँच गई है। पर्यटन स्थल के साथ प्रदेश की राजधानी तथा प्रदेश का प्रमुख आर्थिक, औधोगिक, व्यापारिक केंद्र होने से यहां यातायात भारी दबाव है जो लगातार बढ़ता जा रहा है। बाहरी इलाका कई उपनगरों के रूप में विकसित हो रहा है। ऐसे में इस रेल रिंग परियोजना से शहर के इन बाहरी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे पर्यटन को नई गति मिलेगी। लॉजिस्टिक और व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी, शहर में भीड़ और यातायात का दबाव कम होगा, ट्रैफिक जाम में कमी आएगी, शहर के मुख्य रेलवे स्टेशनों पर भी दबाव घटेगा। इस नए रेलमार्ग पर बनने वाले रेलवे स्टेशनों से मालगाडियों को गुजरा जाएगा वहीं यहां से ट्यूरिस्ट स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी किया जा सकेगा। मंजू शर्मा का कहना है कि, जयपुर रिंग रेल परियोजना दो- तीन चरणों में पूरी होगी। यह जयपुर के 2050 के मास्टर प्लान को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है । यह रिंग रोड के समानांतर कहीं 200-300 मीटर तो कही दो- तीन किलोमीटर दूरी पर होगी। इससे रिंग रोड और रिंग रेल के आसपास प्रॉपर्टी के दाम बढ़ेंगे।

- पहले फेज में विकसित होंगे 13 नए रेलवे स्टेशन, दो-तीन चरणों मे पूरी होगी परियोजना

नई टाउनशिप भी विकसित होगी । इस परियोजना के पहले फेज में कुल 13 नए रेलवे स्टेशन विकसित किए जाएंगे। इनमें कानारवास, गोनेर, प्रह्लादपुरा, शिवदासपुरा, सुखदेवपुरा, वाटिका, सांगानेर रोड, नेवटा, कलवाड़ा, बगरू, बेगस और बोबास स्टेशन तैयार होंगे। इससे आउटर एरिया की कनेक्टिविटी बढ़ेगी।




## We are a Family!

Global Family Day, celebrated annually on January 1st, is dedicated to promoting peace, unity, and a sense of global togetherness. The day emphasizes that all people are part of one human family and encourages spending quality time with loved ones while bridging generational and cultural gaps. Originating from the UN's peace initiatives, it serves as a reminder to focus on shared humanity, love, and mutual respect. People often celebrate by connecting with family, biological or chosen, and fostering community bonds, reflecting on compassion, understanding, and the importance of nurturing relationships for a more harmonious world.



#HAPPY NEW YEAR

# December Aur January Ka Rishta

The two months recreated as two individuals, two entities, two different personalities, and yet, complementing each other




Glad to share a beautiful poem, December aur January ka rishta, received from a friend. Very meaningful and the two months recreated as two individuals, two entities, two different personalities, and yet, complementing each other.

Enjoy this lovely poem!

कितना अजीब है ना,
दिसंबर और जनवरी का
रिश्ता?
जैसे पुरानी यादों और नए
वादों का किस्सा...

दोनों काफ़ी नाजुक है
दोनों मे गहराई है,
दोनों वक्त के राही है,
दोनों ने ठोकर खायी है...

यूँ तो दोनों का है
वही चेहरा-वही रंग,
उतनी ही तारीखें और
उतनी ही ठंड...
पर पहचान अलग है
दोनों की
अलग है अंदाज़ और
अलग हैं ढंग...

एक अन्त है,
एक शुरुआत जैसे
रात से सुबह,
और सुबह से रात...

एक मे याद है
दूसरे मे आस,
एक को है तजुर्बा,
दूसरे को विश्वास...

दोनों जुड़े हुए है ऐसे
धागे के दो छोर के जैसे,

पर देखो दूर रहकर भी
साथ निभाते है कैसे...

जो दिसंबर छोड़ के जाता है
उसे जनवरी अपनाता है,
और जो जनवरी के वादे है
उन्हें दिसम्बर निभाता है...

कैसे जनवरी से
दिसम्बर के सफर मे
११ महीने लग जाते है...
लेकिन दिसम्बर से जनवरी बस
१ पल मे पहुंच जाते है !!

जब ये दूर जाते है
तो हाल बदल देते है,
और जब पास आते है
तो साल बदल देते है...
देखने मे ये साल के महज़
दो महीने ही तो लगते
है, लेकिन...
सब कुछ बिखेरने और
समेटने का वो कायदा
भी रखते है...

दोनों ने मिलकर ही तो
बाकी महीनों को
बांध रखा है,

अपनी जुदाई को
दुनिया के लिए
एक त्यौहार बना रखा है...!






Elephant Herd.

# Elephants, Cheetahs, Zebras, Rhinos, Warthog

# Tanzania Is Truly Rich


Cheetah.

This 2400 Sq km reserve is located about 120 kilometer West of Arusha, the tourist hubspot. It was a pleasure driving through a new highway, with sparse vehicle, very unlike Indian roads. In fact, this entire landscape, more popular as Serengeti, is home to semi-nomadic pastoralist tribes like Maasai and Barbeig, living in harmony with the wild inhabitants from times immemorial. Yet, with the rise of awareness about human rights and political support, the locals are showing their resentment against growing man-animal conflicts, especially during dry season when animals in large number raid their crops. Government is running several schemes to provide safe corridor to such migrating populations and also running welfare schemes for the people falling victim to such raids by herbivores and attacks by carnivores.



Sunayan Sharma
*IFS (Retd.), Ex Field Director, Project Tiger, Sariska & Keoladeo National Park, Bharatpur*



#EASTERN AFRICA

Few years back, my fascination for wildlife took me to the world's most famous NP, Masaaimara, located in the Southern part of Kenya and spread up to border of Tanzania, another nation of East Africa, and equally famous for its myriad wildlife. Wildlifers from world over pour here to be part of this garden of God, with numerous animals including big fives like Lions, Elephants, Cheetahs, Rhinos and wild buffaloes. But to me, a wildlife freak, the chief attraction was watching beautiful Zebras, Giraffes and uncounted wildebeests spread over its huge grasslands with scattered shrubs and acacia trees.

The most fascinating was to watch hoards and hoards of zebras with beautiful shining striped coats and wildebeest, following them, to cross over the Mara river, to reach their homes in the serenity of Serengeti Reserve of Tanzania.

Several of them lose their lives during this process, either by simply slipping back into the river or falling victim to carnivores like lions, leopards, cheetahs and crocodiles, camping at the crossing points on either side of Mara.

It was almost mid of September, season was awesome, though there was little water in the Reserve, to support such a great number of large beasts. Mara too was silent and just good enough to provide hiding bush to hippos.

I was very curious to learn as to what makes these wildebeests and zebras take up this arduous journey, full of risk to their lives, every year, without fail.

This had aroused my curiosity to peep in to the other side of Mara, in to the plains of Serengeti to understand the phenomenon to satisfy an old wildlife manager's inquisitiveness.

Several things happened in last one decade to keep me from making this adventure trip, but it was my dream, so these obstacles or not, I decided not to let them deter me from making this trip at long last. Ultimately last September 2025, I flew to Tanzania to land at its small airport, Kilimanjaro, named after the mount having highest peak (5895 mtr) in entire African continent. It is also the highest volcano in the Eastern hemisphere.

I was accompanied by my friend Ramjilal Agrawal, who was with me also on the last Masaaimara trip. We drove to Arusha, a fairly good town with people from different ethnicities. Arusha hosts mountaineers and wildlife enthusiasts from world over, with a majority from Europe. Bill Clinton, the then President of USA, nicknamed it, 'Geneva of Africa.' The town has ample number of good Indian restaurants.

While heading to Arusha for the night stay, our guide with pride shared that the Christian dominated Tanzania, with 7 crore of people, is home to Muslims too, with about 40% of the population and several lakh others practicing different faiths/religions including Hindus and Sikhs. He boasted Tanzania to be among most peaceful countries in the continent.

With high yields of tea, coffee, cotton, cashew and tobacco, it is an agro-based country but earns huge revenue from export of gold, diamond, tanzanite, chrome, oil and gas.

We did not encounter much problem during this trip as English too is an official language along with Swahili, this otherwise highly diverse country, inhabiting about 125 ethnic groups of people speaking more than 100 languages.

Early morning, we started from Arusha with bag and baggage in the vehicle with convertible roof, specially made for jungle trips. Also, a small fridge was fitted in its luggage compartment.

Though Tanzania possesses 22 National Parks, but of all of them, the Serengeti, located on its North, is richest in wildlife. In fact, Serengeti ecosystem is much bigger than the Serengeti National Park and encompasses other wildlife reserves like Ngorongoro Conservation Area and Tarangire National Park.

It had begun with my immense fascination for elephants, an extraordinary animal, that I started this wildlife expedition in Tanzania from the Tarangire National Park, which supports a mentionably high elephant population.

This 2400 Sq km reserve is located about 120 kilometer West of Arusha, the tourist hubspot. It was a pleasure driving through a new highway, with sparse vehicle, very unlike Indian roads. In fact, this entire landscape, more popular as Serengeti, is home to semi-nomadic pastoralist tribes like Maasai and Barbeig, living in harmony with the wild inhabitants from times immemorial.

Yet, with the rise of awareness about human rights and political support, the locals are showing their resentment against growing man-animal conflicts, especially during dry season when animals in large number raid their crops. Government is running several schemes to provide safe corridor to such migrating populations and also running welfare schemes for the people falling victim to such raids by herbivores and attacks by carnivores.

It was interesting to note that tiny school kids had lined up at the Park entrance gate under supervision of their teachers. With sun high in the sky, it seemed bit too much for these kids, yet, they seemed okay. Also, some photo sessions were going on, arranged by the schools for individuals and groups, to capture these moments. Unlike Indian Wildlife Reserves, this booking place had adequate washroom facilities for the visitors. The waiting compound was full of safari vehicles with tourists, mostly Europeans. Interestingly, alike ours, all the vehicles were loaded with suitcases and other luggage, indicating that most of these were heading to Serengeti National Park after completing this visit.

At the entrance gate were two huge, gigantic trees. The guide identified this to be 'Baobab (Adansonia digitata) tree,' an iconic tree to this reserve and the larger landscape. Of course, this huge, branchy tree spread in this entire reserve adds unique beauty to the landscape by forming skyline. It is believed that a baobab tree lives for centuries. Though all kinds of animals, birds enjoy its shade, but it is a favourite of elephants, as to them, it is the only tree which can provide adequate shade during hot hours, considering the size of the beast. Also, Baobab is believed to store thousands of liters of water in its trunk for its survival through the draughts. Like Peepal (Ficus religiosa) in India, this African baobab bears high cultural valve for Tanzanians, they ascribe to it endurance and wisdom.

While we were searching for some elephant herds, suddenly, the guide spotted a huge python (African Rock Python) wrapped around branch of an acacia tree. Its skin decorated with attractive patterns/ blotches was shining under sunlight. There was a pair of hornbill birds, not very far from this monster who was cautiously inching forward to take these in its grip.

The birds, busy in conference with each other, seemed totally unaware of the carnivore's movement. We were impatiently viewing this drama of nature. The clever python motionlessly kept crawling ahead till the tall birds' hanging tail came in its range. And then, suddenly, the giant leapt upwards opening its tunnel like mouth to grab the birds. The impact of the act was so intense that it could stop any onlooker's breath for a while. Our eyes were riveted to the scene.

While serving Keoladeo National Park, Bharatpur for half a decade, I had the opportunity to witness pythons catching even big animals but it was something new to me too, a new understanding of animal behaviour. The birds had seemed foolish not to notice the mighty enemy's presence, and suddenly sensed its presence and fled away clean.

Ramji, my friend, not much conversant with this science of nature, exhaled a big sigh of relief at the failure of this trap; to me, it was witnessing an interesting drama.

We were not very far from the Tarangire river, the lifeline of this reserve. Being noon, it was not a good time to expect much activity on the land, therefore, I asked the driver to check the river side. I was hoping to see some elephant herds there. While rushing towards the river side, we witnessed a small herd of 'fringe eared oryx' resting under a huge baobab tree. This beautiful animal was a new species for me. Tarangire supports a good number of this antelope.

Mostly, they are nomadic and travel in herds in search of new pastures. Peculiarly, a dominant female leads the herd while a dominant male works as a guard and protector by staying at the tail. Rarely, some males live solo; marking their territory by their dung like the Indian Nilgai.

While crossing through the semi-dried grassland, I sighted two wild boar like animals. These were Warthogs, a relative of Wild boar, though pretty different in anatomy and appearance.

These grey skinned animals bore a mane of long, dark brown hair on their spine but rest of the body had sparse hair. They had two pairs of tusks, of which the sizably huge one, set upper side was typically curved upwards unlike wild boars, belonging to the same family. The guide told that it is used for fights and establishing individual's superiority over others. 2-3 pairs of bumps on their snouts too made them appear so different from Wild boars. The guide shared that their razor sharp lower tusks are more deadly than the longer ones. This reserve is full of these animals as 'Tarangire' means 'River of Warthogs.'

This prolific breeder certainly serves as great prey base for the carnivores here like lions, leopards and cheetahs.

Apart from savanna with shrubs and scattered baobab, acacia trees, the reserve is a treasure of river valleys and swamps, supporting huge number of animal species. The granitic ridges covered with thin grass and scattered trees, shrubs add special affect to the beauty of the wilderness.

While I was busy capturing views of grasslands and valleys, a small herd of elephants came close to us. I was still engrossed in my job, when my friend Ramji nudged me with a whisper an alert about the approaching 'bigs.' Oh my God; the female elephant with a calf was almost upon us. I ducked down into the safety of the vehicle, lest it pick me up by its loosely hanging huge trunk.

I asked the driver to pull back but he did not; perhaps, he was more knowledgeable about elephant behavior in this part of the world; well in India, it was impossible to save yourself if a wild elephant comes so close to you. Perhaps, here, the elephants were more used to tourist cars like the tigers in many of Indian National Parks.

Inspite of the driver's assurance, I was not ready to take any chance with elephants coming so close to us, I insisted to move towards the river. September in Tanzania, being a dry season, the river had narrowed considerably, yet, there was enough water for playful elephants and their calves. Unlike Indian subcontinent, in Africa, female elephants too bear tusks like the males. It was difficult to distinguish their gender except for presence of calves who keep sticking to their mothers.

The tusks' ivory, shining under the sun rays spraying from the western granite hills partially covered with short grasses and scattered trees, had increased the mesmerizing effect of the scene before our eyes. More and more elephants were joining this group, enhancing the size of the herd. Generally, they were silent but the small herd of some male elephants, grazing at not much distance from the female herd, were not so quiet.

The tallest of this group was pushing another tusker, who seemed no match to it in size but was resisting it by trumpeting and kicking dust now and again. Seemingly, the smaller one was not ready to give up in the presence of the females, though at a distance. This friendly fight was not only a feast to our eyes but also to the female elephants, who gazed at them occasionally. And then suddenly, the taller giant attacked the smaller one with intention to knock it down; here, the poor fellow gave up and ran away towards the riverside for life, ending the duel.

The presence of several young and very young calves was a proof of healthy elephant population in Tarangire.

It was impressive to find a designated proper lunch site inside the Park, consisting of one open platform and another one guarded by an iron mesh against intruding animals, especially the Vervet monkeys, fond of visiting such picnic areas; but we encountered none. Ofcourse, after lunch while heading towards the northern side, we found a troop of Baboons, resting under the shade of a huge Baobab tree; they otherwise are commonly found around the waterholes. But for a short tail and peculiar back, its front resembles the Indian Hanuman langoor.

I knew that asking for cheetah sighting was bit too much at this hot hour of the day, yet, our eyes were roving all around for it. The driver wanted to leave the reserve soon, in order to reach the night halting place, at Karatu, some 100 km away from here. While I wanted to hang around bit longer and try our luck for cheetah sighting. The driver was scared of strict police rules against speedy vehicles especially on highways and was in hurry to exit. Unwillingly, I gave up knowing that we had him with us for the entire trip and little roughing could spoil our Serengeti trip as well.

We headed towards the exit, and then, on a turn found a medium sized cheetah, resting under an Acacia tree. It was a great sight, a feast to our eyes and my camera, and I went crazy capturing this beautiful animal; that we lost in Indian jungles 3/4th century back. All sighting that could be wished for accomplished by grace of God.

rajeshsharma1049@gmail.com


Lunch spot inside Tarangire NP.




Author at Kilimanjaro Airport.





Wildebeest Crossing Mara, Great Migration.


Baboons.


Zebras.


Giraffe.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सालासर में होटल बुकिंग के नाम पर यात्रियों से करोड़ों की ऑनलाइन ठगी

## अब तक दो करोड़ से अधिक रुपए विभिन्न होटल, धर्मशालाओं के नाम पर ठगे

- सायबर फ्रॉड करने वाले ठग सालासर की एक दर्जन से अधिक होटल, धर्मशालाओं की फर्जी वेबसाइड बनाकर करोड़ों रुपए ऐंठ चुके हैं
- सालासर थाने में होटल सृजन के मैनेजर द्वारा मुकदमा भी दर्ज कराया जा चुका है, लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं
- घटना को लेकर डीजीपी को भी अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक पुलिस ठगों तक नहीं पहुंच पाई है

**सुजानगढ़, (कास)।** धार्मिक नगरी सालासर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अब तक करोड़ों रुपए का साइबर फ्रॉड हो चुका है। ये फ्रॉड ऑनलाइन होटल बुकिंग के नाम से किया जा रहा है। सायबर फ्रॉड करने वाले ठग सालासर की एक दर्जन से अधिक होटल, धर्मशालाओं की फर्जी वेबसाइड बनाकर करोड़ों रुपए ऐंठ चुके हैं। इस संदर्भ में सालासर थाने में होटल सृजन के मैनेजर द्वारा मुकदमा भी दर्ज कराया जा चुका है, लेकिन मुकदमा दर्ज होने के बाद भी सालासर पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। सृजन होटल के मैनेजर कमल अग्रवाल ने बताया कि घटना को लेकर डीजीपी को भी अवगत करा चुके हैं, लेकिन पुलिस ठगों तक नहीं पहुंच पाई है।

**सृजन सेवा ट्रस्ट में होटल बुकिंग के नाम पर ऐंठे करोड़ों रुपए :-** कमल अग्रवाल ने बताया कि 27 नवंबर को मैनेजर आदित्य शर्मा ने थाने में रिपोर्ट देकर ठगी का मामला दर्ज कराया था, जिसमें पुलिस को बताया गया कि सृजन सेवा सदन सहित अन्य दो, तीन नामों से ठगों के द्वारा फर्जी वेबसाइट बना ली गई। इसके पश्चात कई यूपीआई आईडी में पैसे बुकिंग के नाम पर यात्रियों से डलवा चुके है। यात्री अमित कंदोई से 4400 रुपए, अंकुश पनपेजा से 3400 रुपए, सिद्धार्थ जैन से 7480 रुपए, निखिल महाजन से सात हजार रुपए ऑनलाइन फ्रॉड करके ऐंठ लिए गए।

होटल के मैनेजर कमल अग्रवाल ने बताया कि जब श्रद्धालु ऑनलाइन होटल बुक करके सालासर पहुंचे तो घटना का खुलासा हुआ। होटल काउंटर पर बुकिंग की जानकारी श्रद्धालुओं द्वारा दी गई तो मामले का खुलासा हुआ।

**निर्माणाधीन मकान पर फायरिंग की :-** उदयपुर में कुराबड़ थाना क्षेत्र जगत गांव में निर्माणाधीन मकान पर अज्ञात बदमाश ने फायरिंग की। इसका पता चलने पर पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित किशन पुत्र पूनमचंद खटीक निवासी जगत ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि 27 दिसंबर रात में मैं व मेरी मां मोहन बाई, भाई सुरेश, बच्चा रोहित व बच्ची खुशी रात में खाना खाने के बाद सोए थे। देर रात बाद में पटाखा फोड़ने जैसी आवाज आई थी। इस पर दूसरे दिन जाग होने पर देखा तो दरवाजे के प्लास्टर में गड्ढा पाया गया एवं पत्थर की चोखट खंडित होना पाया गया। इस पर अज्ञात बदमाश द्वारा धमकाने की नियत से फायरिंग करने की संभावना जताते हुए पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है, जिसकी जांच एएसआई जग्गालाल कर रहे हैं।

# पदयात्रा पर निकले पूर्व पार्षद की हार्ट अटैक से मौत


चिड़ावा नगरपालिका के पूर्व पार्षद मनोज महमिया।

- चिड़ावा से 88 किमी दूर शाकंभरी धाम के लिए पदयात्रा पर निकले थे पूर्व पार्षद मनोज महमिया

**झुंझुनूं, (निसं)।** पदयात्रा पर निकले चिड़ावा नगरपालिका के पूर्व पार्षद को हार्ट अटैक आ गया। वे झुंझुनूं-गुढ़ा रोड पर खींवासर के पास बस स्टैंड पर आराम करने रुके थे और बैठे-बैठे गिर पड़े। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से करीब एक घंटे पहले उनका छोटा भाई उन्हें नए जूते भी देकर गया था। मामला झुंझुनूं के गुढ़ागौड़जी थाना के इलाके खींवासर क्षेत्र के स्टेट हाईवे 37 पर बालाजी स्टैंड के पास का बुधवार दोपहर का है।

गुढ़ागौड़जी थानाधिकारी सुरेश रोलन ने बताया कि स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति के सड़क पर पड़े होने की सूचना दी थी। इसके बाद यहां पहुंचे तो पता चला कि व्यक्ति चिड़ावा निवासी 45 वर्षीय मनोज महमिया है। मनोज खुद तथा उनकी पत्नी अंजू महमिया चिड़ावा नगर पालिका में पार्षद रह चुकी हैं। एम्बुलेंस की मदद से शव को गुढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में भिजवाया गया। परिजनों के अनुसार मनोज बुधवार सुबह छह बजे चिड़ावा से 88 किमी दूर शाकंभरी धाम के लिए पदयात्रा पर निकले थे। इस दौरान चिड़ावा से 13 किमी आगे सोलाना के पास उनके जूते टूट गए थे। ऐसे में करीब 11 बजे के करीब उन्होंने जूते देकर जाने के लिए फोन किया था। तब छोटा भाई जाकर उन्हें नए जूते देकर गया था। इसके बाद यहां से 10 किमी आगे खींवासर बस स्टैंड के पास आराम करने के लिए रुके थे। वहीं बैठे बैठे गिर गए।

जानकारी के अनुसार, पत्नी अंजू नगर पालिका के वार्ड नंबर 20 से पार्षद चुनी गई थी। 24 सितम्बर 2025 को डीएलबी निदेशक ने लेटर जारी कर पार्षद से आयोग्य घोषित कर दिया था। पार्षद बनने से पहले उनकी 2 बेटियां थीं, बाद में 1 बेटा और हुआ था जिसके बाद 2 से अधिक संतान के नियम के आधार पर उन्हें सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। मनोज से पहले पिता रतन लाल महमिया और मनोज की माता जी का भी इसी साल देहांत हो गया था। परिवार में अब पत्नी निवर्तमान पार्षद अंजू महमिया और दो बेटियों व एक बेटे के अलावा छोटा भाई संजय व उसका परिवार है।

# ठगी करने का आरोपी कर्नाटक से गिरफ्तार


आरोपी खीमाराम बागरी


- पीतल की माला को पुराने जमाने का असली सोना बताकर लाखों की ठगी की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। थाना पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने एक ऐसे अंतराज्यीय गिरोह के सदस्य को दबोचा है, जो पीतल की माला को पुराने जमाने का असली सोना बताकर लाखों की ठगी करता था।

जानकारी के अनुसार मामला 21 जुलाई 2025 का है, जब शहर के एक व्यापारी अभिषेक असावा को दो लोग मजदूर बनकर मिले। उन्होंने खुद को खादुश्याम भक्त बताया और मजबूरी का बहाना बनाकर पुश्तैनी सोना बेचने की पेशकश की। झांसे में लेने के लिए उन्होंने जांच के लिए असली सोने का एक छोटा टुकड़ा दिया, जो जांच में सही निकला। व्यापारी का भरोसा जीतने के बाद, 29 जुलाई को कुंभा सर्किल पर आरोपियों ने व्यापारी से 23 लाख रुपये नकद ले लिए और बदले में पीतल के गहनों से भरी थैली थमाकर फरार हो गए। एसपी धर्मेंद्र सिंह और एएसपी पारस जैन के निर्देशन में प्रतापनगर थाना प्रभारी राजपाल सिंह की टीम ने तकनीकी जांच शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी खीमाराम बागरी (33) को कर्नाटक से गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रूप से जालोर का रहने वाला है।

पूछताछ में खीमाराम ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। यह गिरोह राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में फूल और गमले बेचने की आड़ में रईस लोगों को टारगेट करता था। खीमाराम ने भीलवाड़ा, राजसमंद, उज्जैन, पुणे और बारां में 10 से ज्यादा वारदातों को कबूला है, जिनमें लाखों रुपये ठगे गए। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

# नये साल के आगमन पर रणथंभौर पहुंचे हजारों पर्यटक



रणथंभौर टाइगर रिजर्व में पर्यटकों ने टाइगर सफारी का लुत्फ उठाया।

- टाइगर सफारी बुकिंग से लेकर होटल के कमरे तक सब कुछ फुल
- रणथंभौर में इस साल पिछले सालों की तुलना में पर्यटक अधिक आ रहे हैं

**सवाईमाधोपुर, (नि.सं.)।** विश्व के जाने-पहचाने रणथंभौर टाइगर रिजर्व में नया साल 2026 का जश्न मनाने देश-विदेश से हजारों की संख्या में पर्यटक पहुँचे हुए है। होटल इंडस्ट्री और अभयारण्य से जुड़े लोगों ने बताया कि सवाईमाधोपुर में नया साल को सेलिब्रेट करने के लिए भारी संख्या में पर्यटक आने से टाइगर सफारी में एक भी टिकट खाली नहीं है और सभी होटल में कमरे फुल है।

टिकट की बात करें तो आगामी एक सप्ताह के लिए बुकिंग फुल चल रही है। रणथंभौर नेशनल पार्क बाघों की अठखेलियों को लेकर देश-विदेश तक विख्यात है। यहां आमतौर पर सालभर देशी और विदेशी पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहता है। रणथंभौर में बुकिंग आगामी एक सप्ताह के लिए फुल चल रही है। कांग्रेस पार्टी के सीनियर नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी अपने पूरे परिवार के साथ 30 दिसंबर को दोपहर सवाईमाधोपुर पहुँचे थे। उनका होटल शेरबाग में 2 जनवरी तक रुकने का कार्यक्रम बता गया है। उनके कुछ परिवार के सदस्यों ने टाइगर सफारी भी की है। आगामी दिनो में राहुल गांधी प्रियंका गांधी भी अभयारण्य भ्रमण पर जा सकते हैं।

रणथंभौर के पर्यटन डीएफओ संजीव शर्मा का कहना था कि रणथंभौर में इस साल पिछले सालों की तुलना में पर्यटक अधिक आ रहे हैं, जिसके चलते विभाग को भी सभी पर्यटकों को टाइगर सफारी करवाने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि एनटीसीए की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की मदद की जा रही है। डीएफओ शर्मा का कहना है कि एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार रणथंभौर में एक पारी में 140 से 145 वाहन ही भ्रमण पर भेजे जा सकते हैं। हालांकि पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विभाग की ओर से पांच वाहन पर्यटकों के लिए अलग से चलाए गए हैं, लेकिन वह वाहन भी ना के बराबर साबित हो रहे हैं। पर्यटन डीएफओ संजीव शर्मा ने बताया कि आगामी पांच जनवरी तक रणथंभौर में टाइगर सफारी पूरी तरह फुल चल रही है।

# करंट की चपेट से युवक की मौत

- जाली लगाने के लिये नाप लेने के दौरान करंट लगा

**कोटा, (निसं)।** दादाबाड़ी थाना इलाके में एक मकान पर कबूतर जाली लगाने के लिये नाप लेने के दौरान बालकनी के सामने निकल रहे विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार श्रीनाथपुरम् निवासी सोनू शाक्यवाल (26) अपने बड़े भाई के साथ काम पर गया था। सोनू व उसका भाई दोनों फेब्रिकेशन का काम करते हैं, दादाबाड़ी में एक मकान पर जहां कबूतर जाली लगानी थी, मौके पर गये थे। साईट पर सोनू नाप लेने के लिये मकान के दूसरे फ्लोर पर गया, जहां नाप लेने के दौरान बालकनी से गुजर रहे विद्युत करंट की चपेट में आने से अचेत हो गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दादाबाड़ी थानाधिकारी बलदेव राम ने बताया कि सोनू शाक्यवाल मकान पर कबूतर जाली लगाने के लिये नाप ले रहा था, नाप लेने के दौरान नाप लेने वाला फीता छूटकर विद्युत लाइन पर गिरा, जिससे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# भीलवाड़ा में एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार


भीमगंज थाना पुलिस और डीएसटी ने दो तस्करों को दबोचा।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीमगंज थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई में 17 ग्राम से ज्यादा एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा जिले में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत भीमगंज थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने शहर में मादक पदार्थ एमडी की तस्करी करने वाले दो शातिर आरोपियों को रंगे हाथों दबोचा है। पुलिस उपाधीक्षक माधव उपाध्याय और सज्जन सिंह के सुपरविजन में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने 29 दिसंबर को गश्त के दौरान दो संदिग्धों को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से 17.77 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आफताब सिलावट उर्फ मोंटा निवासी गुलजार नगर और वसीम अकरम उर्फ पुई उर्फ अक्कू निवासी सांगानेरी गेट के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में भीमगंज थाना प्रभारी उगमाराम और उनकी टीम के साथ-साथ डीएसटी (जिला विशेष शाखा) के हेड कांस्टेबल बंटी और कांस्टेबल शम्भु जीनगर का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि यह पता चल सके कि वे यह ड्रग्स कहां से लाए थे और किसे सप्लाई करने वाले थे।

# आयोग ने मॉडल उत्तरकुंजी जारी की

**अजमेर, (कास)।** सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2025 के अंतर्गत हिंदी, पॉलिटिकल साइंस, हिस्ट्री, इंग्लिश एवं फिजिक्स विषय की मॉडल उत्तरकुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई हैं।आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त विषयों की परीक्षा का आयोजन 8 से 11 दिसंबर 2025 तक किया गया था। यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तरकुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 3 से 5 जनवरी को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है।

# झुंझुनूं रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने की मांग, आज से चलेगा अभियान

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं रेलवे स्टेशन को रेलवे जंक्शन बनाने की मांग को लेकर शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा एक जनवरी से "झुंझुनूं मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान" चलाया जाएगा।

शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि एक जनवरी से 2026 को समिति द्वारा झुंझुनूं रेलवे स्टेशन के अधीक्षक को रेल मंत्री, उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक एवं जयपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के नाम अलग-अलग मांग पत्र सौंपे जाएंगे। इस अभियान में झुंझुनूं से होकर नई रेल सेवाओं का संचालन शुरू करवाने एवं यात्री सुविधाओं की विभिन्न मांगों को भी शामिल किया गया है। अभियान में प्रमुख रूप से झुंझुनूं से चनाना, जसरापुर, खेतड़ी, निजामपुर, झुंझुनूं से बिसाऊ, चुरू, झुंझुनूं से मंड्रेला, पिलानी, सादुलपुर, झुंझुनूं से गुढ़ा, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना, नूआं से मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी, रतनगढ़, चिड़ावा से सिंघाना, खेतड़ी, डाबला, नवलगढ़ से लोहार्गल, शाकंभरी, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना के लिए नई रेल लाइनें बिछाने की मांगें शामिल है। अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान में झुंझुनूं से होकर अहमदाबाद, सूरत, मुंबई, पुणे, दिल्ली, हरिद्वार, कोलकाता, गुवाहाटी, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, उदयपुर सिटी, जोधपुर एवं श्रीगंगानगर के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने तथा झुंझुनूं से प्रतिदिन दोपहर बाद जयपुर के लिए एवं जयपुर से प्रतिदिन शाम को झुंझुनूं के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने की मांगें भी शामिल की गई है। जन संघर्ष अभियान में सूरजगढ़, चिड़ावा, रतनशहर, नूआं, डूंडलोद मुकुंदगढ़, नवलगढ़, बिसाऊ एवं महनसर आदि रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मों की लंबाई एवं ऊंचाई बढ़ाने तथा सूरजगढ़, रतनशहर, नूआं, डूंडलोद मुकुंदगढ़, नवलगढ़ एवं बिसाऊ आदि रेलवे स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज बनाने की मांगों को भी शामिल किया गया है।

# 3300 किमी की पैदल यात्रा पर निकले पर्यावरणविद् रॉबिन सिंह का स्वागत


पर्यावरणविद् रॉबिन सिंह का बूंदी में माला पहनाकर स्वागत किया।

**बूंदी, (निसं)।** गंगोत्री (गौमुख) से रामेश्वरम् तक नदियों को बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर 3300 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रहे प्रसिद्ध पर्यावरणविद् रॉबिन सिंह बुधवार को अपने यात्रा पड़ाव के दौरान छोटी काशी बूंदी पहुंचे। यहां पहुंचने पर स्थानीय पर्यावरणविदों और सामाजिक संगठनों ने रॉबिन सिंह का स्वागत व अभिनंदन किया।

बूंदी में वरिष्ठ पर्यावरणविद एवं समाजसेवी विट्ठल सनाढ्य की अगुवाई में रॉबिन सिंह का स्वागत किया गया। त्रिलोकी नाथ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक और पर्यावरण प्रेमियों ने उनका सत्कार किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुंज बिहारी बिलिया, समाजसेवी संदीप चंदवानी और पर्यावरण कार्यकर्ता आनंद सनाढ्य ने रॉबिन सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान रॉबिन सिंह ने अपनी यात्रा के अब तक के संस्मरण साझा किए और नदियों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान शिक्षाविद् अशोक तलवास, सतीश जोशी, बलभद्र सिंह कापरेन, संजय पुरी, जगदीश सिंह हाड़ा, बुद्धिप्रकाश पुंडीर ने उनके इस पुनीत कार्य और दृढ़ संकल्प की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि नदियों को बचाने के लिए ऐसी जागरूकता यात्राएं समय की मांग हैं। इस महायात्रा में रॉबिन सिंह अकेले नहीं हैं, बल्कि उनके साथ उनकी पत्नी रागिनी सिंह, राम धीरज सिंह और रविंद्र सिंह भी लगातार कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं।

# मांगों को लेकर अजमेर डिस्कॉम विद्युत कर्मचारी संघ का झुंझुनूं में प्रदर्शन

## 15 दिन में मांगें नहीं मानी तो कर्मचारी संघ ने अनशन की चेतावनी दी


झुंझुनूं में अजमेर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन किया।

- प्रदर्शन में जिले के 24 उपखंडों से आए बिजली कर्मचारियों ने भाग लिया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित हवाई पट्टी के समीप अजमेर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अजमेर डिस्कॉम विद्युत कर्मचारी संघ की ओर से प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में जिले के 24 उपखंडों से आए बिजली कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध जताया।

संघ के जिला महामंत्री सुरेश शर्मा ने बताया कि जिले में जिन 33 केवी जीएसएस को ठेके पर दिया हुआ है, उनका संचालन निगम की शर्तों के अनुरूप नहीं हो रहा है। साथ ही वहां कार्यरत कर्मचारी भी निगम के मानकों के अनुसार नहीं हैं, जिससे जीएसएस का समुचित संचालन प्रभावित हो रहा है और डिस्कॉम को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा तकनीकी कर्मचारियों के बतौर फीडर इंचार्ज का करीब 44 लाख रुपए का इंसेंटिव पिछले छह माह से नहीं मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकांश बिल्डिंग व जीएसएस भवन क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिनका शीघ्र निर्माण कराया जाना आवश्यक है। तकनीकी कर्मचारियों की संख्या के अनुपात में बिलिंग मशीनों की कमी है, जिसे पूरा किया जाए। साथ ही सभी कर्मचारियों को परिचय पत्र जारी करने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए, सद्बुद्धि यज्ञ भी किया। संघ ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिन के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। धरने की अध्यक्षता सुभाष चेजारा ने की।

इस मौके पर डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी ने बताया कि मांगों को ना माने जाने पर 16 जनवरी से क्रमिक अनशन शुरू होगा। धरने में अधीक्षण अभियंता महेश कुमार ने आकर उचित मांगों के निस्तारण का आश्वासन दिया। साथ ही प्रबंध निदेशक ने अधीक्षण अभियंता से तुरंत वार्ता कर जल्द फीडर इंसेंटिव भुगतान का कार्मिकों को आश्वस्त किया। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री राजेश जांगिड़, वृत्त परिसर अध्यक्ष मूलचंद महला, श्रमिक संघ के जिला उपाध्यक्ष अनिल शर्मा आदि ने विचार रखे। खेतड़ी अध्यक्ष रमेश सैनी ने पांच भजन करवाकर प्रशासन को जागृत करने का संदेश दिया। धरने में जिले सभी उपखंडों पदाधिकारी कार्मिक शामिल हुए। जिला संयुक्त महामंत्री शैलेश यादव, अजीत लमोरिया, जिला उपाध्यक्ष बीपीसिंह, द्वारका, मानसिंहप्रसाद, मनोज झेरली, अशोक सैनी, सह संगठन मंत्री राजवीर सामरिया, विशाल कर्णावत, सुनिल, प्रवीण अवाना, श्रीराम, मनोजसिंह, रजनीश स्वामी, मनोज झेरली, जयवीरसिंह, हरकेश सैनी, कर्मवीर, राजेंद्र सैनी, आनंद, गुरुदयाल, श्रवणकुमार, अनिलकुमार, राहुल कुलहरि, वीरेंद्र सैनी, सीताराम सैनी, रामसिंह सैनी, विकास सैनी, अजीत मीणा, विकास सैनी, ओमप्रकाश बिजारणिया, सोमेश स्वामी, अशोक सैनी, महेंद्र गुर्जर, जयसिंह, अनिलकुमार, दलीपकुमार, विकासकुमार, विजेंद्र झाझड़िया, विजयपाल चाहर, विकास नेहरा, संदीप शर्मा, रमेश सैनी, सुनिल सैनी, मुकेश सैनी, विकास सैनी, प्रमोद सैनी, बीकू मीणा व विजयपाल गुर्जर सहित सैंकड़ों कार्मिक शामिल हुए।

# प्रदेश की 502 स्कूल जर्जर अवस्था में, 212 भवन बैठने लायक नहीं

**बीकानेर, (निसं)।** राज्य की 502 स्कूलों की बिल्डिंग जर्जर है। इसमें से 212 स्कूलों के भवन इतने जर्जर है कि बच्चों के लिए बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। इन स्कूलों के छात्रों को अब अस्थायी रूप से पास के सुरक्षित स्कूलों में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं 290 स्कूलों में बच्चों को उसी स्कूल के दूसरे क्लासरूम में शिफ्ट किया जाएगा।

सबसे ज्यादा प्रतापगढ़ जिले में 26 स्कूल भवन जर्जर है। इसके बाद बीकानेर 18, बालोतरा में 16 और झालावाड़ में 15 स्कूल भवन बिल्कुल खराब हालत में है। 34 जिलों में 290 जर्जर स्कूल भवनों को चिह्नित किया है। पांच महीने पहले झालावाड़ के पिपलोदी में जर्जर स्कूल भवन की छत गिर गई थी। मलबे में दबने से सात बच्चों की मौत हो गई थी। इसके बाद संभावित हादसों वाले स्कूलों भवनों का सर्वे कर चिह्नित किया गया है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग डायरेक्टर सीताराम जाट ने बताया कि प्रदेश में कुल 502 राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल ऐसे है, जिनके भवन जर्जर है। 290 स्कूलों में बच्चों को उसी स्कूल भवन के अन्य कमरों में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं, 212 जर्जर स्कूल भवन इतने खराब है कि वहां बच्चों को बैठाना सुरक्षित नहीं है। मरम्मत कार्य पूरा होने तक जर्जर भवन वाले स्कूलों के छात्रों को सबसे नजदीकी सुरक्षित स्कूल में भेजा जाएगा। कोशिश रहेगी कि एक कक्षा के छात्र एक ही स्कूल में पढ़ें। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छात्रों को अलग-अलग कक्षाओं में पढ़ाया जाएगा, ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो।

अगर किसी स्कूल में बच्चों की संख्या ज्यादा हो जाती है तो कक्षाएं शिफ्ट में चलाई जाएंगी। इसके लिए सुबह और दोपहर की अलग-अलग शिफ्ट बनाई जा सकती है। ताकि सभी बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से चलती रहे। महात्मा गांधी सरकारी स्कूल अगर किसी दूसरे स्कूल में चल रहे हैं और वहां जगह की कमी होती है, तो उन्हें भी जरूरत के अनुसार दूसरे सुरक्षित स्कूल में शिफ्ट किया जा सकेगा।

माध्यमिक शिक्षा विभाग डायरेक्टर सीताराम जाट ने बताया कि जहां भी छात्रों को दूसरे स्कूल में भेजा जाएगा, वहां अभिभावकों को लिखित सूचना दी जाएगी। स्कूल के नोटिस बोर्ड पर भी जानकारी चस्पा की जाएगी। जर्जर भवन वाले स्कूलों के विद्यार्थियों को शिफ्ट करने के बाद अतिरिक्त स्टाफ की जिम्मेदारी तय की गई है। शिक्षकों को अभिभावकों से संपर्क में रहकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई छात्र अनुपस्थित न रहे। इसके साथ ही ड्रॉपआउट की स्थिति न बने। इसके लिए बॉट्सऐप ग्रुप बनाकर मॉनिटरिंग करने और स्थानीय स्तर पर काउंसलिंग के निर्देश भी दिए गए है। निगरानी की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारियों और संबंधित पीईईओ/सीबीईओ को सौंपी गई है।

## संक्षिप्त

### जादूगर ने हैरतंगेज कारनामे देखाए

**शाहपुरा ।** शाहपुरा के गणेशम सिनेमा हॉल में चल रहे विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट विकास व समां के शो में बुधवार को बडी संख्या में विद्यार्थी और लोग अपने परिवार के संग पहुंचकर आनंद उठाये। विश्व विख्यात जादूगर सम्राट विकास व समां के शो में जादूगर ने पैसों की बारिश करना, लडके को गायब करना, लडकी हवा में उडाना सहित कई हैरतअंगेज कारनामे दिखाए जिससे देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए। आपको बता दें कि नववर्ष पर स्कूल, कॉलेज के बच्चों व फेमेली को विशेष छूट दी जा रही है। इस दौरान जादूगर सम्राट विकास ने कहा कि जादू कोई टोना-टोटका नहीं अपितु विज्ञान एवं कला का एक अनूठा संगम है। अपने मैजिक शो के माध्यम से लोगों का भरपूर स्वस्थ मनोरंजन करने का प्रयास करते है। स्टेज के माध्यम से वे लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, दहेज प्रथा तथा अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश देना भी नहीं भूलते है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जादू के नाम पर लोगों को भ्रमित करने का कार्य करते है। ऐसे लोगों के चक्कर से हमें दूर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि जादू की कला हमारी धरोहर है। और इस धरोहर को जिन्दा रखने के लिए वे आए दिन नए-नए हैरतअंगेज कारनामों की खोज में लगे रहते है। जादूगर विकास ने बताया कि वो जापान, सिंगापुर, थाईलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड आदि देश विदेशों में हजारों सफल शो कर चुके है।

### नववर्ष की शुभकामना

**प्रागपुरा ।** थाना पुलिस द्वारा वर्ष 2025 के समापन और नववर्ष 1 जनवरी 2026 के शुभारंभ के उपलक्ष्य में प्रागपुरा थाना परिसर से शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश दिया । प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए। थानाधिकारी भजनाराम ने कहा कि बीते वर्ष 2025 में आमजन के सहयोग से प्रागपुरा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत किया गया, अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुधार और जनसुनवाई जैसे कार्यों में पुलिस को सकारात्मक परिणाम मिले।

### शांति भंग में सात गिरफ्तार

**टोंक।** टोडारायसिंह थाना क्षेत्र में थाना पुलिस टीम ने कस्बा टोडारायसिंह के जयपुर चुंगी नाका के पास शांति भंग आरोप में 7 आरोपी सद्दाम पुत्र शरीफ, अल्ताफ पुत्र शरीफ, सलमान पुत्र अ० लतीफ, पीर मौहम्मद पुत्र अब्दुल सतार, तनवीर पुत्र सलीम, मौहम्मद इस्लाम, व निजामुद्दीन पुत्र नूर मौहम्मद को गिरफ्तार किया है।

### पौषबड़ा महोत्सव

**निवाई ।** श्री मंदिर मूरली मनोहर जी महाराज बंशीवारा मंदिर झिलाय में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन हुआ। पौषबडा महोत्सव को लेकर महिला मण्डल ने भजन संकीर्तन किया एवं करके नाच गान करके भगवान को खूब रिझाया। इस दौरान महाआरती करके पौषबडा एवं हलवा का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी जिमाई गई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रेमचंद बोहरा, सरपंच प्रतिनिधि छोटूलाल जी शर्मा, महेश कुमार मिश्रा, रामपाल सिंगवाड्या, मूरलीधर बोहरा व बद्रीनारायण साहू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कार्यकर्ता सत्ता में हो या विपक्ष में जनता की सेवा में तत्पर रहता है : मिथलेश गौतम

**टोंक।** भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री मिथलेश गौतम का डिग्गी आगमन पर स्वागत करते हुए उन्हे तलवार व श्रीराम की तस्वीर भेंट की गई। इस दौरान मंहामंत्री गौतम ने डिग्गी कल्याण महाराज के दर्शन कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा सम्बोधित

■ **टोंक में भाजपा प्रदेश मंहामंत्री गौत्तम का भव्य स्वागत**

करते हुए कहा कि कहा कि भाजपा एक ऐसा संगठन है, जिसका कार्यकर्ता सत्ता में हो या विपक्ष में जनता की सेवा में तत्पर रहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार अच्छा काम कर रही हैं, पार्टी ने जो नया दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी निष्ठा और लगन से निभाएंगे तथा पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत सेतु बनकर काम करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चौहान ने



टोंक भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री मिथलेश गौतम का डिग्गी आगमन पर स्वागत किया।

कहा कि भाजपा एक ऐसा संगठन है, जिसका कार्यकर्ता सत्ता में हो या विपक्ष में जनता की सेवा में तत्पर रहता है, कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। इस दौरान मौके पर जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, जिला मंत्री तरुण टिक्कीवाल, मण्डल अध्यक्ष इंद्रपाल जाट सुनील सोनी, डॉ. अंकित जैन सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

### उप जिला अस्पताल का निरीक्षण

**निवाई।** उप जिला कलेक्टर प्रीति मीणा ने उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में सफाई की अव्यवस्था को देखकर नाराजगी जताई और सफाई कर्मचारियों को लताड़ लगाई। उप जिला कलेक्टर प्रीति मीणा ने बुधवार को सुबह करीब 9 बजे उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान कार्यवाहक पीएमओ डॉक्टर योगेंद्र विजय ने उपखंड अधिकारी को अस्पताल की व्यवस्थाओं से अवगत कराया। एसडीएम प्रीति मीणा ने चिकित्सालय की सफाई व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जाहिर की। एसडीएम प्रीति मीणा ने सभी महिला व पुरुष वार्डो का निरीक्षण किया।

उन्होंने भर्ती मरीजों से व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वार्ड में कचरा देखकर नाराजगी जताई और मौके पर ही सफाई कर्मचारियों को बुलाकर लताड लगाई। मौके पर एसडीएम मीणा ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र चौधरी से दूरभाष पर बात कर अस्पताल की सफाई व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### नव वर्ष पर छप्पन भोग



**जयपुर ।** गोयल परिवार की ओर से मानसरोवर के सेक्टर-8 सामुदायिक केन्द्र अरावली मार्ग पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को नंदोत्सव की धूम रही । श्रीकृष्णजन्मोत्सव की बधाइयां बांटी गई । खिलौने व मिठाइयों की उछाल की गई। इस मौके पर इससेपहलेलोगों ने भजनों पर सामूहिक रूप से नृत्य किया । कथावाचक प. गोपालकृष्ण शास्त्री ने भजनों के साथ कृष्णजन्म पर कथा प्रवचन किए। परिवार के दिनेशचन्द्रव प्रशांतगोयल ने बताया कि कथा रोजाना दोपहर 1.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक हो रही है । कथा में 1 जनवरी 2026 को नव वर्ष पर कृष्ण की विभिन्न लीलाओ पर कथा प्रचवन होंगे। कार्यक्रम मेंजयसिंह, शिवदयाल सेन, विष्णुदत्त शर्मा, पंकज गौड सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

### भजनामृत कार्यक्रम का आयोजन

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित सिद्धचक्र मण्डल अनुष्ठान के अन्तर्गत आचार्य वर्धमान सागर महाराज एवं मुनि हितेन्द्र सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में नसियां जैन मंदिर में भजनामृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें केशव एण्ड पार्टी भोपाल एवं गायिका हेमा जैन ने भजन प्रस्तुत किए। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सोधर्म इन्द्र सन्मति कुमार, कमलेश जैन, सुकुमाल जैन, महिपाल जैन एवं मोहित जैन चंवरिया ने भगवान शांतिनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। गायक केशव एण्ड पार्टी ने आओ बाबा पधारों बाबा, वर्धमान सागर नाम है जपुं दिन रात मै, मुझको पाश्वनाथ से लगाव हो गया, ओ गुरु सा थारो चेलों बणु म, दीवाना गुरुवर का दीवाना वर्धमान सागर का, थाने नेणां म रमाल्यु थाने हिवड़ा म रमाल्यु, केसरिया केसरिया आज हमारो रंग केसरिया सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। गायिका हेमा जैन ने गुरुवर की वाणी है कल्याणी सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें सैंकडों श्रद्धालुओं ने जमकर भक्तिनृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन पवन बोहरा एवं महावीर प्रसाद पराणा ने किया। इस दौरान आरती सजाओं प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मीनाक्षी भाणजा, सुहानी सुनारा एवं नीरु झिलाय को सोधर्म इन्द्र सन्मति जैन व कमलेश देवी जैन द्वारा चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नेमीचंद गंगवाल, महावीर प्रसाद पराणा, जितेन्द्र चंवरिया, हेमचंद संघी, सुशील गिन्दोडी, अरविन्द जैन, सुनील गिन्दोडी, विष्णु बोहरा, मनोज पाटनी, शम्भू कठमाणा, पारसमल चैनपुरा, रिंकू झांझरी, जयकुमार सुनारा, लालचंद कठमाणा, महेन्द्र चंवरिया, राजेन्द्र सेदरिया, प्रेमचंद सोगानी, नेमीचंद सिरस सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे। प्रवक्ता राकेश संघी व हितेश छाबडा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शशी जैन पाटनी कोलकाता ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मंगलाचरण आचार्य संघस्थ तारा अम्मा, नीलम जैन, शालू जैन, एवं आयुषी जैन ने किया। इस अवसर पर आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने कहा कि ज्यों ज्यों राग द्वेष की परिसमाप्ति होती है त्यों त्यों वैराग्य वृद्धिंगत होता है। जीवन संयमित अनुशासित हो जाता है। भावनाओं का एवं विचार धाराओं का केन्द्रीय करण हो जाता है। इसी तरह राग द्वेष आदि कर्म कालिमा के विच्छिन्न हो जाने पर मनुष्य भी भगवान बन जाता है। उन्होंने कहा कि राग द्वेष की परिसमाप्ति पर वैराग्य उत्पन्न होता है।

### गांव जगसरा को ग्राम पंचायत हिंगोनिया में ही रखने की मांग

**निवाई।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में गांव जगसरा के ठाामीणों ने गांव जगसरा को ठााम पंचायत हिंगोनिया में ही यथावत रखने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को मुख्य शासन सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि पंचायत के परिसीमन में गांव जगसरा को ठााम पंचायत दतवास में जोड दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ठााम पंचायत हिंगोनिया बुजुर्ग गांव जगसरा से मात्र 1 किलोमीटर पर स्थित है एवं ग्राम पंचायत दतवास करीब सात आठ किलोमीटर दूर है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने गांव जगसरा को ग्राम पंचायत हिंगोनिया में ही यथावत रखने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में भाजपा नेता लल्लूलाल सेन, अंबालाल मेंबर, कालूराम, गोपाल लाल, मुकेश गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य हंसराज मीणा, बृजमोहन गुर्जर, शिवराज मीणा, सुरेश मीणा, रामसहाय मीणा, भौरीलाल गुर्जर, पूर्व सरपंच छोटूराम मीणा, कजोड मीणा, दिनेश बैरवा, कैलाशचंद मीणा, किशन लाल एवं रामफूल सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### विशाल पदयात्रा आज

**निवाई।** गांव वनस्थली से श्याम बाबा निवाई के लिए गुरूवार को बैण्ड बाजे के साथ पदयात्रा रवाना होगी। । श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि वनस्थली से श्यामधाम निवाई के लिए गुरूवार को सुबह 8 बजे सवा ग्यारह मीटर का ध्वज पूजन करके पदयात्रा रवाना होगी। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का जुलूस डीजे के साथ गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए रवाना होगा। पदायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का पहला विश्राम वनस्थली गेट पर होगा। दूसरा विश्राम गांव पलई में होगा। इस दौरान वनस्थली मोड , जमात, पुलिया वाले बालाजी सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पदयात्रा का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया जाएगा।

### रक्तदान शिविर आज

**शाहपुरा ।** राजश्री कॉलेज आफ नर्सिंग में गुरुवार को स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद पारीक की 17वीं पुण्यतिथि पर रजनीश ब्लड बैंक रजनीश हॉस्पिटल शाहपुरा के सौजन्य से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। यह जानकारी कॉलेज के निदेशक दिलीप पारीक ने दी।

### राष्ट्रीय कराटे में चैंपियनशिप

**निवाई।** वनस्थली विद्यापीठ की कराटे टीम ने पांच स्वर्ण पदक, सात रजत पदक एवं सात कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर वनस्थली विद्यापीठ, टोंक जिला एवं राजस्थान का राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। कराटे एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप दीक्षित ने बताया कि नई दिल्ली में ताल कटोरा इंदौर स्टेडियम में तृतीय राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में वनस्थली विद्यापीठ की खिलाडी आद्या शक्ति, सौम्या श्री, शिवांशी प्रिया, आगस्ती, अनन्या सिंह तथा रिया सिंह ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसी प्रकार शिवांशी प्रिया, श्रुति, दीपांशी, कनिष्का, अश्विनी, शिवांगी तथा सौम्या ने रजत पदक प्राप्त किए ।

# विराट कवि सम्मेलन में गूंजे देशभक्ति के स्वर

**कोटपूतली।** नगर परिषद पार्क में बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी एवं कोटपूतली के पूर्व विधायक स्व. मुक्तिलाल मोदी की पुण्यतिथि पर काव्यांजलि-2025 नामक विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। स्व.मुक्तिलाल मोदी स्मृति संस्थान व अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सौजन्य से आयोजित इस सम्मेलन में देशभक्ति, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं से ओत-प्रोत रचनाओं की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ.ओमप्रकाश भार्गव के सानिध्य में हुए इस सम्मेलन

■ **साहित्य परिषद ने कविताओं के माध्यम से मुक्तिलाल मोदी को श्रद्धांजलि दी**

का संचालन परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.रमाकांत शर्मा 'सुमन' ने किया, जिन्होंने अपनी ओजपूर्ण और सहज शैली से श्रोताओं को लगातार बांधे रखा। बीच-बीच में उन्होंने अपनी हास्य-व्यंग्य और प्रेरक रचनाओं से तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी और मंच पर ऊर्जा बनाए रखी। कवि सम्मेलन की शुरुआत मलपुरा रिवाला धाम के गणेशानंद महाराज, विधायक प्रतिनिधि करण पटेल, कार्यक्रम आयोजक अशोक बंसल एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि मैथिली शरण बंसल, डॉ. वासुदेव गुप्ता, बजरंगलाल शर्मा, पवन दीवान, सुबेसिंह मोरोडिया सहित गणमान्यजनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके बाद आयोजन मंडल द्वारा सभी कवियों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संचालन में मां शारदे की वंदना के साथ शुरुआत करने के बाद डॉ. रमाकांत सुमन ने माहौल को पूरी तरह साहित्यिक रंग में रंग दिया। इसके पश्चात प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। साहित्य परिषद के जिला मीडिया प्रभारी बालकृष्ण शुक्ला ने बताया कि पावटा के नवनीत गौड ने नाम उस सेवक का मोदी मुक्तिलाल है... सुनाकर खूब दाद पाई। साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष धूड़ाराम पदम ने बहुत खूबसूरत है मेरा वतन... और मत तोडो अरावली की छोटी ने... सुनाकर वाहवाही लूटी। कवि सुनील शर्मा ने नमन कैसे करूं उनको जो देश को बांटे... जैसी सशक्त पंक्तियों से सभी का ध्यान खींचा। बहरोड की डॉ. सविता गोस्वामी ने लहरें हैं जो चलती रहती... जैसी लयात्मक रचना से सम्मोहित किया।

### 'समाज को बेहतर शिक्षा की आवश्यकता'


**निवाई।** देवभूमि जमात में स्थित श्री देवनारायण भगवान के पौष बडा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। सुरेश कसाणा ने बताया कि महोत्सव के दौरान श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष व तहसीलदार नरेश गुर्जर, महामंत्री रतनदीप गुर्जर और कोषाध्यक्ष जगदीशनारायण बोकण को खुली गाडी में बैठाकर गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में डीजे पर गुर्जर समाज के लोग देवनारायण भगवान के भजन गाते हुए चल रहे थे। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। हाडावाली ढाणी के प्रबुद्धजनों ने ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गुर्जर, महामंत्री रतनदीप गुर्जर और कोषाध्यक्ष जगदीशनारायण बोकण को माला, साफा और देवनारायण भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर अतिथियों ने समाज हित में निर्णय करने का आश्वासन देते हुए कहा कि समाज को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर निर्णय लेने की आवश्यकता है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अतिथियों ने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने का भी आ ान किया। इस दौरान गुर्जर समाज की महिलाओं ने देवनारायण भगवान के मांगलिक गीत गाए। कसाणा ने बताया कि महोत्सव में श्री देवनारायण भगवान की झांकी सजाई गई थी।

# वर्ल्ड मेडिटेशन एक्सपर्ट कमेटी में शिव कृपानंद स्वामी नियुक्ति

**सांभरझील**,(निसं)। वर्ल्ड मेडिटेशन डे कमिटी और जुंगटो सोसायटी ने दूसरे वर्ल्ड मेडिटेशन डे फोरम में पूज्य स्वामीजी को आमंत्रित किया । जहां वर्ल्ड मेडिटेशन फाउंडेशन के प्रयास से ही यूनेस्को ने विश्व ध्यान दिवस की घोषणा की थी। बता दें कि

हाल ही में 21 दिसंबर 2025 के दिन को पूरे विश्व में ध्यान दिवस के तौर पर मनाया गया। वर्ल्ड मेडिटेशन फाउंडेशन की पूरे विश्व की मेडिटेशन एक्सपर्ट कमिटी में भारत से हिमालयीन समर्पण ध्यानयोग के प्रणेता पूज्य शिवकृपानंद स्वामीजी की कमिटी मेम्बर के तौर पे नियुक्ति की है। परम पूज्य स्वामीजी ने सालों तक हिमालय में साधना करके जो ज्ञान पाया, वह पिछले 31 साल से समाज में ध्यान सीखाकर बाँट रहे हैं। पूज्य स्वामीजी के ज्ञान को महत्त्वपूर्ण मानते हुए वर्ल्ड मेडिटेशन डे कमिटी और जुंगटो सोसायटी ने दूसरे वर्ल्ड मेडिटेशन डे फोरम में एक प्रतिष्ठित वक्ता के तौर पर पूज्य स्वामीजी को आमंत्रित किया है। यह कार्यक्रम दक्षिण कोरिया के सियोल में जुंगटो सोशियल एन्ड कल्चरल सेंटर में 20 से 21 मार्च, 2026 को होगा।

गंभीर वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में, यह फोरम विज्ञान और आध्यात्मिकता के बीच की खाई को कम करके एक एकीकृत मेडिटेशन इकोसिस्टम की नींव रखने का लक्ष्य रखता है। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में



वर्ल्ड मेडिटेशन डे कमेटी ने दूसरे वर्ल्ड मेडिटेशन डे फोरम में पूज्य शिवकृपानंद स्वामीजी को सदस्य के रुप में प्रमाण पत्र सौंपा।

■ **हाल ही में 21 दिसंबर 2025 के दिन को पूरे विश्व में ध्यान दिवस के तौर पर मनाया गया। वर्ल्ड मेडिटेशन फाउंडेशन की पूरे विश्व की मेडिटेशन एक्सपर्ट कमिटी में भारत से हिमालयीन समर्पण ध्यानयोग के प्रणेता पूज्य श्री शिवकृपानंद स्वामीजी की कमिटी मेम्बर के तौर पे नियुक्ति की है।**

विश्व के सम्मानित ध्यान-गुरु, अठाणी वैज्ञानिक और सम्मानित प्रैक्टिशनर भी शामिल होंगे। दुनियाभर से आए हुए सम्मानित लोगों के भाषणों, पैनल चर्चाओं और इंटरेक्टिव वर्कशॉप की एक श्रृंखला इसमें होगी।

वर्तमान समय में हिमालयीन समर्पण ध्यान से 72 देशों के लोग आध्यात्मिक एवं सर्वांगीण प्रगति कर रहे हैं। ऐसे में पूज्य श्री शिवकृपानंद स्वामीजी को भारत की ओर से यह सम्मान मिलना बहुत गर्व की बात है। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को साकार करने के लिए और ध्यान को विश्वभर में फैलाने के लिए पूज्य स्वामीजी ने जो प्रयास किए हैं वे बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। इस कार्यक्रम में पूज्य स्वामीजी का ज्ञान मानव-जाति के लिए ठोस निर्णय लेने में फोरम को मददरूप साबित होगा।

### स्ट्रीट लाइट बंद, अंधेरे में डूबा मुख्य मार्ग

**पावटा।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा क्षेत्र में सुविधाओं के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कार्यों के अभाव में यही सुविधाएं अब आमजन के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही हैं। पालिका क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे में प्रागपुरा पुलिस थाने के सामने से मुख्य बाजार की ओर जाने वाला मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटें बीते कई दिनों से बंद पड़ी हैं, जिससे पूरा बाजार क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है।

शाम ढलते ही हालात और भी बदतर हो जाते हैं। अंधेरे के कारण राहगीरों, व्यापारियों और ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पालिका शहर के स्थानीय निवासी लालचंद मेहरा ने बताया कि किरो के मोहल्ले की इस व्यस्त आम सडक पर लगे तीन विद्युत पोलों की स्ट्रीट लाइटें पिछले करीब छह माह से पूरी तरह बंद पडी हैं।

इसके बावजूद अब तक न तो नगर पालिका ने इनकी सुध ली और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर निरीक्षण करना जरूरी समझा। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बाजार नगर का सबसे व्यस्त इलाका है, इसके बावजूद यहां की स्ट्रीट लाइटों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। अंधेरे के कारण चोरी-छिनैती की आशंका बढ़ गई है, वहीं महिलाएं और बुजुर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# जन्म शताब्दी वर्ष पर अटलजी को याद किया

**पावटा।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर उत्तर देहात द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर अटल स्मृति शताब्दी वर्ष को पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व आम नागरिकों ने अटल जी के विचारों, आदर्शों और राष्ट्रसेवा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया तथा उनके सुविचारों और कविताओं का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि, दूरदर्शी नेता और राष्ट्र निर्माता थे, जिनकी नीतियां आज भी देश को दिशा दे रही हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि अटल स्मृति शताब्दी वर्ष मनाने का उद्देश्य नई पीढ़ी को अटल जी के राष्ट्रवादी विचारों, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों



पावटा में भाजपा की ओर से अटल स्मृति शताब्दी वर्ष मनाया गया। समारोह में जिला संयोजक सौरभ सिंह शेखावत आदि मौजूद थे।

■ **भाजपा जयपुर उत्तर देहात ने अटल स्मृति शताब्दी वर्ष धूमधाम से मनाया, विचारों को नमन किया**

से जोडना है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके कार्यकाल में किए गए ऐतिहासिक निर्णयों और विकास कार्यों को याद किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलने और राष्ट्रिहत को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। आयोजन में जिला संयोजक सौरभ सिंह शेखावत, भाजपा नेता जगदीश यादव, पावटा भाजपा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, कृष्ण कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य दीपकराज जैन सम्मानित

निवाई । राजकीय महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन का राजकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों ने प्राचार्य को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया।

प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति दृढ संकल्पित होकर संघर्षरत रहें।

जिससे आपका भविष्य उज्जवल हो एवं ऊंचे पदों पर पहुंचकर अपने माता-पिता व समाज का नाम रोशन करें।

डॉ. मीनाक्षी बघेल ने बताया कि प्राचार्य की मेहनत एवं समर्पण ने उनको इस नए सुखद चरण में पहुंचाया है। महाविद्यालय परिवार आशा करता है कि प्राचार्य का आगामी जीवन स्वास्थ्य, खुशियों व विश्राम से भरा हो। इस दौरान छात्र-छात्राओं सहित संकाय सदस्य भाव विभोर हो गए।

# संभाग स्तरीय युवा महोत्सव मनाया

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान युवा बोर्ड युवा मामले एवं खेल विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को बीडीए ऑडिटोरियम जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गयाा। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा दलबीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा अतुल चतुर्वेदी एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुरेंद्र कुमार गोपालिया उपस्थित रहे। युवा महोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला अध्यक्ष ने कहा कि युवा महोत्सव आयोजन का उद्देश्य राज्य के दुर्लभ एवं लुप्त कला एवं संस्कृति का संवर्धन, संरक्षण एवं प्रोत्साहित करना है। राज्य के युवाओं में विभिन्न कला, कलात्मक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को विकसित करना तथा राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज करके उन्हें सुविधा देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु तैयार करके उनको स्वावलम्बी बनाना है। संयुक्त निदेशक ने प्रतियोगिता के निर्णय में लगे हुए निर्णायक मंडल को निष्पक्ष निर्णय देते हुए निर्विवाद प्रतियोगिता करने के

■ **युवा महोत्सव आयोजन का उद्देश्य राज्य के दुर्लभ एवं लुप्त कला एवं संस्कृति का संवर्धन, संरक्षण एवं प्रोत्साहित करना है**

निर्देश दिए साथ ही प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक द्वारा कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय सिंह कुंतल के अनुसार जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एग्जीबिशन ऑफ साइंस मेला एकल प्रतियोगिता में हिमांशी शर्मा डीग प्रथम, एग्जीबिशन ऑफ साइंस मेला की सामूहिक प्रतियोगिता में रिंकू और पार्टी डीग प्रथम स्थान पर रहे, सामूहिक लोक नृत्य में हेमलता मीना एंड पार्टी धौलपुर प्रथम स्थान पर रहे। इसी प्रकार एकल लोक नृत्य में-बॉबी जाटव करौली प्रथम, सामूहिक लोकगीत में राहुल तोमर एंड पार्टी भरतपुर प्रथम तथा एकल लोकगीत मैं प्रयाग गर्ग भरतपुर प्रथम रहे। उन्होंने बताया कि कविता लेखन में खुशी कुमारी डीग प्रथम, कहानी लेखन में पूजा कुमारी मीणा सवाई माधोपुर प्रथम, चित्रकला में रश्मि डीग प्रथम रही। भाषण प्रतियोगिता में दर्शिता शर्मा भरतपुर प्रथम, हस्तकला में निधि एवं हेमंत भरतपुर प्रथम रहे। उन्होंने बताया कि वस्त्र कला में नंदिनी उपमन भरतपुर प्रथम, कृषि उत्पाद प्रतियोगिता में दीपक शर्मा डीग प्रथम तथा माड़ना में श्रद्धा सोनी भरतपुर प्रथम स्थान पर रहे। खड़ताल में प्रियंका बेनीवाल करौली प्रथम, फड में गौरव भरतपुर प्रथम, भित्ति चित्र में गौरव पुत्र हरकिशन भरतपुर प्रथम, भपंग में रविंद्र कुमार पुत्र लखन सिंह रूपवास प्रथम रहे, अलगोजा में रामकुमार डीग प्रथम तथा कठपुतली में चंचल कुमारी करौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 1500 रूपये नकद पुरस्कार के साथ मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र दिए गए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सपरिवार डीग स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर से गोवर्धन पर्वत की लगभग 21 किलोमीटर की सप्तकोसीय परिक्रमा पूरी की। मुख्यमंत्री ने अन्य श्रद्धालुओं की तरह 'पांच दंडवती' (साष्टांग प्रणाम) लगाकर सप्तकोसीय परिक्रमा प्रारंभ की। इस दौरान उन्होंने मुखारविंद, मानसी गंगा एवं दानघाटी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की। परिक्रमा के दौरान स्थानीय नागरिकों, साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

# अजिताभ शर्मा, आलोक गुप्ता, दिनेश कुमार, राजेश यादव अतिरिक्त मुख्य सचिव बने

## राज्य सरकार ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर 61 आईएएस अधिकारियों की पदोन्नति की



आईएएस अजिताभ शर्मा



आईएएस आलोक गुप्ता



आईएएस दिनेश कुमार



आईएएस राजेश कुमार यादव

जयपुर, 31 दिसंबर (कासं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) के 1996 बैच के चार वरिष्ठ अधिकारी, अजिताभ शर्मा, आलोक गुप्ता, दिनेश कुमार और राजेश कुमार यादव को राज्य सरकार ने पदोन्नति देकर अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया है। उन्हें "अबोव सुपरटाइम वेतन श्रृंखला" से मुख्य सचिव वेतन शृंखला में पदोन्नत किया गया है। राज्य सरकार ने 31 दिसंबर को आदेश जारी कर राजस्थान के 61 आई.ए.एस. अधिकारियों को पदोन्नति दी है।

इसी प्रकार वर्ष 2001 बैच के आई.ए.एस. नवीन जैन और कृष्णकांत पाठक (केके पाठक) को सचिव से प्रमुख सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई है। इन्हें सुपर टाइम से अबोव सुपर टाइम वेतन शृंखला में पदोन्नत किया गया है।

इसी प्रकार वर्ष 2010 बैच के 11 आईएएस को चयन वेतन श्रृंखला से सुपरटाइम वेतन श्रृंखला में प्रमोशन दिया गया है। इनमें जयपुर कलेक्टर जितेन्द्र सोनी, प्रकाश राजपुरोहित, इंद्रजीत सिंह, नेहा गिरी, विश्व मोहन शर्मा, कन्हैयालाल स्वामी, नलिनी कठोतिया, राजेन्द्र विजय, शक्ति सिंह राठौड़, प्रज्ञा केवलरमानी और महावीर प्रसाद शामिल है।

इसी तरह वर्ष 2013 के बैच के 22 आईएएस अफसरों को आईएएस की जूनियर स्केल से सिलेक्शन स्केल में प्रमोट किया गया है। इनमें आशीष गुप्ता, नथमल डिडेल, नम्रता वृष्णि, कानाराम, अंशदीप, आलोक रंजन,



आईएएस के के पाठक



आईएएस नवीन जैन

निकया गोहाएन, अरविंद कुमार पोसवाल, प्रदीप के. गवांडे, महावीर प्रसाद मीणा, खजान सिंह, डॉ. रश्मि शर्मा, लक्ष्मी नारायण मंत्री, इकबाल खान, कल्पना अग्रवाल, डॉ. मनीषा अरोड़ा, पुष्पा सत्यानी, पुखराज सेन, श्रुति भारद्वाज, अरुण कुमार पुरोहित, मुकुल शर्मा और अजय सिंह राठौड़ शामिल है।

इसी तरह वर्ष 2017 बैच के 10 आई.ए.एस. अधिकारियों को आईएएस की वरिष्ठ वेतन श्रृंखला से कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला (लैवल 12) में पदोन्नत किया है। इनमें उत्सव कौशल, डॉ. गौरव सैनी, श्वेता चौहान, अवधेश मीणा, देवेन्द्र कुमार, सुशील कुमार, अक्षय गोदारा, श्रीनिधि बी.टी, डॉ. सौम्या झा और डॉ. महेन्द्र खड़गावत शामिल है।

इसी प्रकार वर्ष 2022 बैच के 12 आई.ए.एस. अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला से वरिष्ठ वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है। इनमें यक्ष चौधरी, प्रीतम कुमार, यशार्थ शेखर, डॉ. अंशु प्रिया, सक्षम गोयल, दिव्यांश सिंह, श्रद्धा गोमे, मोहित कासनिया, भैसारे शुभम अशोक, सोनिका कुमारी, श्रेष्ठा श्री और चारू शामिल है।

राज्य सरकार ने इसी आदेश में 7 अधिकारियों को पदोन्नत करके यथावत कार्यभार भी सौंपा है। आदेश के मुताबिक, अजिताभ शर्मा को अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग, दिनेश कुमार को अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशासनिक सुधार एंव समन्वय, जन अभियोग, निराकरण, मुद्रण एंव लेखन सामग्री विभाग का जिम्मा सौंपा है। इसी प्रकार राजेश कुमार यादव को महानिदेशक, हरीशचंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान एवं पदेन अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशिक्षण राजस्थान की जिम्मेदारी सौंपी है।

इसी तरह नवीन जैन को प्रमुख शासन सचिव, सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय, संपदा, स्टेट मोटर गैराज एवं नागरिक उड्डयन विभाग एवं पदेन चीफ ऑफ प्रोटोकॉल एवं महानिदेशक, नागारिक उड्डयन राजस्थान जयपुर एवं आवासीय आयुक्त नई दिल्ली का जिम्मा सौंपा है। नथमल डिडेल को वित्त (कर) विभाग में विशिष्ट शासन सचिव लगाया है। वहीं, अरविंद पोसवाल को मुख्यमंत्री का विशिष्ट सचिव बनाया है, वे पूर्व में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। इकबाल खान को आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, निःशक्तजन राजस्थान का कार्यभार सौंपा है।

- राज्य के 2010 बैच के आईएएस अधिकारियों को सुपर टाइम स्केल में प्रमोशन मिला है। इसी तरह 2013 बैच के 22 आईएएस अधिकारियों को सलैक्शन स्केल दिया गया है और 2017 बैच के 10 आईएएस अधिकारियों को कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई। वर्ष 2022 बैच के आईएएस अधिकारियों को वरिष्ठ श्रृंखला में प्रमोशन दिया।

# भारत ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बताया कि भारत में इस घटक (साल्ट) का प्रयोग सामान्य रूप से दर्द और बुखार में होता है। इसके उच्च खुराक के सेवन से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

यह सलाह स्वास्थ्य विशेषज्ञों की उन चिंताओं के बाद आयी, जिनमें रोगियों में लीवर को नुकसान पहुंचने की आशंका जतायी गयी थी। चिंताओं में चेतावनी दी गयी थी कि कुछ मामलों में यह घातक हो सकती है। भारतीय औषधि नियामक (सीडीएससीओ) ने भी केंद्र के फैसले का समर्थन किया है।

यह निर्णय हमारे देश में गिद्धों की घटती आबादी को लेकर पर्यावरणीय चिंताओं से पैदा हुआ। पैनल ने चेतावनी दी कि निमेसुलाइड गिद्धों के लिए खतरनाक है। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने संयुक्त रूप से पक्षियों की आबादी में ड्रग की सुरक्षा रिपोर्ट का परीक्षण करने के लिए अध्ययन किया। रिपोर्टों से पता चला कि जिन गिद्धों को निमेसुलाइड दी गयी, वे दवा देने के 24 घंटे के भीतर मर गये।

# राजकीय सम्मान के साथ खालिदा ज़िया का अंतिम संस्कार

## विदेश मंत्री जयशंकर ने रहमान को प्र.मंत्री मोदी का संवेदना पत्र दिया

ढाका, 31 दिसंबर। बंगलादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रहीं बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों की भारी भीड़ के बीच शाम करीब 4:30 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष एवं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को राजधानी के शेर-ए-बांग्ला नगर स्थित संसद भवन में उनके पति और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के निकट दफनाया गया। इस दुख की बेला पर हजारों लोगों ने उनके लिए दुआ की। प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान और बैतुल मुकर्रम मस्जिद के खतीब मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल मलेक ने 3:02 बजे माणिक मिया एवेन्यू पर जनाजे की नमाज पढ़ायी। बेगम जिया के दफन में शामिल होने की कुछ चुनिन्दा लोगों को ही इजाजत थी। इसमें उनके परिवार के सदस्य, वरिष्ठ राज्य अधिकारी, सरकारी अधिकारी, विदेशी मेहमान, राजनयिक और बीएनपी के वरिष्ठ राजनेता मौजूद थे। उनके दफन में मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस, चुनिंदा बीएनपी नेता, अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेता और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री के आखिरी सफर में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के प्रतिनिधि और अन्य विदेशी गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। इससे पहले जयशंकर ने बेगम खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान से निजी रूप से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र सौंपा।

- बेगम ज़िया की सुपुर्द-ए-ख़ाक रस्म म कुछ ही लोगों को मौजूद रहने की इजाज़त दी गई थी। भारत तथा एशिया के कुछ अन्य देशों के प्रतिनिधि खालिदा ज़िया की अंतिम यात्रा में मौजूद थे।

# अजित पवार ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है। इस सूची में मलिक परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं - मलिक के भाई कप्तान मलिक वार्ड नंबर 165 से, उनकी बहन डॉ. सईदा मलिक वार्ड नंबर 168 से और भतीजी बुशरा मलिक वार्ड नंबर 170 से चुनाव लड़ेंगी। मलिक परिवार कुर्ला-अणुशक्ति नगर क्षेत्र में प्रभावी है।

उल्लेखनीय है कि मलिक को 23 फरवरी 2022 को एन्फोर्समेन्ट डायरेक्ट्रेट (ईडी) ने प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी पाकिस्तान स्थित अंडरवर्ल्ड डॉन और 1993 के सीरियल बम विस्फोटों के मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहीम की गतिविधियों से जुड़ी मनी लॉन्डरिंग जांच से संबंधित थी। प्रवर्तन निदेशालय ने मलिक पर कुर्ला दाऊद इब्राहीम की गवाला बिल्डिंग की संपत्ति खरीदने का आरोप लगाया था।

संपत्ति की पावर ऑफ अटॉर्नी सरदार शाह वली खान, जो 1993 के बम धमाके मामले में सजा काट रहा है, और सलीम पटेल, जो दाऊद इब्राहीम की स्व. बहन हसीना पार्कर का प्रतिनिधि था, के नाम थी। ईडी का मामला एनआईए द्वारा दाऊद इब्राहीम-मनी लाउंड्रिंग मामले में दर्ज एफआईआर के बाद आया था। 11 अगस्त 2023 को, सुप्रीम कोर्ट ने मलिक को मैडिकल ग्राउण्ड पर जमानत दे दी थी, और तीन दिन बाद, उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।

# इंदौर में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दूषित पानी पीने से 12लोगों की मौत के मामले में हाई कोर्ट में बुधवार को जनहित याचिका दायर की गई, जिसकी सुनवाई के बाद कोर्ट ने 2 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट प्रशासन से मांगी है।

जहरीले पानी के मामले में जनहित याचिका वकील रितेश इनानी ने दायर की है। एक अन्य याचिका पूर्व पार्षद महेश गर्ग और प्रमोद द्विवेदी ने दायर की है। एडवोकेट द्वारा दायर याचिका में इसमें दोषी अफसर के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि आम आदमी की जान के साथ अफसरों ने लापरवाही की। मामले के दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने सरकार से इस मामले की 2 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा है। एडवोकेट इनानी ने बताया कि कोर्ट ने पीड़ितों का निशुल्क इलाज करने के निर्देश भी दिए हैं।

# दिल्ली ने सबसं ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डिग्री से ज्यादा की गिरावट देखी गयी। इस वजह से मौसम विभाग ने बुधवार के लिए 'कोल्ड डे' की चेतावनी जारी की।

दिनभर आसमान में घने बादल छाये रहे और धूप नहीं निकलने से ठंड और ज्यादा महसूस की गयी। ठंडी हवाओं ने सुबह से ही लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली और आसपास के इलाकों में यह ठंड बढ़ी है।

# सेवाकाल की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सेवा की गणना भी उसी दिन से होनी चाहिए थी। राज्य सरकार की मनमानी से उसे सेवा परिलाभ देरी से दिए गए और इस कारण वह अपने साथी शिक्षकों से पिछड़ गई। इसलिए उसकी प्रथम नियुक्ति तिथि से ही सेवा काल की गणना करते हुए समस्त परिलाभ दिए जाएं। मामले की सुनवाई करते हुए हुए अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह याचिकाकर्ता को समस्त सेवा परिलाभ प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना कर अदा करे।

# 'ऑपरेशन सिंदूर में मध्यस्थता पर चीन का दावा भारत के साथ मज़ाक'

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था। पार्टी ने इसे भारत के साथ मजाक करार दिया और कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया, ये दावे उसके विपरीत है और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को चीन के दावों को चिंताजनक बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही बार-बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है और इस पर मोदी की चुप्पी बेहद परेशान करने वाली है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस बारे में चार जुलाई को उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा, "ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत असल में चीन का सामना कर रहा था और उससे लड़ रहा था। चूंकि चीन निर्णायक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा था, ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के चीन के दावे चिंताजनक हैं और यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वे देश की जनता को दी गई जानकारी के उलट हैं, बल्कि इसलिए भी कि वे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मज़ाक बनाते प्रतीत होते हैं।" कांग्रेस नेता ने कहा, "इस दावे को चीन के साथ हमारे संबंधों के संदर्भ में भी समझा जाना चाहिए, क्योंकि भारत ने चीन से बातचीत शुरु कर दी है, लेकिन दुर्भाग्य से बातचीत चीन के शर्तों पर हो रही है।

- कांग्रेस ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को इसके लिए जवाब देना चाहिए

# 'यूक्रेन, रूस का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और क्षेत्र बढ़ना चाहिए और रूस खुद को साम्राज्य मानता है।"यह चेतावनी क्रेमलिन की बढ़ती विद्रोही बयानबाजी के बीच आई है। अपने वार्षिक टेलीविजन प्रश्नोत्तर सत्र में, पुतिन ने आगे सैन्य कार्रवाई से इनकार करने से मना कर दिया और कहा कि बीबीसी रूस केवल तभी तनाव को बढ़ने से रोकेगा, यदि पश्चिम "सम्मान" दिखाए और मॉस्को के हितों को स्वीकार करे। उन्होंने फिर से नाटो के पूर्वी विस्तार को एक विवाद का कारण बताया और पश्चिमी शक्तियों पर धोखाधड़ी और उकसावे का आरोप लगाया। पुतिन ने यूरोपीय नेताओं पर भी दोष मढ़ते हुए कहा कि उन्होंने "यह स्थिति खुद बनाई है" और जानबूझकर रूस के साथ युद्ध के डर को बढ़ावा दे रहे हैं। पहले के बयान में, उन्होंने यूरोपीय संघ के नेताओं को अवसरवादी बताते हुए कहा कि वे रूस के पतन से लाभ उठाने के लिए इंतजार कर रहे हैं। शांति वार्ताओं के ठप्प होने, सैन्य योजनाओं के तेज़ी से लागू होने और परमाणु-संभावित तनावों के बीच, बुडानोव का मूल्यांकन एक गंभीर संभावना को उजागर करता है कि यूक्रेन अंततः खेल का अंत नहीं हो सकता, बल्कि एक बहुत बड़े संघर्ष की शुरुआत भी हो सकता है, जो दुनिया को 1945 के बाद के सबसे खतरनाक युद्ध में खींच सकता है।

# सरकार ने वोडाफोन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समर्थन, नए पूंजी निवेश और परिचालन प्रदर्शन में सुधार पर निर्भर हैं।

कुछ हिस्सेदारों को उम्मीद थी कि कैबिनेट एजीआर कर्ज का एक हिस्सा या पूरी राशि माफ कर सकती है। इसके बजाय, सरकार ने मोरेटोरियम का विकल्प चुना, जो कंपनी को अपने संचालन को स्थिर करने के लिए समय देने वाला कदम माना जा रहा है

सूत्रों के अनुसार, फ्रीज़ किए गए कर्ज का पुनर्मूल्यांकन एक समिति द्वारा ऑडिट रिपोर्ट्स के आधार पर किया जाएगा और समिति का निर्णय दोनों पक्षों पर बाध्यकारी होगा। सूत्रों ने यह भी कहा कि कैबिनेट के फैसले सरकार के हितों की रक्षा के उद्देश्य से थे, खासकर क्योंकि अब सरकार के पास वोडाफोन आइडिया में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ये उपाय भी कर्ज की व्यवस्थित वसूली, दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने और कंपनी के लगभग 20 करोड़ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए उठाए गए थे।

वोडाफोन आइडिया को बचाने का निर्णय यह दिखाता है कि सत्ता में बैठी सरकार बड़े उद्योग और व्यापार की तरफ भारी झुकी हुई है, जबकि बेरोज़गारी, ग्रामीण संकट और बढ़ती कीमतों से जूझ रहे आम लोगों के प्रति इसकी पक्षपाती नीति आज के फैसले से साफ दिखाई देती है।

# ममता बजर्नी विधानसभा चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दरअसल ममता की रणनीति का एक मुख्य आधार ही कांग्रेस को तोड़कर अपनी पार्टी को मजबूत करना था, क्योंकि वे खुद भी कभी कांग्रेस में थीं और युवा नेता के रूप में उन्हें राजीव गांधी का विशेष समर्थन मिला था। ये राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने उन्हें पहली बार विदेश यात्रा पर भेजा था, जिसका जिक्र वे बाद में करती रहीं।

लेकिन जब उन्होंने अपनी नई पार्टी बनाई तो उन्होंने अपने मातृ संगठन से अलग होकर, कांग्रेस को तोड़कर, अपना संगठन खड़ा किया। अब, जबकि कांग्रेस लगभग मिट चुकी है, तो ममता ने कांग्रेस के वोट बैंक को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया, खासकर मुसलमानों के बीच।

इस रणनीति के तहत, ममता ने कई बार हदें पार कर दीं। कांग्रेस को हराने के बाद उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती वाम दलों, खासकर सीपीआई (एम), के मुस्लिम समर्थकों को अपने पाले में लाने की थी, जिसमें वह काफी हद तक सफल भी रहीं।

उनके कई अग्रिम पंक्ति के लड़ाके सीपीआई (एम) से आए हुए लोग थे, वे टूटकर आए थे, लेकिन बाद में वही लोग उनके लिए बोझ बन गए और उन्हें उनसे दूरी बनानी पड़ी। मुसलमानों को अपनी पार्टी में बड़ी संख्या में लाने के बाद अब उन्हें उतना फायदा नहीं मिल रहा, जितना पहले मिल रहा था।

उनके अधीन कई मुस्लिम नेता ममता की उम्मीद से ज्यादा महत्वाकांक्षी हो गए हैं और कुछ तो बगावती मूड में भी हैं। यह साफ नहीं है कि यह उनके खिलाफ असली विद्रोह है या सिर्फ दिखावा, लेकिन अब मुसलमान भी केवल छोटे-मोटे लाभों से संतुष्ट रहने के बजाय अपने राजनीतिक फायदे खुद तय करना चाहते हैं।

उनके ही एक बड़े और मजबूत नेता हुमायूं कबीर अब बहुत बड़े हो गए है और उन्होंने ममता को सीधी चुनौती दे दी है। उन्होंने अपनी अलग पार्टी बना ली है और मुसलमानों की निष्ठा अपने साथ होने का दावा कर रहे हैं। उनका आकलन है कि जब उनकी पार्टी मुस्लिम वोट खींच लेगी, तब वे राज्य में किंगमेकर की भूमिका निभाएंगे, क्योंकि कोई भी बड़ा दल अकेले सरकार बनाने की स्थिति में नहीं होगा।

हालांकि यह अभी शुरुआती दिन हैं और यह साफ नहीं है कि मुस्लिम वोट अलग-अलग दलों के बीच किस तरह बंटेंगे। कुछ लोग कह रहे हैं कि मुस्लिम वोटों का एक हिस्सा फिर से कांग्रेस और सीपीआई (एम) की ओर लौटेगा, जबकि कुछ का मानना है कि कई छोटे मुस्लिम दल इन वोटों को अपनी ओर खींच लेंगे।

इन बदलते हालात को देखते हुए ममता बनर्जी अब अपना दायरा बढ़ाने और पश्चिम बंगाल की मुख्यधारा के वोट बैंक, यानी बंगाली हिंदुओं की ओर फिर से लौटने की कोशिश कर रही हैं। हिंदू वोटरों का समर्थन पाने के लिए ममता खुलेआम हिंदू मतदाताओं को रिझाने वाले कदम उठा रही हैं। ममता ने पहले ही दीघा में, जो ओडिशा सीमा के पास बंगाल का प्रसिद्ध समुद्री तट है, एक भव्य जगन्नाथ मंदिर बनवाया है। इस मंदिर की संरचना काफी हद तक पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर जैसी है।

तथापि, कोई भी यह नहीं मानता कि यह मंदिर पुरी के मूल मंदिर की बराबरी कर सकता है। ममता ने दीघा के इस मंदिर का प्रबंधन इस्कॉन को सौंप दिया है। लेकिन इतना ही नहीं, आगे भी वो बहुत कुछ कर रही हैं।

कल ही उन्होंने राज्य के पॉश न्यू टाउन इलाके में "दुर्गांगन" परियोजना का शिलान्यास किया। बंगाल में दुर्गा से जुड़ी हर चीज का गहरा भावनात्मक असर होता है और अब उन्होंने हिंदुओं को आकर्षित करने के लिए दुर्गा मंदिर और पार्क की इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की है।

लेकिन यह कार्यक्रम कई तरह के विवाद में फंस गया है। दुर्गा मंदिर के लिए चुनी गई जमीन को मुसलमानों की जमीन बताया गया और मुसलमानों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी, जिसके बाद अदालत ने निर्माण पर रोक लगा दी और आनन-फानन में मंदिर स्थल बदलना पड़ा।

निश्चित रूप से यही उनकी चुनावी रणनीति का अंत नहीं हो सकता। वे इस समय दो नावों पर सवार हैं, जो लगभग असंभव काम है। लेकिन उनका राजनीतिक कौशल दूसरे सभी खिलाड़ियों की मिली-जुली संपूर्ण काबिलियत से कहीं ज्यादा है।

- अब ममता जी ने दीघा के समुद्र तट पर विशाल जगन्नाथ मंदिर बनाया है, पुरी के जगन्नाथ मंदिर के समान। वे नये आधुनिक, नये शहर, न्यू टाउन में भी "दुर्गांगन" का निर्माण करा रही हैं। दीघा स्थित नए जगन्नाथ मंदिर का संचालन उन्होंने इस्कॉन को सौंप दिया है।
- क्या ममता बनर्जी दो घोड़ों, हिंदू व मुसलमान वोट बैंक, पर एक साथ सवारी करने का असंभव काम कर पाएंगी या धरातल पर गिर जाएंगी इस प्रयास में। अब तक वे अपनी राजनीतिक चतुराई से अपना हर लक्ष्य प्राप्त करती आई हैं। पर, इस बार शायद कुछ बड़ा ही ग्रास मुंह में रख लिया है, जिसे चबाना बहुत कठिन लग रहा है।

# संघ की मदद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आलोचकों और विश्लेषकों द्वारा इस अपील को, विशेषकर जनसांख्यिकी एवं सांस्कृतिक मुद्दों पर, भाजपा-आरएसएस के वैचारिक नैरेटिव के साथ जुड़ने का प्रयास माना जा रहा है। नायडू की पार्टी, टीडीपी औपचारिक रूप से भाजपा के संगठनात्मक ढांचे से बाहर भले ही है, लेकिन नायडू के ये कदम और उनका असर आसानी से अनदेखे नहीं किये जा सकते।

दिल्ली में भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने इस उभरते समीकरण को भागवत और नायडू के बीच एक "संतुलन साधने का प्रयास" बताया है, और कहा कि दोनों पक्ष आंतरिक अस्थिरता के बीच संवाद बनाए रखने में रुचि रखते हैं। विभिन्न सूत्रों के अनुसार, भाजपा के उच्च नेतृत्व के कुछ हिस्से हाल के संगठनात्मक निर्णयों से नाखुश हैं, विशेष रूप से एक अपेक्षाकृत अल्पज्ञात नितिन नबीन, जो बिहार के 45 वर्षीय विधायक हैं, को बिना व्यापक परामर्श के पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस फैसले के बारे में आरएसएस को भी अंतिम समय में ही सूचित किया गया था, जब निर्णय लिया जा चुका था। इन घटनाक्रमों ने भाजपा के भीतर नेतृत्व के उत्तराधिकार को लेकर असंतोष की चर्चा को हवा दी है।

पार्टी की आगे की राह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराधिकारी के सवाल पर चुपचाप बहस चल रही है। नायडू का नाम अब, कम से कम एक काल्पनिक विकल्प के रूप में, अनौपचारिक चर्चाओं में उभरने लगा है।

नायडू के करीबी सूत्रों का कहना है कि वे भाजपा-आरएसएस पारिस्थितिकी तंत्र में हो रहे मंथन पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। उनके एक साथी ने कहा, "सभी विकल्प खुले हैं" और बताया कि अगर परिस्थितियाँ अनुकूल रहीं, तो नायडू एक बड़ी राष्ट्रीय भूमिका निभाने से परहेज नहीं करेंगे। भाजपा के कुछ अंदरूनी सूत्र, सतर्कता के साथ, कहते हैं कि यदि पार्टी एक संक्रमणकालीन या आम सहमति वाले नेता की तलाश करती है, तो नायडू के नाम पर एक अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में विचार किया जा सकता है, ताकि भाजपा को दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद मिल सके।

फिलहाल, यह सब केवल अनुमान हैं, न कि ठोस योजनाएं। फिर भी, राजनीति में, धारणाएं अक्सर वास्तविकता से पहले आती हैं। आरएसएस की ओर बढ़ रहे नायडू के कदमों, और भाजपा के आंतरिक असंतोष की वजह से आंध्र प्रदेश के नेता एक बार फिर राष्ट्रीय चर्चा का हिस्सा बन गए हैं, इस बार संघ से उनकी निकटता का असर आंध्र प्रदेश से कहीं आगे तक जाएगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908



ख्वाजा के भविष्य के बारे में मुझसे कोई बातचीत नहीं हुई है और मैंने बाहरी अटकलों को खारिज कर दिया।

**- माइकल वॉन**

**इंग्लैंड के पूर्व कप्तान,** ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी**

## डेमियन मार्टिन



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेमियन मार्टिन कोमा में हैं और पिछले कुछ दिनों से बीमार होने के बाद मेनिनजाइटिस का इलाज करवा रहे हैं। 54 वर्षीय खिलाड़ी को अचानक तबीयत खराब होने के बाद ब्रिस्बेन के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एडम गिलक्रिस्ट, जो ऑस्ट्रेलिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया दोनों के लिए मार्टिन के करीबी दोस्त और लंबे समय से टीम के साथी रहे हैं, ने परिवार की ओर से इस बात की पुष्टि की। गिलक्रिस्ट ने कहा, ''उन्हें सबसे अच्छा इलाज मिल रहा है और (मार्टिन की पार्टनर) अमांडा और उनके परिवार को पता है कि बहुत से लोग उनके लिए प्रार्थना और शुभकामनाएं भेज रहे हैं।''

**क्या आप जानते हैं ?...** 31 जनवरी 2025 तक,भारत ने 1058 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 559 मैच जीते हैं और 445 हारे हैं; 10 मैच टाई रहे और 44 मैचों का कोई परिणाम नहीं निकला।

## राशिद खान करेंगे टी-20 विश्वकप में अफगानिस्तान की कप्तानी



**काबुल,** 31 दिसंबर। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि राशिद खान आगामी टी-20 विश्व कप में 15 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करेंगे।

चयनकर्ताओं ने कंधे की चोट से उबर चुके नवीन-उल-हक को राष्ट्रीय टीम में जगह दी है वहीं गुलबदीन नायब भी आगामी टी-20 विश्व कप के लिए टीम में लौट आए हैं। नवीन ने आखिरी टी-20 मैच दिसंबर 2024 में खेला था। जिम्बाब्वे सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम का हिस्सा रहे शराफुद्दीन अशरफ, फरीद अहमद मलिक, बशीर अहमद और एजाज अहमद अहमदजई को टीम से बाहर कर दिया गया। विश्व कप के लिए अफगानिस्तान को ग्रुप डी में रखा गया है, जिसमें उनके अलावा न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई और कनाडा भी हैं। उनका अभियान आठ फरवरी को चेन्नई में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा। विश्व कप से पहले यह 15 खिलाड़ियों की टीम 19 जनवरी से यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी।

**टी-20 विश्वकप के लिए अफगानिस्तान टीम:** राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, अब्दुल्ला अहमदजई, सेदिकुल्लाह अटल, फजलहक फारूकी, रहमानुल्लाह गुरबाज, नवीन उल हक, मोहम्मद इशाक, शाहिदुल्लाह कमाल, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, अजमतुल्लाह उमरजई, मुजीब उर रहमान, दरवेश रसूलि और इब्राहिम जादरान।

## जयपुर की दिव्यांशी जैन ने जीता स्कॉटिश ओपन का खिताब

जयपुर, 31 दिसम्बर। जयपुर की प्रतिभाशाली स्क्वैश खिलाड़ी दिव्यांशी जैन ने मंगलवार को एडिनबर्ग में स्कॉटिश ओपन स्क्वैश में गर्ल्स अंडर-



13 कैटेगरी का खिताब जीत लिया। दिव्यांशी का एक माह के भीतर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दूसरा खिताब है। इससे पूर्व उन्होंने इसी माह कुआलालंपुर ओपन में भी खिताबी जीत दर्ज की थी।

दिव्यांशी ने मंगलवार को टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में भारत की ही शनाया परसरामपुरिया को सीधे सेटों में 11-5, 11-9, 11-5 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश एकेडमी की संचालक सुरभि मिश्रा ने बताया कि अंडर-13 कैटेगरी में देश की नम्बर एक खिलाड़ी दिव्यांशी को टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता दी गई और उन्होंने इसे सही साबित करने हुए अपने खिताबी सफर में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले राउण्ड में स्कॉटलैंड की जेसिका क्रेग को सीधे सेटों में 11-3, 11-5, 11-2 से हरा अपने अभियान की शुरुआत की। दिव्यांशी ने दूसरे राउण्ड में इंग्लैंड की सारा इब्राहिम को 11-1, 11-3, 11-6 से, तीसरे राउण्ड में कतर की जोय मकारयुस को 11-3, 11-2, 11-4 से और चौथे राउण्ड में स्कॉटलैंड की टालिन बेडायर को 11-0, 11-2, 11-0 से हरा फाइनल में जगह बनाई थी।

## काम्या कार्तिकेयन साउथ पोल तक स्कीइंग करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। भारतीय नौसेना के एक अधिकारी की 18 साल की बेटी काम्या कार्तिकेयन ने साउथ पोल तक स्कीइंग करके इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं। काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके, अपने पूरे एक्सपेडिशन का सामान ले जा रही स्लेज को खींचते हुए, स्कीइंग करते हुए ज्योग्राफिक साउथ पोल तक पैदल लगभग 115 किमी का सफर तय किया। उन्होंने 27 दिसंबर को यह मुश्किल अभियान पूरा किया। इस शानदार उपलब्धि को हासिल करने के लिए उन्होंने अंटार्कटिका की मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया, जिसमें तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक गिरना और तेज तूफानी हवाएं शामिल थीं।

## प्रो रेसलिंग लीग 2026 के लिए नीलामी तीन जनवरी को

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। भारतीय कुश्ती महासंघ ( डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत भारत की प्रमुख फ्रेंचाइज़ी-आधारित पेशेवर कुश्ती लीग, प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्लूएल), अपने बहुप्रतीक्षित पांचवें सीजन की औपचारिक शुरुआत करने जा रही है। लीग ने आधिकारिक खिलाड़ी नीलामी की तारीख 3 जनवरी 2026 (शनिवार) घोषित कर दी है। नीलामी से पहले, लीग ने उन छह फ्रेंचाइज़ी के नामों का भी खुलासा किया है जो पीडब्लूएल 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह छह वर्षों के अंतराल के बाद लीग की वापसी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है।

# आईसीसी ने भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट के लिए ईडन गार्डन्स पिच को संतोषजनक बताया

दुबई, 31 दिसंबर। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स पिच को संतोषजनक रेटिंग दी है। इस मैदान पर 14 नवंबर से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट खेला गया था, और मैच तीन दिनों के अंदर खत्म हो गया, जिसमें भारत को मेहमान टीम से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सतह की कोई निंदा नहीं हुई।

''यह बिल्कुल वैसी ही पिच थी जिसकी हम तलाश कर रहे थे। यह बिल्कुल वैसी ही पिच है और मुझे लगता है कि क्यूरेटर बहुत, बहुत मददगार थे। और हम बिल्कुल यही चाहते थे। और हमें बिल्कुल यही मिला। जब आप अच्छा नहीं खेलते हैं, तो ऐसा ही होता है,'' भारत के कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम के 30 रनों से हारने के बाद कहा था, जब वे 124 रनों का पीछा करने में नाकाम रहे। हालांकि, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुवाहाटी पहुंचने पर गंभीर की बात का खंडन किया - जो दूसरे टेस्ट का स्थान था, उन्होंने कहा कि कोई भी कोलकाता जैसी पिच नहीं चाहता था।

पिच ने पहले दिन से ही तेज टर्न दिया, और दक्षिण अफ्रीका के ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर को मैच में 51 रन देकर आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हालांकि, भारतीय स्पिनर वैसा प्रभाव नहीं डाल पाए, जिससे शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।

सौरव गांगुली ने ऐसी सतह चुनने के लिए भारतीय टीम मैनेजमेंट की आलोचना की। पूर्व भारतीय कप्तान को लगा कि टीम में इतनी प्रतिभा है कि वह अत्यधिक सहायता वाली पिचों के बजाय खेल के लिए अच्छी पिचों पर सफल हो सकती है। उन्होंने कहा, ''अच्छी विकेटों पर खेलें। मुझे उम्मीद है कि गौतम गंभीर सुन रहे होंगे। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं... लेकिन उन्हें अच्छी विकेटों पर खेलना चाहिए। क्योंकि उनके पास (जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज, (मोहम्मद) शमी, कुलदीप (यादव) और (रवींद्र) जडेजा हैं।'' गुवाहाटी में दूसरा और आखिरी टेस्ट काफी बेहतर पिच पर खेला गया, और मैच पूरे पांच दिन चला। हालांकि, भारत वह टेस्ट भी हार गया और सीरीज़ 0-2 से गंवा दी। उस जगह की पिच को बहुत अच्छी रेटिंग दी गई थी।

# कार्लसन ने रिकॉर्ड नौवां टाइटल जीता, एरिगैसी को कांस्य पदक




दोहा, 31 दिसंबर। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने मंगलवार को यहां वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर अपने शानदार कैंपेन का अंत किया, जबकि वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज टाइटल जीता।

22 साल के एरिगैसी को सेमीफ़ाइनल में युवा उज़्बेक ग्रैंडमास्टर नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से 2.5-0.5 से भारी हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा।

इस हार के बावजूद, यह मेडल भारतीय खिलाड़ी के लिए एक बड़ी कामयाबी थी, जिन्होंने इस हफ़्ते की शुरुआत में रैपिड चैंपियनशिप में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता था, और विश्वनाथन आनंद के बाद ओपन कैटेगरी में वर्ल्ड ब्लिट्ज मेडल जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए।

भारतीय खिलाड़ी ने लीग स्टेज में शानदार 15 पॉइंट्स के साथ टॉप किया था, जिसमें उन्होंने अपने आखिरी छह गेम में से चार जीते और दो ड्रॉ किए, और अकेले लीडर बने। लेकिन, वह सेमीफ़ाइनल में शुरुआती मौकों को भुना नहीं पाए, और सफ़ेद मोहरों से दबाव बनाने के बावजूद पहला गेम हार गए।

अब्दुसत्तोरोव ने फिर एक लंबे एंडगेम मुकाबले के बाद दूसरा गेम जीतकर मैच पर अपनी पकड़ मज़बूत कर ली, और फिर जल्दी से ड्रॉ करके फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

टाइटल मुकाबले में, मैग्नस कार्लसन ने एक बार फिर इस फ़ॉर्मेट में अपनी बादशाहत दिखाई, अब्दुसत्तोरोव को 2.5-1.5 से हराकर दो दिन पहले हासिल किए गए रैपिड गोल्ड मेडल में नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज क्राउन जोड़ा।

# गिल, राहुल और जडेजा जनवरी में विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। नए साल में विजय हजारे ट्रॉफी में और भी स्टार पावर आने वाली है। इंटरनेशनल खिलाड़ी शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और केएल राहुल घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी राज्य टीमों में शामिल होंगे, जबकि राष्ट्रीय टीम अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज की तैयारी कर रही होगी।

क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि इन खिलाड़ियों ने अपने अनिवार्य घरेलू प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वीएचटी के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है।

टेस्ट और वनडे कप्तान गिल से उम्मीद है कि वह पंजाब के लिए 3 और 6 जनवरी के मैच खेलेंगे, जो उन दिनों जयपुर में सिक्किम और गोवा से भिड़ेंगे। पंजाब, जो ग्रुप सी में पावरहाउस मुंबई के साथ है, तीन मैचों में दो जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उन्हें जल्द ही भारतीय टीम में शामिल होने के लिए राज्य टीम छोड़नी होगी, जिसके 7-8 जनवरी को बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी) के लिए इकट्ठा होने की उम्मीद है। पता चला है कि जडेजा ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को बताया है कि वह 6 और 8 जनवरी को सर्विसेज और गुजरात के खिलाफ मैच खेलेंगे। सौराष्ट्र टीम फिलहाल कर्नाटक के अलूर में अपने लीग मैच खेल रही है। उन्होंने तीन मैचों में एक जीत हासिल की है और आठ टीमों के ग्रुप में छठे स्थान पर हैं, जिसमें ऋषभ पंत की दिल्ली टीम भी शामिल है। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन तुरंत यह पुष्टि नहीं कर सका कि राहुल कौन से मैच खेलेंगे, लेकिन सूत्रों से पता चला है कि उनके 3 और 6 जनवरी को अहमदाबाद में त्रिपुरा और राजस्थान के खिलाफ मैच खेलने की संभावना है। कर्नाटक ग्रुप ए में तीन मैचों में 100 प्रतिशत जीत के रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर है। इस बीच, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने कन्फर्म किया है कि यशस्वी जायसवाल जयपुर पहुंच गए हैं और उम्मीद है कि वह बुधवार (31 दिसंबर) को गोवा के खिलाफ मुंबई का मैच खेलेंगे। जायसवाल कुछ समय के लिए बीमार थे और उन्हें पहले तीन मैच छोड़ने पड़े थे, और यह लेफ्ट-हैंडेड ओपनर गोवा के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं। मुंबई ग्रुप सी में तीन जीत के साथ टॉप पर है। रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली और पंत तक, ज़्यादातर इंटरनेशनल खिलाड़ी - जसप्रीत बुमराह को छोड़कर - विजय हजारे ट्रॉफी (वीएचटी) में अपनी घरेलू ज़िम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आए हैं, जिसमें बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) ने हिस्सा लेना जरूरी कर दिया है। बुमराह एक खास मामला हैं क्योंकि बीसीसीआई देश के मुख्य गेंदबाज पर ज़्यादा वर्कलोड डालने से बच रहा है। कोहली, जिन्होंने दो मैच खेले हैं, 6 जनवरी को दिल्ली के मैच के लिए वापस आएंगे, जिसकी कप्तानी पंत कर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ने दिल्ली के लिए सभी वीएचटी मैच खेलने का वादा किया है।

## गेंदबाजों, लिन के दम पर एडिलेड स्ट्राइकर्स ने ब्रिस्बेन हीट को धो डाला

एडिलेड, 31 दिसंबर। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिस्बेन हीट को सात विकेट से हराकर नए साल की पूर्व संध्या पर अपने लंबे समय से चले आ रहे अपशगुन को तोड़ दिया। एक शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन और क्रिस लिन की बेहतरीन पारी की मदद से उन्होंने 122 रनों के मामूली लक्ष्य को लगभग छह ओवर शेष रहते हासिल कर लिया, जिससे वे बिग बैश लीग स्टैंडिंग में टॉप-चार में पहुंच गए।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद, एडिलेड के फैसले का तुरंत फायदा मिला क्योंकि उनके तेज गेंदबाजों ने हीट के टॉप ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया। मेहमान टीम पहले छह ओवरों में 5 विकेट पर 21 रन बनाकर मुश्किल में पड़ गई, जिससे सूरज डूबने से पहले ही मैच लगभग खत्म हो गया था। लियाम स्कॉट और जेमी ओवरटन इस पतन के मुख्य सूत्रधार थे। स्कॉट विशेष रूप से प्रभावशाली रहे, उन्होंने अपने चार ओवरों में 2 विकेट पर 12 रन के शानदार आंकड़े के साथ गेंदबाजी समाप्त की, जबकि ओवरटन ने 19 रन पर 3 विकेट लिए।

हीट की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब उनके खतरनाक बल्लेबाज मैट रेनशॉ आउट हो गए, जिन्हें लिन की शानदार डायरेक्ट-हिट फील्डिंग से क्रीज से बाहर रन आउट कर दिया गया। आधी टीम पवेलियन लौट जाने के बाद, हीट को एक मुश्किल पुनर्निर्माण चरण में जाना पड़ा। ह्यूग वेइबगेन और मैथ्यू कुह्नमैन ने कुछ देर तक संघर्ष किया, जिससे टीम तिहरे अंक तक पहुंच गई। वेइबगेन के जुझारू 28 रन और कुह्नमैन के 22 गेंदों में नाबाद 31 रन - जिसमें तीन छक्के शामिल थे - ने हीट को एक ऐसा स्कोर दिया जिसका वे कम से कम बचाव करने की कोशिश कर सकते थे। हालांकि, स्ट्राइकर्स के गेंदबाजों ने कभी भी दबाव कम नहीं होने दिया, और आखिरकार मेहमान टीम को अपनी पारी में दो गेंद शेष रहते 121 रन पर ऑल आउट कर दिया।

## दीप्ति शर्मा टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी

तिरुवनंतपुरम, 31 दिसंबर (वार्ता) ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय टी-20 में महिला और पुरुष वर्ग दोनों में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई है।

दीप्ति ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पांचवें अंतरराष्ट्रीय टी-20 में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उन्होंने 2016 में पर्दापण के बाद से 133 मैचों में अपना 152वां टी-20 विकेट लेकर यह मुकाम हासिल किया। इसी के साथ दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में पाकिस्तान की निदा डार 144 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। रवांडा की हेनरीट इशिम्वे 117 मैचों में 144 विकेट के साथ चौथे तथा इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 101 मैचों 142 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर है। इस उपलब्धि के साथ ही दीप्ति शर्मा महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के झूलन गोस्वामी के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रही हैं। दीप्ति के पास (टेस्ट में 20, एकदिवसीय में 162 और टी-20 में 152 विकेट) सहित कुल 334 विकेट हैं, जबकि गोस्वामी ने (टेस्ट में 44, एकदिवसीय में 255, टी-20 में 56 विकेट) कुल 355 विकेट के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट 335 विकेट के साथ दीप्ति से ठीक आगे हैं।

# सरफराज के तूफानी शतक से मुंबई ने गोवा को 87 रनों से हराया

जयपुर, 31 दिसंबर। सरफराज खान (157) की तूफानी शतकीय, मुशीर खान (60) और हार्दिक तामोरे (53) की अर्धशतकीय पारियों के बाद शार्दुल ठाकुर (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत मुंबई ने बुधवार को एलीट ग्रुप सी मुकाबले में गोवा को 87 रनों से शिकस्त दी।

444 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोवा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने चार विकेट 120 के स्कोर तक गंवा दिये। अर्जुन तेंदुलकर (24), कश्यप बखाले (21), स्नेहल कौथनकर (27) और सुयश प्रभुदेसाई (31) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद मध्यम क्रम के बल्लेबाज ललित यादव और अभिनव तेजराणा ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिए 113 रनों की साझेदारी हुई। 40वें ओवर में सिल्वेस्टर डिसूजा ने ललित यादव को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। ललित यादव ने 66 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 64 रनों की पारी खेली।

गोवा का छठा विकेट अभिनव तेजराणा के रूप में गिरा। अभिनव तेजराणा ने 70 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्के उड़ाते हुए 100 रन बनाये। इसके बाद 48वें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने राजाशेखर हरिकांत (आठ) और दर्शन मिसाल (एक) को अपना शिकार बना लिया। 50वें ओवर में कप्तान दीपराज गांवकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुये। गोवा की टीम निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 357 रन ही बना सकी और 87 रनों से मुकाबला हार गई।

मुंबई के लिए शार्दुल ठाकुर ने तीन विकेट लिये। यशस्वी जायसवाल ने गोवा के दो महत्वपूर्ण विकेट झटके। तुषार देशपांडे, मुशीर खान और सिल्वेस्टर डिसूजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।







**बीसीसीआई विजय हजारे ट्रॉफी (राजस्थान- केरल मैच) केरल जीती :** जयपुर में महराष्ट्र, पंजाब, छत्तीसगढ़ जीती, राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर में खेली जा रही बीसीसीआई विजय हजारे टॉफी के मैचों का परिणाम व राजस्थान - केरल मैच : - अहमदाबाद में आज विजय हजारे ट्रॉफी के राजस्थान - केरल मैच में राजस्थान के करण लाम्बा का शतक। केरल जीती। राजस्थान पारी 343/7, करण लाम्बा नाबाद 119 ( 131 गेंद, 6 चौक्के, 4 छक्के ), दीपक हूडा 86 (83 गेंद, 4 चौक्के, 6 छक्के), आदित्य सिंह 25, अजय कुकना 23, मानव सुथार 21 रन। केरल पारी 348/8, टीम के लिए बाबा अपराजित 126, कृष्णा 53, ऐडहन टॉम नाबाद 40, विष्णु 28, अज़हरुद्दीन 28, अंकित शर्मा 27 रन। राजस्थान के गेंदबाज अनिकेत चौधरी 67/4, मानव सुथार 45/2, अशोक शर्मा 71/1 विकेट। सवाई मान सिंह स्टेडियम छत्तीसगढ़ - सिक्किम मैच ( छत्तीसगढ़ जीती ), छत्तीसगढ़ पारी 355 / 3, सिक्किम पारी 126 आल आउट। के एल सैनी स्टेडियम पंजाब - हिमाचल मैच (पंजाब जीती ), हिमाचल पारी 221 आल आउटपंजाब पारी 223/4,

**अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान - बिहार** के मध्य प्रदेश के मुरैना में खेला जा रहा मैच ड्रा समाप्त, राजस्थान को पहली पारी में बढ़त। राजस्थान पहली पारी 184 आल आउट। टीम के लिए शौर्य मेहरा नाबाद 51, यश शर्मा 40 रन। बिहार के गेंदबाज विवेक 51/6 व मनदीप 49/2 विकेट। बिहार पहली पारी 131आल आउट। राजस्थान के गेंदबाज शोभाग सिंह 41/5, शौर्य 16/2 व रोहन 27/2 विकेट। राजस्थान दूसरी पारी 158/2, टीम के लिए शिफॉन खान 100, गौरव सैनी 44 रन।

## ओ एन दीक्षित जिला बैडमिंटन में वर्षा सिंह ने अंडर 17 बालिका वर्ग की प्रथम वरीयता को हराया

जयपुर, 31 दिसम्बर। ओ एन दीक्षित जिला बैडमिंटन में आज वर्षा सिंह ने अंडर 17 बालिका वर्ग की प्रथम वरीयता आराध्या ढींगरा को कड़े संघर्ष भरे तीन गेमों में दूसरेराउंड में हराकर बाहर किया।

जिला सचिव सचिव मनोज दासोत ने मुख्य अतिथि यश समिति के अध्यक्ष आशीष सराफ तथा समाजसेवी पराग लश्करी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

वही अंडर 11 बालिका वर्ग एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रथम वरीयता राशि सिंघल ने हानिका को नितिशा गॉड ने मालविका को गीताश्री टाक ने दीपावली को तथा दूसरी वरीयता की रूहानी यादव ने निशिका नाग को क्वार्टर फाइनल में हरा सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

**अंडर 11 बालक एकल** में नैतिक बंसल, आर्यन अग्रवाल, अक्षित ,हिमाक्ष ,शिव चौहान ,आदित्य वत्स, मेहुल




शर्मा , लक्षित रेवार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे।

**बालक वर्ग अंडर 13 एकल** में अनीश चाहर मुदित पांडे ,प्रणव मूलचंदानी, पूनया मिगलानी ,बोररूद्दीन हसन, नैतिक बंसल , वैदेह जैन और मानवेंद्र क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। **अंडर 13 बालिका वर्ग एकल** में पद्मजा सिंह ,गौरिका गोयल , मोहिका कौशल ,माही सैनी ,नितिशा गोड ,आराध्या बिश्नोई, काहिरा आर्य और हनिका क्वार्टर फाइनल में पहुंचे वहीं अंडर 15 बालक व बालिका।

वर्ग के 16-16 खिलाड़ी प्री क्वार्टर में पहुंचे **अडर 17 बालक एकल** के मैच देर रात तक जारी रहे प्रतियोगिता सचिव अतुल गुप्ता के अनुसार कलअंडर 11 ,13 ,15 ,17 ,19में बालक बालिका वर्ग के एकल मैच खेले जाएंगे। तथापुरुष वर्ग के भी मैच कल शाम से प्रारंभ हो जाएंगे । अतुल गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि ललित भारद्वाज ,रोहित अजमेरा, विवेक शर्मा का स्वागत किया।

## मानिनी भारतीय महिला 50 मीटर प्रोन राइफल टीम की अगुवाई करेंगी


जयपुर, 31 दिसम्बर। मानिनी एक बार फिर 2 फरवरी से 14 फरवरी तक नई दिल्ली के डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में होने वाली एशियन राइफल पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में भारतीय महिला 50 मीटर प्रोन राइफल टीम की अगुवाई करेंगी। इस इवेंट में नेशनल रैंकिंग में नंबर एक होने के नाते, वह चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के लिए मुख्य खिलाड़ी होंगी। मानिनी ने अगस्त 2025 में कजाकिस्तान के शिमकेंट में हुई पिछली एशियन चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई की थी, जहाँ वह व्यक्तिगत इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने में कामयाब रहीं और टीम के लिए सिल्वर मेडल जीतने में भी अहम भूमिका निभाई ।



## जनवरी 2022 से दिसम्बर 2023 तक के आवेदन नहीं करने वालों को एक और मौका

जयपुर, 31 दिसम्बर। राजस्थान क्रीड़ा सहायता अनुदान नियम, 2022 के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रदान की जाने वाली क्रीड़ा सहायता अनुदान योजना के अंतर्गत पात्र खिलाड़ियों को एक और अवसर प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। संयुक्त शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि पूर्व में आवेदन वर्ष 01 जनवरी 2022 से दिसम्बर 2023 तक की उपलब्धियों हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 निर्धारित की गई थी। अब उन खिलाड़ियों के हित में, जो किसी कारणवश समय पर आवेदन नहीं कर सके थे, अनुदान पोर्टल को पुनः खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि इस निर्णय के अंतर्गत 01 जनवरी 2022 से आज दिनांक तक की पात्र खेल उपलब्धियों के लिए खिलाड़ी दिनांक



31 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह कदम खिलाड़ियों की सुविधा एवं व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जिससे कोई भी पात्र खिलाड़ी इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।

श्रीमती नीतू बारूपाल ने बताया कि पात्र खिलाड़ी राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अधिकृत अनुदान पोर्टल https://rssc.in पर जाकर निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश पोर्टल पर उपलब्ध हैं।




सेगमेंट में पहली बार ऐसे फ़ीचर्स#

हाई इंटेंसिटी पोज़िशन लैम्प के साथ LED हेडलाइट

हैज़र्ड लाइट विंकर

SMS और कॉल अलर्ट के साथ ब्लूटूथ

इको इंडिकेटर के साथ फुली डिजिटल मीटर

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ˜Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of Splendor+ in Rajasthan.

अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सर्राफ ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेढ़: किरण मोटर्स, 9314039090, झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292, प्रताप नगर: आनंद मोटर्स 9773343232.

RS/Hero/06/25